वैशाख शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 16 मई 2024
वर्ष 34, अंक 109, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



डब्ल्यूएचओ ने डेंगू के दूसरे टीके को दी मंजूरी 16

आगामी प्रोजेक्ट के लिए कर रहे हैं डबिंग बाबिल 2

## सीएए के तहत 14 लोगों को मिली भारत की नागरिकता

नई दिल्ली, एजेंसी

- गैर मुस्लिम प्रवासियों को सौंपे गए प्रमाणपत्र
- केंद्रीय गृहमंत्री ने इसे ऐतिहासिक दिन बताया

संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के तहत नागरिकता प्रमाणपत्रों का पहला सेट बुधवार को जारी करने के साथ 14 लोगों को भारत की नागरिकता प्रदान की गई। इसके साथ ही पड़ोसी देशों में प्रताड़ना के शिकार होकर भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देने की प्रक्रिया शुरू हो गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक दिन करार देते हुए कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न का सामना करने वाले लोगों का दशकों पुराना इंतजार खत्म हो गया है।

केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने 14 लोगों को प्रमाण पत्र सौंपे। आम चुनावों के बीच यह कदम उठाया गया है। सीएए को 31 दिसंबर 2014 तक या उससे पहले भारत आए बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में प्रताड़ना के शिकार गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करने के लिए दिसंबर 2019 में लाया गया था।

## स्लोवाकिया के पीएम को मारी गई गोली, हालत नाजुक



**ब्रातीस्लावा (स्लोवाकिया)।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको को कई गोली मारी गई है। उनकी हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। उनकी फेसबुक प्रोफाइल पर दी गई जानकारी के अनुसार उन्हें हेलीकॉप्टर द्वारा बैंस्का बायस्ट्रिका ले जाया गया। स्लोवाकिया की एक न्यूज एजेंसी के अनुसार यह घटना राजधानी से लगभग 150 किमी दूर उत्तर-पूर्व में हैंडलोवा शहर में हुई। फिको (59) को कई गोली मारी गई है।

## अल्पसंख्यकों के लिए 15 प्रतिशत बजट चाहती है कांग्रेस

नासिक, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-धर्म के आधार पर आवंटन मंजूर नहीं
- महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन



मुंबई में रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह केंद्र सरकार के बजट का 15 प्रतिशत हिस्सा अल्पसंख्यकों को आवंटित करना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने धर्म के आधार पर बजट को बांटने और नौकरियों या शिक्षा में आरक्षण की अनुमति नहीं देने का संकल्प लिया।

उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच केंद्र में सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस ने बजट का 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों पर खर्च करने की योजना बनाई थी जो कि उसका 'पसंदीदा वोट बैंक' है, लेकिन भाजपा के कड़े विरोध के कारण उसने प्रस्ताव छोड़ दिया। उत्तर महाराष्ट्र में नासिक जिले के पिंपलगांव बसवंत में महायुति उम्मीदवारों केंद्रीय मंत्री भारती पवार (भाजपा) और हेमंत गोडसे (शिवसेना) के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट को धार्मिक आधार पर बांटना एक खतरनाक विचार है।

उन्होंने कहा कि हम सभी को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देते हैं। लेकिन कांग्रेस धर्म के आधार पर बजट का बंटवारा और वितरण चाहती है। उन्होंने धर्म के आधार पर देश को बांटा और आज भी वह यही कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान निर्माता बाबासाहेब आंबेडकर नौकरियों और शिक्षा में धर्म आधारित आरक्षण के सख्त खिलाफ थे।

### नकली शिवसेना का कांग्रेस के सामने आत्मसमर्पण

उद्धव ठाकरे नेतृत्व वाली पार्टी पर हमला बोलते हुए भाजपा नेता ने कहा कि 'नकली शिवसेना' ने कांग्रेस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार का नाम लिए बिना मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन के एक नेता को पता है कि कांग्रेस बुरी तरह हार रही है। इसलिए उन्होंने सुझाव दिया कि छोटे दलों का कांग्रेस में विलय कर देना चाहिए ताकि इसे मुख्य विपक्षी दल का दर्जा मिल सके।

### एक नजर

#### रुपे कार्डधारकों को सात देशों में मिलेगा कैशबैक

**नई दिल्ली।** रुपे क्रेडिट व डेबिट कार्डधारकों को अमेरिका, जापान, कनाडा, स्पेन, स्विटजरलैंड, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात में खरीदारी पर 25 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। रुपे ने बुधवार को कहा कि ऑफर अवधि में रुपे कार्ड का उपयोग करने वालों को उक्त देशों में डिस्कवर नेटवर्क या डायनर्स क्लब इंटरनेशनल नेटवर्क पर पॉइंट-ऑफ-सेल खरीदारी करने पर 25 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। ऑफर 15 मई से 31 जुलाई तक है।

#### 27 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 20 वर्षीय एक अविवाहित युवती की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें 27 सप्ताह के गर्भ को नष्ट करने देने की अनुमति मांगी गई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि गर्भ में पल रहे भ्रूण का भी जीवन का मौलिक अधिकार है। न्यायमूर्ति बी.आर.गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह आदेश महिला की अर्जी की सुनवाई के दौरान पारित किया जिसने तीन मई को दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा गर्भपात कराने की अनुमति देने से इनकार किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता के वकील के मुताबिक पीठ ने कहा कि हम कानून के विरोधाभासी आदेश पारित नहीं कर सकते।

## मोदी जितना राहुल-सोनिया को गाली देते हैं, उतना राम का नाम भी नहीं लेते

### प्रेसवार्ता में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उठाए सवाल

**इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर 10 किलो मिलेगा अनाज**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



प्रेस कांफ्रेंस में बोलते मल्लिकार्जुन खरगे साथ में हैं अखिलेश यादव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को यहां ताज होटल में एक संयुक्त पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाने पर रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को बहुत कुछ दिया है। गांधी, नेहरू, आंबेडकर समेत सभी ने बहुत कुछ देश को दिया लेकिन, आप भाषण में मटन, चिकन, मंगलसूत्र जैसे मुद्दे ला रहे हैं। अगर वोट लेना है तो अपने काम पर लो न, क्यूं बिन मुद्दे की बात कर रहे हो? खरगे ने कहा, पीएम मोदी ने उतना राम का नाम नहीं लिया होगा, जितना उन्होंने राहुल-सोनिया, कांग्रेस को गालियां दीं हैं।

खरगे ने कहा, प्रधानमंत्री 400 पार बोल रहे हैं, पर उनका धन्यवाद कि वो 600 पार नहीं बोल रहे हैं। मैं शर्त लगाता हूं कि वो 200 पार नहीं कर रहे हैं। खरगे ने कहा कि अभी तक चार चरण के चुनाव हो चुके हैं इसमें इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है। देश ने पीएम मोदी की विदाई तय कर दी है। उन्होंने कहा कि, इंडिया गठबंधन 4 जून को सरकार बनाने जा रहा है।

### हम उप्र. में 79 सीटें जीत रहे : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने संयुक्त प्रेसवार्ता में कहा कि इंडिया गठबंधन के लिए जो जनसमर्थन दिखाई दे रहा है, उससे साफ है कि आने वाले समय में 140 करोड़ के देश की जनता भाजपा को 140 सीटों के लिए तरसा देगी। भाजपा के रथ का चक्का न सिर्फ फंस गया है बल्कि धंस गया है इसलिए उनकी भाषा बदली है। अखिलेश ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन उप्र. में 79 सीटें जीत रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी का नाम लिए बगैर अखिलेश ने तंज कसा कि क्योटो में गठबंधन लड़ाई में है। सपा प्रमुख ने कहा कि चौथे चरण का चुनाव खत्म हो गया है। भाजपा का झूठ जितना पहाड़ चढ़ना था, चढ़ चुका है।

### योगी बोले, सच बोलने की आदत डालें खरगे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में उप्र. में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सलाह दी कि उन्हें सच बोलने की आदत डाल लेनी चाहिए। योगी बुधवार को कई जिलों में आयोजित चुनावी जनसभाओं के लिए बुधवार सुबह निकलने से पहले सरकारी आवास पर एक न्यूज एजेंसी से बात कर रहे थे। योगी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह देश को मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर बांटती रही है। खरगे जी ने हाल ही में भगवान शिव और प्रभु राम के बीच लड़ाई लगाने का कुत्सित प्रयास किया है। ये इनकी क्षुद्र मानसिकता है। योगी ने अखिलेश यादव पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने बाबा साहब और सामाजिक न्याय के पुरोधाओं का लगातार अपमान किया है।

**मुख्यमंत्री योगी ने उरई, महोबा में जनसभाओं को संबोधित किया**

## बुंदेलखंड की तोप सीमा पर गरजती है तो ढीली हो जाती है पाकिस्तानियों की पैंट

संवाददाता, महोबा\ जालौन



महोबा डाक बंगला मैदान में आयोजित जनसभा में लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी, हमीरपुर- महोबा सीट से प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल व अन्य। ● अमृत विचार

- कहा, पाकिस्तान की तरफदारी करने वाले वहीं क्यों नहीं चले जाते
- आज हर घर नल योजना-नहरों के जरिये मिल रहा भरपूर पानी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को हमीरपुर और जालौन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी की बात की तो डिफेंस कॉरिडोर में बनने वाले रक्षा उत्पादों से लोगों को गर्व की अनुभूति कराया। हमीरपुर डाक बंगला मैदान में उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड वीरों की धरती है। बुंदेलखंड की तोप जब सीमा पर गरजती है तो पाकिस्तान की पैंट ढीली हो जाती है। बोले कि पाकिस्तान की तरफदारी करने वाले लोग हमारे देश पर बोझ क्यों बने हैं, वह पाकिस्तान क्यों नहीं चले जाते। पाकिस्तान में एक-एक किलो आटे के लिए मारपीट हो रही है, लोग भूखों मर रहे हैं। सीएम योगी ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ झांसी में रोड शो भी किया।

भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के समर्थन में जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की आबादी उत्तर प्रदेश के बराबर है। वह भारत से कभी भी युद्ध करने की हिम्मत नहीं कर सकता है। जब-जब उसने भारत को आंख दिखाने का प्रयास किया, उसे चारों खाने चित कर दिया गया। 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश का तेजी से विकास हुआ है। पूर्व की सरकारों ने बुंदेलखंड के लोगों के साथ खिलवाड़ किया है। यहां भू माफिया, वन माफिया, खनन माफिया का राज रहा है लेकिन भाजपा की सरकार आने के बाद माफिया प्रदेश से भाग गए। हर घर जल योजना के तहत लोगों को पानी मिल रहा है। नहरों के जरिए सिंचाई का पानी खूब मिल रहा है। अब बुंदेलखंड का कोई बुंदेला प्यासा नहीं रहने वाला है।

उरई स्थित जीआईसी मैदान में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आतंकवाद, नक्सलवाद का अंत हो गया है। बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार जालौन के कालपी नगर का कागज उद्योग देश में परचम लहरा रहा है। यह चुनाव रामभक्तों और राम विरोधियों के बीच में हो रहा है। उन्होंने जालौन-गरौठा सीट से प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा को जिताने की अपील की।

## राम मंदिर की प्रतिष्ठा दोबारा की जाएगी : शंकराचार्य

अलवर, एजेंसी



- राजनीतिक कार्यक्रम था जनवरी में की गई प्राण प्रतिष्ठा

जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिष्ठा दोबारा की जाएगी, जनवरी माह में की गई प्राण प्रतिष्ठा एक राजनीतिक इवेंट था। ज्योतिष पीठाधीश्वर अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने यह बात बुधवार को अलवर में पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि धर्म शास्त्रों में यह कहीं भी नहीं लिखा कि अधूरे मंदिर की प्रतिष्ठा की जाए, राम मंदिर का अभी 30 फीसदी निर्माण कार्य हुआ है, ऐसे में प्रतिष्ठा नहीं की जानी चाहिए, अब इसकी दोबारा प्रतिष्ठा होगी। देश-विदेश का कोई भी पंडित यह बता दे कि अधूरे मंदिर की प्रतिष्ठा की जा सकती है। उन्होंने कहा की प्रतिष्ठा शब्द को धूमिल किया गया है, ऐसा नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि अगर लाभ लेना था, तो इस पर कोई भी कार्यक्रम करा सकते थे और दूसरे शब्दों का उपयोग किया जा सकता था।

## झारखंड के मंत्री आलम को ईडी ने किया गिरफ्तार



**रांची।** झारखंड में ईडी ने दूसरे दिन बुधवार को छह घंटे की पूछताछ के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया है।

ईडी ने मंत्री के पीएस संजीव लाल के सहयोगी के ठिकानों से मिले 35 करोड़ 23 लाख रुपये कैश मामले में पूछताछ के लिए उन्हें समन किया था। इसे लेकर मंगलवार को लगभग नौ घंटे की पूछताछ के बाद फिर से दूसरे दिन बुधवार को उन्हें बुलाया गया था।

## यूपी संशोधन अधिनियम में अग्रिम जमानत पर रोक नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत के प्रावधानों को स्पष्ट किया

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत के प्रावधानों को स्पष्ट करते हुए कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता का संशोधित अधिनियम 2018 आईपीसी की धारा 376 (3) के तहत दर्ज मामले के आरोपी को गिरफ्तारी से पहले जमानत देने पर रोक नहीं लगाता है बल्कि इस अधिनियम ने सीआरपीसी की धारा 438 के तहत मिलने वाली अग्रिम जमानत के प्रावधान को पुनर्जीवित किया है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकलपीठ ने साढ़े 17 वर्षीय कृष्णा को सशर्त अग्रिम जमानत देते हुए की।

लड़के पर 16 वर्षीय लड़की के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया गया था। हालांकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि पीड़िता के बयानों और मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार जांच अधिकारी ने घटना को झूठा पाया है। जमानत आवेदन का विरोध करते हुए सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि आईपीसी की धारा 376 (3) के तहत अपराध में गिरफ्तार आरोपी को सीआरपीसी की धारा 438 की उपधारा (4) गिरफ्तारी-पूर्व जमानत देने से रोकती है।

## न्यूजक्लिक के संस्थापक पुरकायस्थ की गिरफ्तारी अवैध

- सुप्रीम कोर्ट ने दिया रिहा करने का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत एक मामले में न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी को बुधवार को अवैध करार दिया और उन्हें रिहा करने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने पाया कि 4 अक्टूबर, 2023 के रिमांड आदेश के पारित होने से पहले पुरकायस्थ या उनके वकील को गिरफ्तारी के आधार के बारे में लिखित रूप से संचार की कथित कवायद में रिमांड आवेदन की प्रति प्रदान नहीं की गई थी।

## जंगल की आग काबू करने में उत्तराखंड का रवैया उदासीन

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता, मुख्य सचिव को किया तलब

उच्चतम न्यायालय ने उत्तराखंड सरकार के प्रति कड़ी नाराजगी जताते हुए बुधवार को कहा कि यह कहते हुए कष्ट हो रहा है कि जंगल की आग को नियंत्रित करने में राज्य का रवैया उदासीन रहा है। न्यायमूर्ति बीआर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव को 17 मई को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति एसवीएन. भाटी और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की सदस्यता वाली पीठ ने कहा कि हालांकि कई कार्य योजनाएं तैयार की जाती हैं, लेकिन उनके कार्यान्वयन के लिए कोई कदम नहीं उठाया जाता। शीर्ष अदालत ने राज्य के वन विभाग में बड़ी संख्या में रिक्तियों के मुद्दे का भी जिक्र किया और कहा कि इस मामले पर ध्यान देने की जरूरत है। शीर्ष अदालत उत्तराखंड में जंगलों में आग लगने की घटनाओं को लेकर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

## उपहारों की सूची बनाएं, उस पर वर-वधू के हस्ताक्षर भी कराएं

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- दहेज के एक मामले में हाईकोर्ट ने दिए महत्वपूर्ण आदेश

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दहेज के एक मामले पर सुनवाई करते हुए अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धारा 3(2) के तहत विवाह में मिले उपहारों की एक सूची बनानी चाहिए और उस पर दूल्हा और दुल्हन के हस्ताक्षर भी करवाने चाहिए, जिससे शादी के बाद दोनों पक्ष और उनके परिवार के सदस्य दहेज लेने या दहेज देने का झूठा आरोप न लगा सकें।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की एकलपीठ ने अंकित सिंह व तीन अन्य द्वारा दाखिल 482 की अर्जी पर सुनवाई के दौरान सुझाव देते हुए पारित किया। कोर्ट ने मामले को आगामी 23 मई के लिए सूचीबद्ध करते हुए कहा कि भले ही पक्षकार उपहारों की सूची का रखरखाव न कर रहे हों, लेकिन न्यायालय को आज तक यह भी नहीं बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 3(2) को कैसे लागू किया जा रहा है।

कोर्ट ने आगे बताया कि दहेज प्रतिषेध (वर-वधू भेंट सूची) नियम, 1985 के नियम 2 के तहत उपहारों की सूची को बनाए रखने के तरीके को निर्धारित किया गया है। हालांकि विधायिका ने विवाह के समय दूल्हा और दुल्हन को मिलने वाले उपहारों को 'दहेज' की परिभाषा से मुक्त रखा है, लेकिन दूल्हा और दुल्हन के लिए नियमों के अनुसार उपहारों की सूची बनाना आवश्यक बताया है, क्योंकि यह सूची भविष्य में दहेज के आरोपों को खत्म करने के लिए एक उपाय के रूप में काम करेगी।

**सेवा में झोल** — टोल फ्री नंबर पर नहीं उठाई जाती कॉल , पशुओं के मरने के बाद पहुंचती है मोबाइल वेटरनरी यूनिट

## कागजों पर दौड़ रही 1962 सेवा, दम तोड़ रहे पशु-पक्षी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ



- गंभीर बीमारी व हादसा होने पर भी फोन पर देते हैं परामर्श, मंत्री ने कहा- कराई जाएगी जांच

**अमृत विचार :** प्रदेश में पशुपालन विभाग की 1962 सेवा के नाम कंपनियां पशु-पक्षियों की जान से खिलवाड़ कर कमाई करने में लगी हैं। एक वर्ष से ज्यादा होने पर टोल फ्री नंबर 1962 में सुधार नहीं हो पाया है। फोन तक नहीं उठाया जाता और यदि किसी तरह यदि कॉल उठी भी तो एक्सीडेंट या अन्य गंभीर बीमारियों पर टेलीकॉलर मौके पर मोबाइल वेटनरी यूनिट (एंबुलेंस) भेजने की बजाय ज्यादातर केस फोन पर परामर्श देकर हल करते हैं। बहुत कम मामलों में मोबाइल यूनिट पहुंचती है, देरी के कारण पशुओं की मौत हो जाती है। इस तरह के मामले रोजाना ही सामने आ रहे हैं। फिर भी कागजों पर सब ठीक चल रहा है। वहीं, पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने जांच कराने की बात कही है।

### एक लाख पशुओं पर एक एंबुलेंस

यह केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका काफी मार्च 2023 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हरी झंडी दिखाकर संचालन किया था। प्रदेश को पांच जोन में बांटकर 100 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की कुल 520 एंबुलेंस दी गई हैं। एक कंपनी को एक जोन का संचालन मिला है। एक लाख पशुओं पर एक एंबुलेंस हैं। लेकिन, जिलों पर जो एंबुलेंस दी गईं उनमें आधी उपचार और आधी गांव-गांव सेवा का प्रचार करती हैं। एक एंबुलेंस पर आउटसोर्स से आए एक पशु चिकित्सक, मल्टी टास्क पर्सन व एक चालक है। एंबुलेंस में ऑपरेशन तक की व्यवस्था है। लेकिन चिकित्सक सर्जरी तक नहीं कर पाते हैं।

1962 सेवा की संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब करेंगे और जांच कराएंगे। लापरवाही पर कार्रवाई करेंगे। उन्नाव मामले पर सीवीओ से जानकारी कर गाय के उपचार के लिए निर्देशित करेंगे। - **धर्मपाल सिंह**, पशुपालन मंत्री

कंट्रोल रूम पर कॉल रिसीव करने वालों की संख्या कम है और कॉल ज्यादा आती है। इसलिए समस्या है। सभी जगह एंबुलेंस पहुंचती हैं। जो कमियां हैं वह संज्ञान लेकर दूर कर रहे हैं। - **डॉ. पीएन सिंह**, निदेशक रोग नियंत्रण, पशुपालन

### लापरवाही के उदाहरण

**केस 1 :** 8 मई को अमरोहा सदर में रामलीला मैदान के पास एक गाय के पेट में बच्चा मरने पर वहां के मनोज द्वारा की गई 1962 पर कॉल नहीं लगी। डीएम और अपर निदेशक पशुपालन के हस्तक्षेप पर सरकारी डॉक्टरों की टीम भेजी गई।

**केस 2 :** 9 मई को फतेहपुर के सदर और खागा में एक बंदर बीमार व दूसरा एक्सीडेंट से घायल हो गया था। वहां के सुमित द्वारा 1962 पर की गई कॉल नहीं उठी। डीएम के संज्ञान में आने पर टीम भेजकर उपचार कराया।

**आज का मुकाबला**

हैदराबाद सनराइजर्स

बनाम

गुजरात टाइटंस

शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 13 | 22 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 13 | 661 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

## आज सनराइजर्स के सामने गुजरात

हैदराबाद, एजेंसी

प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाने के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेआफ में जगह बनाने के लिए गुरुवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ एक जीत की जरूरत है जबकि गुजरात की टीम प्रतिष्ठा के लिए ही खेलेगी।

पैट कमिंस की टीम की नजरें हालांकि शीर्ष दो में जगह पक्की करने पर लगी है। उन्हें इसके बाद एक मैच और खेलना है और उनका नेट रनरेट भी प्लस 0.406 है। सनराइजर्स के 12 मैचों में 14 अंक है और वह अधिकतम 18 अंक हासिल कर सकती है जिससे शीर्ष दो में उसकी जगह पक्की हो जाएगी। इस मुकाबले से पहले सनराइजर्स को एक सप्ताह का ब्रेक मिला है जिससे वे तरोताजा होकर मैदान पर लौटेंगे। इसके अलावा आठ मई को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के बाद उसके हौसले वैसे भी बुलंद है।

दूसरी ओर 13 में से सिर्फ पांच मैच जीत सकी गुजरात के 11 अंक ही हैं और वह जीत के साथ विदा लेना चाहेगी। पूर्व कप्तान हार्दिक पंड्या के इस सत्र में मुंबई इंडियंस के पास लौटने के बाद गुजरात की टीम में संतुलन नजर नहीं आया। पंड्या ने 2022 की खिताबी जीत और पिछले साल फाइनल तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई थी। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पिछला मैच बारिश में धुल गया लेकिन गेंदबाजों ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहले तीन ओवर में तीन विकेट लेकर उम्मीद जगाई थी।



## पंत बेहतरीन कप्तान, समय के साथ निखरेगा : गांगुली

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली का मानना है कि ऋषभ पंत एक बेहतरीन कप्तान है और समय तथा अनुभव के साथ कप्तानी में निखार आएगा।



दिसंबर 2022 में भयावह कार हादसे के शिकार हुए पंत ने आईपीएल के इसी सत्र से मैदान पर वापसी की है। गांगुली ने कहा पंत युवा कप्तान है और वह समय के साथ सीखेगा। जिस तरह चोट से वापसी के बाद उसने पूरा सत्र खेला, हमें आफ सीजन के दौरान इसका यकीन नहीं था। आईपीएल अब दस टीमों का हो गया है और भारतीय क्रिकेटर महत्वपूर्ण हैं। मुझे खुशी है कि उसने वापसी करके पूरा सत्र खेला। मेरी शुभकामनाएं उसके साथ है। कोई भी पहले दिन से महान कप्तान नहीं होता। वह भी सीख रहा है और समय के साथ बेहतर होगा।

## आईपीएल प्रदर्शन से अभिषेक को भारत के लिए खेलने में मिलेगी मदद : एडेन

नई दिल्ली, एजेंसी



सनराइजर्स हैदराबाद के दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी एडेन मार्करम का मानना है कि आईपीएल में अभिषेक शर्मा के बेहतरीन फॉर्म से उन्हें भविष्य में भारत के लिये खेलने में मदद मिलेगी।

आईपीएल के मौजूदा सत्र में 200 के ऊपर के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए शर्मा ने 12 मैचों में 401 रन बनाए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड के साथ मिलकर हाल ही में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 166 रन का लक्ष्य दस से भी कम ओवर में हासिल कर लिया था। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मार्करम ने कहा अभिषेक ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने पिछले सत्रों में भी सकारात्मक संकेत दिये थे और इस सत्र के अपने प्रदर्शन से भविष्य में भारत के लिये खेल सकेगा। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम को लेकर चल रही बहस के बीच मार्करम ने कहा कि टीम में अतिरिक्त बल्लेबाज के आने से टीमों को आक्रामक खेलने में मदद मिली है। जब आपके पास एक अतिरिक्त बल्लेबाज होता है तो आप अधिक आजादी के साथ खेल सकते हैं। पारी की शुरूआत से ही सलामी बल्लेबाज खुलकर खेल सकते हैं। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से यह सहूलियत मिली है और नए तरीके का टी-20 क्रिकेट देखने को मिला है।

# पंजाब किंग्स ने राजस्थान को 144 पर रोका

## घरेलू मैदान पर पराग ने खेली 48 रनों की शानदार पारी, सैम, चाहर और हर्षल ने झटके दो-दो विकेट





यशस्वी जयसवाल का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते कप्तान सैम कुरेन। ● एजेंसी

गुवाहाटी, एजेंसी

रियान पराग (48) और रवि अश्विन के (28) रनों की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 65वें मैच में पंजाब किंग्स को जीत के लिए 145 रनों का लक्ष्य दिया है।

बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रायल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में यशस्वी जयसवाल (4) का विकेट गवां दिया। उन्हें सैम करन ने आउट किया। टॉम कोहलर और कप्तान संजू सैमसन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में नेथन एलिस ने संजू सैमसन (18) को आउट कर पंजाब को दूसरी सफलता दिलाई। अगले ओवर में राहुल चाहर ने टॉम कोहलर (18) को पवेलियन भेज दिया। रवि अश्विन ने 19 गेंदों में 28 रन बनाए। ध्रुव जुरेल (शून्य), रोवमन पॉवेल (4), डॉनोवन फरेरा (7), ट्रेंट बोल्ट (12) रन बनाकर आउट हुए। रियान पराग ने 34 गेंदों में छह चौकों की मदद से सर्वाधिक 48 रन बनाए। राजस्थान ने 20 ओवरों में 9 विकेट पर 144 रन का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से सैम कुरेन, राहुल चाहर और हरप्रीत बराड ने दो-दो विकेट लिए। अर्शदीप सिंह और नाथन एलिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

**राजस्थान 144/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 02

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जयसवाल बोल्ड सैम कुरेन | 4 | 4 | 1/0 |
| टॉम कोहलर कैच जीतेश बो राहुल चाहर | 18 | 23 | 2/1 |
| संजू सैमसन कैच राहुल चाहर बो नाथन | 18 | 15 | 3/0 |
| रियान पराग पगबाधा हर्षल | 48 | 34 | 6/0 |
| आर अश्विन कैच शशांक बो अर्शदीप | 28 | 19 | 3/1 |
| ध्रुव जुरैल कैच हरप्रीत बो सैम कुरेन | 0 | 1 | 0/0 |
| रोमन पावेल कैच/बो राहुल चाहर | 4 | 5 | 1/0 |
| डोनोवन फेरेरा कैच रुसो बो हर्षल | 7 | 8 | 0/0 |
| ट्रेंट बोल्ट रनआउट शशांक/बेयरस्टो | 12 | 9 | 2/0 |
| आवेश खान नाबाद | 3 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** सैम कुरेन 3-0-24-2, अर्शदीप सिंह 4-0-31-1, नेथन एलिस 4-0-24-1, हर्षल पटेल 4-0-28-2, राहुल चाहर 4-0-26-2, हरप्रीत बराड 1-0-10-0

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 | 0 | +0.349 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | 0 | +0.528 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | 0 | +0.406 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | +0.387 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | -0.787 |
| गुजरात (बा) | 13 | 5 | 7 | 11 | 1 | -1.063 |
| मुंबई (बा) | 13 | 4 | 9 | 8 | 0 | -0.271 |
| पंजाब (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | 0 | -0.423 |

**खेल डायरी**

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन में आगे बढ़े, प्रणय हारे



**बैंकॉक।** भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में मलेशिया के नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और तान वी कियोंग को हराकर पुरूष युगल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि एच एस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 34 मिनट में 21-13, 21-13 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चीन के शि हाओ नान और जेंग वेइ हान से होगा। वहीं प्रणय को हमवतन मेराबा लुवांग मेसनाम ने हराया। अब मेराबा का सामना डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसेन से होगा जिन्होंने भारत के किरण जॉर्ज को मात दी।

### 11 जून से शुरु होगा आईएल टी-20, खेलेंगे अंबाती

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर, वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन और आंद्रे रसेल जैसे दुनिया भर के स्टार खिलाड़ी 11 जनवरी से नौ फरवरी 2025 तक संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएल टी20) के तीसरे सत्र में हिस्सा लेंगे। आयोजकों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। भारत के अंबाती रायुडू भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। वह घरेलू क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं और इस टूर्नामेंट में खेलने के पात्र हैं। रायुडू अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में भी खेलते हैं। आईएल टी20 में 34 मैचों का आयोजन किया जाएगा जो तीन स्थलों अबु धाबी, दुबई और शारजाह में खेले जाएंगे।

### अंजुम, ऐश्वर्य ओलंपिक क्वालीफिकेशन ट्रायल में शीर्ष पर पहुंचे

**भोपाल।** अंजुम मुद्गिल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने ओलंपिक चयन ट्रायल टी3 क्वालीफिकेशन दौर में महिलाओं और पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस क्वालीफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया। नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग पोजिशंस में 20 शॉट के बाद अंजुम का स्कोर 600 में से 592 था। वहीं ऐश्वर्य ने 590 स्कोर किया। पांच निशानेबाजों का फाइनल गुरुवार को होगा। महिलाओं की थ्री पोजिशन में भारत की नंबर एक निशानेबाज और विश्व रिकॉर्डधारी सिफत कौर सामरा दूसरे स्थान पर रही। आशी चौकसी, निश्छल और श्रियांका साडंगी 585 स्कोर करके उनके बाद रहीं। पुरूषों की थ्री पोजिशंस में स्वप्निल कुसाले 587 का स्कोर करके दूसरे स्थान पर रहे।

### स्क्वाश चैंपियनशिप में जोशना, अभय और वेलावन ने जीते स्वर्ण

**चेन्नई।** जोशना चिनप्पा, अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय युगल स्क्वाश चैम्पियनशिप में अपने वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किये। यह प्रतियोगिता 17 साल बाद शुरू की गई है। राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अभय ने वेलावन के साथ मिलकर राहुल बैठा और सूरज चंद को 2-0 (11-4, 11-8) से मात दी। फिर 25 साल के इस खिलाड़ी ने जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिश्रित युगल वर्ग का भी स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। अभय और जोशना ने हरिंदर पाल सिंह संधू और रथिका सीलन की जोड़ी को 2-1 (10-11, 11-2, 11-9) से हराया।

### अर्जुन ने शारजाह मास्टर्स में सफरली को हराया



**शारजाह।** दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी ने यहां शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में अजरबेजान के एल्ताज सफरली को हराकर अच्छी शुरुआत की। भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिताम्बरम और पी इनियान ने 52,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के इस टूर्नामेंट में क्रमश: हमवतन भरत सुब्रमण्यम और ईरान के ईरानी पौया को हराकर जीत से शुरुआत की। भारतीय मूल के संयुक्त राज्य अमेरिका के अभिमन्यु मिश्रा और इंग्लैंड के श्रेयस ने भी जीत हासिल की। अभिमन्यु ने कजाखस्तान के राजा ऋत्विक और श्रेयस ने रिनात जुमाबायेव को मात दी।

## मेदवेदेव इटैलियन ओपन से बाहर



**रोम।** गत चैंपियन दूसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव अमेरिका के टॉमी पॉल से 1-6, 4-6 से हारकर इटैलियन ओपन टेनिस से बाहर हो गए। इससे पहले दस बार के चैंपियन राफेल नडाल और शीर्ष रैंकिंग वाले नोवाक जोकोविच भी हारकर बाहर हो चुके हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने नुनो बोर्गेस हराया और अब वह टेलर फ्रिट्स से खेलेंगे। फ्रिट्ज ने ग्रिगोर दिमित्रोव को मात दी। अलेजांद्रो ताबिलो ने कारेन खाचानोव को हराया। अब वह झांग झिझेन से खेलेंगे जिन्होंने थियागो मोंटेइरो को मात दी। पॉल का सामना दूसरे दौर में नडाल को हराने वाले सातवीं वरीयता प्राप्त हुबर्ट हुरकाज से होगा जिन्होंने सेबेस्टियन बाएज को हराया। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने मेडिसन कीज को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ से होगा जिन्होंने किंवेन झेंग को हराया।

### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी इटालियन ओपन से बाहर

**रोम।** भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी एटीपी इटैलियन ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में स्थानीय जोड़ी सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी से हारकर बाहर हो गई। एक घंटे 13 मिनट तक चले मुकाबले में उन्हें 2-6, 4-6 से पराजय झेलनी पड़ी। उन्होंने पहले दौर में वाइल्ड कार्डधारी मात्तेओ अर्नाल्डी और फ्रांसिस्को पासारो को हराया था। बोपन्ना और एबडेन इस महीने की शुरूआत में मैड्रिड मास्टर्स से भी पहले दौर में बाहर हो गए थे। उन्होंने साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता था।

## ट्रायल की चिंता करूं या ओलंपिक की तैयारी करूं : अमन सहरावत

नई दिल्ली, एजेंसी



पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले एकमात्र भारतीय पुरुष पहलवान अमन सहरावत इस बात से नाखुश हैं कि खेलों की तैयारी पर अपना ध्यान लगाने की जगह उन्हें अब भी एक और ट्रायल के लिए वजन घटाने के बारे में चिंता करनी होगी।

अंडर-23 विश्व चैंपियन 20 साल के अमन ने हाल में इस्तांबुल में विश्व क्वालीफायर के जरिए पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। भारत के पुरुष पहलवानों ने 11 और वजन वर्ग में चुनौती पेश की लेकिन उनमें से कोई क्वालीफाई नहीं कर पाया। अमन ने कहा, इतनी बार मुझे अपना वजन कम करना पडा है। मुझे कितनी बार ऐसा करना होगा? इससे काफी कमजोरी आती है। मुझे समझ नहीं आता कि मैं अब दोबारा ट्रायल जीतने के बारे में सोचूं या ओलंपिक की तैयारी शुरू करूं। मुझे लगता है कि अगर मुझे दोबारा ट्रायल से गुजरने को कहा जाता है तो अच्छी तैयारी के लिए जो काम करने की जरूरत होगी वह प्रभावित होगा। ट्रायल के खत्म होने तक ओलंपिक बेहद करीब होगा तो फिर हम तैयारी कब शुरू करेंगे?

## टी-20 विश्व कप टीम में सिर्फ एक अश्वेत अफ्रीकी खिलाड़ी होने पर हो रही है सीएसए की आलोचना

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

टी20 विश्व कप टीम में कागिसो रबादा के रूप में सिर्फ एक अश्वेत अफीकी खिलाड़ी को शामिल करने के लिए क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) की आलोचना हो रही है। दक्षिण अफ्रीका की 15 सदस्यीय संभावित टीम में रबादा सहित छह अश्वेत खिलाड़ी शामिल थे।

सीएसए के बदलाव लाने के लक्ष्य के अंतर्गत एक सत्र के दौरान दक्षिण अफ्रीका की अंतिम एकादश में छह अश्वेत खिलाड़ियों का होना जरूरी है, लेकिन टी20 विश्व कप के लिए चुनी टीम में रबादा के रूप में केवल एक अफ्रीकी अश्वेत खिलाड़ी मौजूद हैं। सीएसए के अपने लक्ष्य को पूरा नहीं करने की वजह से उसकी आलोचना की जा रही है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खेल मंत्री फिकिले एमबालुला ने टीम के चयन पर सवाल उठाते हुए 'एक्स' पर लिखा, आगामी टी20 विश्व कप 2024 की टीम के लिए केवल एक अफ्रीकी खिलाड़ी को दक्षिण अफ्रीका की टीम में चुना गया है। निश्चित रूप से यह बदलाव लाने के लक्ष्य से उलट है और इसमें दक्षिण अफीकी लोगों का उचित प्रतिनिधित्व नहीं है।

### स्वदेश लौटे चोटिल रबादा, विश्व कप की तैयारी पर नहीं पड़ेगा असर



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ कागिसो रबादा पैर में चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से स्वदेश लौट गए हैं। देश के क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह जानकारी दी। रबादा आईपीएल में पंजाब किंग्स का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने मौजूदा सत्र में 11 मैच में 11 विकेट चटकाए हैं। पंजाब की टीम पहले ही प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अपना अंतिम लीग मैच 19 मई को खेलेगी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बयान में कहा इस 28 वर्षीय ने दक्षिण अफ्रीका पहुंचने पर विशेषज्ञ से सलाह ली और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की चिकित्सा टीम उन पर करीबी नजर रखे हुए है। सीएसए ने साथ ही कहा कि चोट के कारण रबाडा की अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी पर असर पड़ने की संभावना नहीं है।

### टी20 विश्व कप में देना चाहते हैं ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को चुनौती : क्रास

**बेंगलुरु।** स्कॉटलैंड को भले ही बड़े मुकाबलों में खेलने का अनुभव नहीं हो लेकिन उसके खिलाड़ियों में आत्मविश्वास की कमी नहीं है और बुधवार को टीम के उप कप्तान मैथ्यू क्रॉस ने अगले महीने टी20 विश्व कप के दौरान इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने की उम्मीद जताई। विश्व कप में स्कॉटलैंड ग्रुप बी में गत चैंपियन इंग्लैंड, पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के अलावा साथी एसोसिएट देश ओमान और नामीबिया के साथ है। कर्नाटक का नंदिनी डेयरी ब्रांड विश्व कप में स्कॉटलैंड और आयरलैंड टीम का प्रायोजक होगा। इसकी घोषणा के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के बाद ऑनलाइन बातचीत में क्रास ने कहा हम इसमें जीतने के लिए खेलेंगे। हम दबाव में नहीं है। हमारी टीम में उन्हें चुनौती देने के लिए अच्छी प्रतिभायें मौजूद हैं। तेज गेंदबाज क्रिस सोले को दुनिया भर की विभिन्न टी20 लीग में खेलने का काफी अनुभव है। वह स्कॉटलैंड के वेस्टइंडीज की परिस्थितियों में खेलने के पूर्व अनुभव का फायदा उठाने की उम्मीद लगाए हैं। स्कॉटलैंड अपने ग्रुप मैच बारबाडोस, एंटीगुआ और ग्रोस आइलेट में खेलेगा।

**बॉलीवुड हलचल**



## जन्मदिन पर आगामी प्रोजेक्ट के लिए डबिंग कर रहे हैं बाबिल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बाबिल खान अपने जन्मदिन पर आगामी प्रोजेक्ट के लिए डबिंग कर रहे हैं। कला, फ्राइडे नाइट प्लान और द रेलवे मैन जैसी प्रशंसित परियोजनाओं में अपने अभिनय के लिए प्रसिद्ध अभिनेता बाबिल खान आज अपना 26वां जन्मदिन मना रहे हैं। छुट्टी लेने के बजाय, बाबिल इस अवसर को कुछ ऐसा करके मना रहे हैं जो उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है, काम करना। इस साल, बाबिल ने अपना खास दिन डबिंग स्टूडियो में बिताने का फैसला किया है, जहां वह अपने आगामी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। बाबिल के लिए, काम करके जन्मदिन मनाना सिर्फ अपने पेशे के प्रति प्रतिबद्धता से कहीं बढ़कर है। यह उन्हें मिले अवसरों और अपने दर्शकों से मिले प्यार के लिए उनकी गहरी कृतज्ञता का प्रतीक है। बाबिल का अपने जन्मदिन पर काम करने का फ़ैसला उनकी कार्य नीति और समर्पण के बारे में बहुत कुछ बताता है। बाबिल इरफान खान के बेटे हैं और पिता के नक्शे कदम पर चल रहे हैं।

## लंदन में अगस्त में शुरू होगी हाउसफुल 5 की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म हाउसफुल 5 की शूटिंग लंदन में अगस्त में शुरू होगी। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म हाउसफुल 5 की चर्चा काफी समय से हो रही थी। हाउसफुल 5 को लेकर एक अपडेट सामने आया है। कहा जा रहा है कि निर्देशक तरुण मनसुखानी फिल्म हाउसफुल 5 के लिए लोकेशन की खोज में लंदन जा रहे हैं। तरुण इस महीने से फिल्म का प्री प्रोडक्शन काम शुरु कर देंगे। फिल्म से जुड़े ज्यादातर कलाकार कास्ट किए जा चुके हैं। फिल्म के अधिकांश हिस्से लंदन में शूट किए जाएंगे। तरुण अपनी फिल्म लंदन के ऐसे स्थानों पर शूट करना चाहते हैं, जो पहले हिंदी फिल्मों में न दिखाई गई हो। फिल्म का प्री प्रोडक्शन काम जून तक चलेगा। उसके बाद अगस्त में पूरी फिल्म की टीम शूटिंग के लिए लंदन रवाना होगी।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# शिक्षा, रोजगार व विकास के मुद्दे पर युवाओं ने किया मतदान

**पहली बार मतदान कर उत्साहित दिखे युवा**

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** मतदान के दो बीत चुके हैं, लेकिन पहली बार वोट डालने वाले युवाओं को उत्साह कम होने का नाम नहीं ले रहा है। वे शिक्षा, रोजगार व विकास के मुद्दे पर चर्चा करते नहीं थक रहे हैं। साथ ही अपने वोट से बनने जा रही सरकार पर भी चर्चा करते हैं। लोकसभा चुनाव में पहली बार मत देने वाले युवाओं में किसी ने रोजगार पर, किसी ने क्षेत्र के विकास की बात पर अपना वोट किया है। लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान स्थलों पर वोटिंग को लेकर युवाओं में उत्साह दिखा। अपने पहले मताधिकार का प्रयोग कर बाहर निकले युवाओं ने अमृत विचार के साथ अपने मुद्दों पर खुलकर बात की।



अधिवक्ता संदीप कुमार अवस्थी की पुत्री लखनऊ विश्वविद्यालय की परास्नातक छात्रा वंशिका अवस्थी ने बताया कि मतदान करने के उद्देश्य एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास होने के कारण वह पहली बार अपने मत को डालने के लिए रविवार को विश्वविद्यालय से आई है। उसका कहना है कि लोगों को बचपन से हमेशा घर के समीप मतदान केंद्र पर मतदान करते देखा है। मुझे खुशी है कि पहली बार मतदान करने का अवसर मिला है।



ग्राम पंचायत मुर्तिहा निवासी विशेष दीक्षित का कहना है कि उन्होंने प्राथमिक विद्यालय में वोट दिया। उन्होंने अपना मत रोजगार और सस्ती उच्च शिक्षा की व्यवस्था को लेकर डाला है। उन्होंने बताया वह बेरोजगार हैं, युवाओं के लिए रोजगार ही सबसे बड़ा मुद्दा है।



अर्जुन नगर कॉलोनी निवासी आयुष त्रिपाठी ने युवाओं के रोजगार के साथ जिले में उद्योग धंधे की बात पर वोट किया है। उन्होंने कहा कि हमारा नेता ऐसा हो जो समाज और देश के लिए काम करने वाला हो। जिला स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ें।



मोहल्ला मन्नूगंज निवासी अंशुल प्रताप सिंह ने कहा कि उन्होंने अपना वोट सरकार के आर्थिक विकास के मजबूत रिकॉर्ड को देखते हुए किया है। हालांकि मुद्रास्फीति और युवाओं के लिए नौकरियों की कमी है, जो चिंतनीय है।



अपना पहला मत डालने आये विनय वर्मा ने देश के विकास को प्राथमिकता देने वाले को वोट किया है। उन्होंने कहा कि जब देश का विकास होगा तो सबका विकास होगा।



लक्ष्मी नगर कॉलोनी निवासी प्रशांत कुमार ने कहा कि उन्होंने नगर और क्षेत्र के विकास एवं रोजगार के अवसर के आधार पर अपना प्रथम वोट डाला है।

**हर तरफ हार-जीत की चर्चा, सबका अपना गणित**

लखीमपुर खीरी। मतदान के बाद चाय-पान की दुकानों से लेकर गली मोहल्लों तक में हार-जीत की चर्चा हो रही है। सबका अपना-अपना गणित है। कोई साइकिल चलने की बात कर रहा है, कोई कमल खिला रहा है तो कोई हाथी के कारण सबका गणित बिगड़ने पर चर्चा कर रहा है। किसका पलड़ा भारी है, किसकी सरकार बन रही है। इस पर ज्यादातर लोग अपनी राय देते दिखे। हर गली मोहल्लों में इसकी चर्चाएं होती रहीं। रानीगंज स्थित एक चाय की दुकान पर बुधवार को लोग जिले के मतदान प्रतिशत पर उलझे थे। मतदान प्रतिशत से किसका नुकसान होगा और किसे फायदा होगा, इस पर काफी देर तक चर्चा होती रही। एक बुजुर्ग ने कहा कि इस बार कर्जा माफी लेकर आए इंडिया गठबंधन का फायदा मिला है तो एक युवा ने कहा कि रोजगार का मुद्दा खूब चला है। एक अन्य ने कहा, राष्ट्रवाद से बढ़कर कुछ नहीं है। हर कोई अपने-अपने उम्मीदवार की जीत बता रहा है।

# सीएचसी मितौली: प्रसव व नसबंदी के लिए हो रही अवैध वसूली

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**पति का आरोप प्रसव के लिए 6000 व नसबंदी के लिए मांगे 1500 रुपये**

**अमृत विचार:** सीएचसी मितौली में अवैध वसूली का खेल नहीं थम रहा है। प्रसव से लेकर नसबंदी कराने के लिए गर्भवतियों से अवैध वूसली की जा रही है। बुधवार को प्रसव के लिए पहुंची एक गर्भवती के तीमारदार से प्रसव के लिए छह हजार और नसबंदी करवाने के लिए 1500 रुपये की मांग की है। गर्भवती के पति ने बताया कि ड्यूटी बदल जाने पर दूसरे स्टाफ ने प्रसव कराया है।

मितौली ब्लॉक के गांव आनपुर निवासी बलजीत ने बताया कि बुधवार सुबह आठ बजे गर्भवती पत्नी राधा का प्रसव कराने के लिए सीएचसी गए। वहां पर मौजूद स्टाफ ने प्रसव के लिए छह हजार और नसबंदी के लिए 1500 रूपये देने के लिए बताया। हालांकि बिना रूपये लिए प्रसव तो हो गया है, लेकिन अब इस बात का डर सता रहा है कि कहीं छुट्टी करने पर स्टाफ पैसों के लिए दबाव न बनाए।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली।

**शासन दे रहा प्रोत्साहन राशि, स्टाफ कर रहा वूसली :** जनसंख्या नियत्रंण से लेकर संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए शासन स्तर से प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसके तहत प्रसव कराने पर गांव निवासी गर्भवतियों को 1400 और नगर निवासियों को 100 रुपये मिलते हैं, जबकि नसबंदी कराने पर महिला को दो हजार रुपये दिए जाते हैं। मगर, सीएचसी का स्टाफ डिलीवरी से लेकर नसबंदी कराने के लिए तीमारदारों से धनउगाही कर रहा है।

> प्रसव से लेकर नसंबदी कराने की सुविधा पूरी तरह नि:शुल्क है। इसके लिए शासन से कराने वालों को प्रोत्साहन राशि दी जाती है। यदि किसी स्टाफ ने इसके लिए रूपये मांगे हैं तो तीमारदार शिकायत करे, जिससे संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। **-डॉ. देवेंद्र, सीएचसी अधीक्षक**

## सार-संक्षेप

### नेकी की दीवार की सदस्य बनीं अनुश्री भारद्वाज



**कुकरा, अमृत विचार :** सामाजिक संस्था नेकी की दीवार ने समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाली अनुश्री भारद्वाज को सदस्य नामित किया है, जिस पर पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। जनपद पीलीभीत की सामाजिक संस्था नेकी की दीवार राजधानी लखनऊ से लेकर पड़ोसी देश नेपाल में गरीब, असहाय बच्चों के लिए कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। संस्था मुख्य रूप से बच्चों की शिक्षा और सामान्य जरूरत के मुताबिक मदद करती है। गरीब बच्चों के लिए शिक्षा सामग्री और कपड़े भी उपलब्ध कराने में सहयोग करती है। संस्था ने सामाजिक कार्यों में रुचि रख रहीं अनुश्री भारद्वाज को सदस्य नामित करते हुए निराश्रित और गरीब बच्चों के लिए काम करने की जिम्मेदारी सौंपी है। संस्था अध्यक्ष गुरमेल सिंह ने बताया कि गोला तहसील क्षेत्र के गांवों में हुये कार्यक्रमों में सदैव ही अनुश्री ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### पलिया में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ आज से

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार :** अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा पलियाकलां द्वारा नगर के मोहल्ला वरबंडा सिंगहिया में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं युवा महोत्सव का आयोजन 16 मई से 19 मई तक किया जा रहा है। इसकी समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। श्री गायत्री महायज्ञ आयोजन समिति के सेवादारों ने बताया गया कि प्रथम दिवस 16 मई को सुबह नौ बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी और शाम छह बजे प्रवचन होंगे। जबकि 17 मई को प्रात: छह बजे योग साधना, आठ बजे देव पूजन व गायत्री महायज्ञ और दोपहर 2 :00 बजे कार्यकर्ता गोष्ठी होगी। शाम छह बजे विद्वान वक्ता प्रवचन देंगे। इसके अलावा 18 मई को प्रात: गायत्री महायज्ञ व संस्कार कार्यक्रम के साथ शाम को प्रवचन होंगे और 19 मई को गायत्री महायज्ञ और संस्कार महोत्सव के पश्चात शाम छह बजे दीप महायज्ञ एवं अतिथि सम्मान समारोह विदाई कार्यक्रम किया जाएगा।

### साईं धाम में भंडारा आयोजित



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते बच्चे। अमृत विचार

**पलिया कलां, अमृत विचार :** लखनऊ से आए कुछ श्रद्धालुओं ने पलिया- भीरा के मध्य ग्राम बोझवा स्थित साईं धाम मंदिर प्रांगण में श्री रामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ कराया, फिर विशाल भंडारा आयोजित किया। भंडारे में बड़ी संख्या में बच्चों, महिलाओं आदि लोगों ने मंदिर में मत्था टेक प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर आयोजक विनोद कुमार के अतिरिक्त मंदिर के पुजारी अनुराग शास्त्री व आलोक कुमार शुक्ला, मनकेश, अमित तिवारी, अविनाश मिश्रा, उमाशंकर, मनोज कुमार, सत्येंद्र यादव, हिमांशु आदि सेवादार कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे रहे।

### गुरु नानक कॉलेज में छात्राओं का हुआ स्माइली स्वागत



स्माइली गेंद के साथ कक्षा छह की छात्राएं। अमृत विचार

**गोला गोकर्णनाथ।** श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज में नवीन शिक्षा सत्र में प्रवेश लेने वाली कक्षा छह की छात्राओं की कक्षा को सजाकर और स्माइली बाल देकर स्वागत किया गया। कक्षा अध्यापिका सरिता पांडे ने नए प्रवेश लेने वाली छात्राओं को गुड हैबिट्स और डिसिप्लिन की महत्ता बताई। साथ ही अच्छी तरह मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य डॉ पूनम वर्मा ने छात्राओं से प्रतिदिन कॉलेज की ड्रेस में नियमित रूप से आने को कहा है।

### सोनाली का स्पोर्ट्स कॉलेज में हुआ चयन



सोनाली।

**मितौली, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय ख़ंजननगर की कक्षा पांच की छात्रा का चयन स्पोर्ट्स कॉलेज में हुआ है, जिसको लेकर परिवार में उत्साह का माहौल बना हुआ है। प्रधानाध्यापक सलीम अहमद ने बताया कि सोनाली का जिम्नास्टिक के जरिये स्पोर्ट्स कॉलेज में चयन हुआ है। बताया कि छात्रा की पढ़ाई के साथ खेल में काफी रुचि है। बालिका ने ब्लॉक स्तर, जिला स्तर व मंडल स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, जिसमें वह प्रथम स्थान पर रही। खेल में रुचि को देखते हुए छात्रा का आवेदन स्पोर्ट्स कॉलेज में किया। परीक्षा के बाद उसका चयन गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में गया है। जिम्नास्टिक के जरिये स्पोर्ट्स कालेज में दाखिला होना विद्यालय व क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। सोनाली के पिता रामनाथ मज़दूरी पेशा हैं। बेटी के चयन होने वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फरधान।** थाना क्षेत्र के ग्राम कोरिया जंगल में 28 वर्षीय युवक ने मंगलवार कि देर रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गांव कोरिया जंगल निवासी श्यामलाल के 28 वर्षीय पुत्र नरेंद्र कुमार ने अज्ञात कारणों से अपने कमरे के अंदर कुंडे से लुंगी बांधकर फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक के दो बच्चे और पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### नाव पलटने से जम्मू कश्मीर में मौत, गांव में छाया शोक

**बेहजम।** नीमगांव थाना क्षेत्र में बेहजम पुलिस चौकी के खेरवा बसारा गांव से जम्मू कश्मीर में मजदूरी करने गए दो युवकों की नाव पलटने से डूबकर मौत हो गई। सूचना गांव आई तो शोक छा गया है। गांव निवासी 24 वर्षीय रवि कुमार और बाला उर्फ हिमांशु कुमार करीब एक सप्ताह पहले मजदूरी करने जम्मू कश्मीर गए थे। बुधवार को नाव पलटने के कारण डूबने से मौत की खबर आई तो परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल हो गया है। परिजन शव लेने के लिए रवाना हो गए हैं।

# जिला अस्पताल का हाल बेहाल, 20 बेड के चिल्ड्रन वार्ड में 27 बच्चे भर्ती

## वार्ड के रास्ते से लेकर बरामदे में बेड डालकर किया जा रहा भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** मौसम में बदलाव के साथ गर्मी बच्चों के लिए मुसीबत बन रही है। ऐसे में बच्चे बीमार होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। हालत गंभीर होने के कारण वार्ड में भर्ती कर उनका इलाज हो रहा है। रोजाना उल्टी, दस्त से लेकर बुखार पीडित बच्चों के आने से चिल्ड्रन वार्ड में बेड़ तक कम पड़ रहे हैं। ऐसे में वार्ड के रास्ते से लेकर बरामदे में बेड डालकर बच्चों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

जिला अस्पताल का चिल्ड्रन वार्ड 20 और आईसीयू 10 बेड का है। पिछले दिनों आई आंधी बारिश और फिर लगातार तेज धूप निकलने की वजह से बच्चे बीमार हो रहे हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं के साथ उमस वाली गर्मी की मार से बच्चे बेहाल है। बुधवार को 11 वर्षीय कुलदी, नौ वर्षीय रेहान, आठ वर्षीय शोभित, चार वर्षीय अनुष्का, दो माह की छोटी, नौ वर्षीय शमा, आठ माह की इनैया, डेढ़ वर्षीय रूचि, सात साल की आराध्या, नौ वर्षीय अरमान, सात वर्षीय शोभित वर्मा और 13 माह का नितिन की हालत गंभीर होने के चलते चिल्ड्रन वार्ड में भती कर इलाज शुरू किया गया। वार्ड में भर्ती 27 बच्चों में से एक बच्चा एनीमिया को तो अन्य सभी पेट दर्द, उल्टी- दस्त, बुखार के साथ उल्टी आना, बुखार आदि की चपेट में थे। पिछले कुछ दिनों से बच्चों की निरंतर संख्या बढ़ने से वार्ड में बेड कम पड़ने लगे। इस पर अस्पताल प्रशासन ने दोनो वार्ड की गैलरी में तीन तीन और बेड डलवाने के साथ बरामदे में दो बेड़ डलवाए हैं, जिससे गंभीर हालत में अस्पताल आने वाले बच्चों को भर्ती कर चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराई जा सके।



चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती बच्चे की जांच करते बाल रोग विशेषज्ञ।

| वार्ड | बेड | मरीज | अतिरिक्त बेड |
| --- | --- | --- | --- |
| चिल्ड्रन | 20 | 27 | आठ |
| आईसीयू | 10 | 3 | 00 |

> मौसम में बदलाव और तेज गर्मी की वजह से बच्चे बीमार हो रहे हैं। ओपीडी में रोजाना 15 से 20 बच्चे पेद दर्द, उल्टी, बुखार आदि के आ रहे हैं। जबकि गंभीर हालत में इमरजेंसी में आने वाले बच्चों को भर्ती करना पड़ रहा है। **डॉ. आरपी वर्मा, बालरोग विशेषज्ञ- जिला अस्पताल।**

**ऐसे करें बचाव**

- छह माह तक शिशु को सिर्फ स्तनपान कराएं।
- बासी और बाहर का खाना खाने के लिए बिल्कुल न दें।
- ज्यादा देर तक धूप में न रहने दें।
- तरल पदार्थ जैसे-नीबू पानी, नारियल पानी, छांछ ज्यादा से ज्यादा पिलाएं।
- बुखार, दस्त होने पर खुद से ही दवाइयां न दें।
- दो दिन तक समस्या बनी रहने पर तुरंत डॉक्टर का दिखाएं।
- मौसमी फल सब्जियां का ज्यादा से ज्यादा सेवन कराएं।
- दस्त शुरू होते ही ओआरएस का घोल या फिर घर पर शिकंजी बनाकर पिलाएं।

**गर्मियों में बच्चों को होने वाली समस्याएं**

- **डिहाइड्रेशन**-गर्मियों में शरीर की पानी की कमी बड़ी समस्या बन सकती है। बच्चे खेलने आदि में व्यस्त रहकर पानी नहीं पीते। जबकि गर्मी में पसीना बहुत निकलता है। ऐसे में पर्याप्त मात्रा में पानी न पीने से शरीर डिहाइड्रेट होने लगता है, जिसके चलते मुंह सूखना, कमजोरी, बेहोशी, गहरे पीले का रंग पेशाब, चिड़चिड़ापन और कब्ज जैसी समस्या हो जाती है।
- **बैक्टीरियल इन्फेक्शन**- इस मौसम में संक्रमण होने का खतरा ज्यादा रतहता है। खासतौर पर बैक्टीनियर इंफेक्शन। बाहर का खुला खाना खाने व पानी पीने से कालरा, डायरिया से लेकर टायफॉइड जैसी बीमारियां हो सकती हैं।
- **हीट स्ट्रोक**- हीट स्ट्रोक बहुत ही गंभीर हैं। लंबे समय तक तेज धूप में रहने की वजह से हीट स्ट्रोक की समस्या हो सकती है। इसके चलते बुखार, हार्ट बीट बढ़ना, चक्कर आ सकता है। इसलिए बच्चों को धूप में न जाने दें।
- **फूड पॉइज़निंग**- गर्मियों में खाना जल्दी खराब हो जाता है। ऐसे में बासी भोजन करने से दस्त, पेट दर्द और उल्टी हो सकती है। इस वजह से शरीर में पानी की भी कमी हो जाती है। ऐसे में बच्चों को बाहर का और बासी खाना न खिलाएं।

# चांद की तलाश में घाघरा नदी में उतरी फ्लड पीएसी

संवाददाता, खमरिया (खीरी)

**दूसरे दिन भी सुराग न लगने से परिजन परेशान, मंगलवार को नहाते समय डूब गया था चांद**

**अमृत विचार:** थाना ईसानगर क्षेत्र के मिर्जापुर गांव के निकट स्थित घाघरा नदी के पानी में मंगलवार को लापता हुए युवक की तलाश के लिए बुधवार को पीएसी की फ्लड यूनिट घटना स्थल पर पहुंची और नदी में उतरकर डूबे चांद की तलाश की। पूरे दिन चली तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका है। इससे उसके घर में चीख पुकार मची हुई है।

मंगलवार की दोपहर कस्बा ईसानगर निवासी चांद सलमानी (20) पुत्र मैलू सलमानी, शादाब (20) पुत्र मरगूब सलमानी, नसरूद्दीन (18) पुत्र अली अहमद व वजहुद्दीन (17) पुत्र मोहियुद्दीन थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव के पास घाघरा नदी के किनारे मैदान में किक्रेट मैच खेलने गए थे। खेलने के बाद चारों युवक नदी में नहाने के लिए पाने में उतर गए। नदी के पानी का बहाव तेज होने के कारण चारों बह गए, लेकिन शादाब, नसरूद्दीन व वजहुद्दीन किसी प्रकार जान बचाकर नदी से बहार निकल आये थे, लेकिन चांद लापता हो गया था। ग्रामीणों की सूचना पर थानाध्यक्ष ईसानगर देवेंद्र कुमार, ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से चांद की तलाश की थी, लेकिन उसका कोई पता नही चल सका था। बुधवार को उसकी तलाश के लिए फ्लड पीएसी की टीम ईसानगर पुलिस के साथ घटना स्थल पहुंची। टीम ने घाघरा नदी में उतरकर उसकी पूरे दिन तलाश की, लेकिन चांद का कोई पता नहीं चल सका है।



घाघरा नदी में तलाश करती फ्लड पीएसी की टीम। अमृत विचार

**शौहर के इंतजार में राह ताक रही सोफिया**

**खमरिया।** 20 वर्षीय चांद का निकाह करीब पांच माह पूर्व ही सोफिया के साथ हुआ था। मंगलवार को ही चांद गौना हुआ था। पत्नी सूफिया को घर छोड़कर दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने गया था। लेकिन कुछ देर बाद चांद के डूबने की खबर मिलते ही घर में चीख पुकार मच गई और चांद की पत्नी सोफिया गश खाकर गिर गई। वहीं अपने शौहर से हमेशा के लिए बिछड़ने का गम सोफिया को अंदर ही अंदर खाए जा रहा है। रोते बिलखते सोफिया की पथराई आंखें आज भी चांद की राह तक रही है।

# दो घरों से नकदी-जेवर चोरी, 15 कारतूस भी ले गए

**फरधान।** थाना क्षेत्र के गांव ओदरहना में मंगलवार की रात चोरों ने दो घरों से नगदी और जेवर चोरी कर लिए। एक घर से चोरों ने 12 बोर के 15 कारतूस भी चोरी कर ले गए। गांव निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात चोरों ने मकान के पीछे से घुसकर उनके और भाई मिथिलेश के कमरे में रखी आलमारी से सोने-चांदी के गहने और नगदी चोरी कर ली। साथ ही 12 बोर की पंद्रह कारतूस भी चोरी कर ले गए। बताया कि पिता श्रीपाल जिस कमरे में सो रहे थे, चोरों ने उसके दरवाजे की कुंडी बाहर से लगा दी थी। आहट होने पर उन्होंने शोर मचाया, लेकिन जब तक लोग एकत्रित हुए चोर भाग निकले। वहीं गांव निवासी शिवभगवान के मकान में चोरी करने के इरादे से ताला तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन जाग होने के कारण भाग निकले। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया है।

# रास्ते पर पड़ा मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, धौरहरा (खीरी)

**गले पर रस्सी से कसने के निशान, जांच में जुटी पुलिस**

**अमृत विचार:** थाना ईसानगर क्षेत्र के खजुहा गांव में एक युवक का उसके घर के बाहर रास्ते पर शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के गले में रस्सी के कसने के निशान है। परिवार वालों ने हत्या की आशंका जताई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है और जांच शुरू कर दी है।

थाना ईसानगर क्षेत्र के गांव खजुहा निवासी राम विजय पुत्र छेद्दू (38) का शव बुधवार की सुबह उसके घर के बाहर रास्ते में पड़ा देखा गया। सूचना पर तमाम ग्रामीण और परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। शव देख परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई। मृतक के गले पर रस्सी के निशान देखे गए हैं। इससे परिवार के लोगों ने उसकी हत्या होने का शक जाहिर किया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। परिवार के लोगों से भी पूछताछ की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह साफ हो सकेगी।

# चोटी बेधक-काला चिकटा कीटों से बचायें गन्ना फसल : चौहान

ओपी चौहान

**चीनी मिल प्रबंधक ने गन्ना किसानों से की अपील**

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार :** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया के यूनिट हेड ओपी चौहान ने ग्राम मरौचा, अतरिया, मकनपुर, मझगईं आदि गांवों में भ्रमण कर कृषकों से संपर्क करके गन्ने की फसल की लगातार निगरानी कर गन्ने की फसल को कीटों के प्रकोप से बचाने की अपील की गई।

उन्होंने किसानों को बताया कि तापमान में वृद्धि होने के कारण मौसम काफी गर्म हो रहा है । जिस कारण गन्ने की फसल में कीटों का प्रकोप ज्यादा रहने की संभावना है, जिसमें चोटी बेधक (भुंडा), काला चिकटा का प्रकोप दिखाई दे रहा है। चोटी बेधक की पहचान पौधे की मध्य पत्ती में गोला छर्रे जैसे छेद होते, जो कि पत्ती को खोलकर देखने पर समानान्तरण दिखाई पड़ते हैं। इसका मादा कीट सफेद रंग का होता है एवं उदर भाग पर गुलाबी गुच्छा होता है । इसकी मैकेनिकल रोकथाम के लिए ग्रसित पौधों को जमीन की सतह से काटकर खेत के बाहर मिट्टी में दबा दें। रासायनिक नियंत्रण के लिए कोराजन/सिटीजन 150 मिली प्रति एकड़ 400 लीटर पानी में मिलाकर पौधे की जड़ों के पास ट्रेंचिंग करें एवं 24 घंटों के अन्दर सिंचाई अवश्य कर दें। काला चिकटा एक प्रकार का चूसक कीट होता है, जो पौधों की पत्तियों का रस चूसता है। इसकी रोकथाम के लिए डमिडाक्लोप्रिड 150 मिली प्रति एकड 200 लीटर पानी अथवा क्लोरपाइरिफोस 500 मिली प्रति एकड़ 200 लीटर में छिड़काव करना चाहिए। चीनी मिल द्वारा कोराजन/सिटीजन छूट पर उपलब्ध कराया जा रहा है। क्षेत्र भ्रमण के समय वरिष्ठ उपप्रबन्धक- गन्ना राजीव तोमर, प्रवीन कुमार, यशवंत सिंह, अशोक मौर्य मौजूद रहे।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

# सड़क तक कट गई बड़ी नहर की पटरी, खतरा बढ़ा

## लोक निर्माण विभाग बेखबर, बड़े हादसों को दावत दे रहा संकरा रास्ता

संवाददाता, ममरी (खीरी)


बड़ी नहर की पटरी कटने से बना गड्ढा। अमृत विचार

**अमृत विचारः** गोला-शाहजहांपुर रोड से गोला खुटार रोड को शॉर्टकट जोड़ने वाली नहर रोड पर ग्राम सहुआपुर के पास सड़क तक पटरी कट जाने से किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन लोक निर्माण विभाग इससे बेखबर बना हुआ है।

क्षेत्र के ग्राम रामपुर, हेमपुर, खोखाय, स्याहपारा, ऊंचागांव आदि के ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सहुआपुर के पास रोड दोनों तरफ से कटकर इतनी संकरी हो गई है कि सामने से आने वाले वाहन को साइड दे पाना मुश्किल हो रहा है। रोड में बनी गहरी खंदक हर समय खतरे की घंटी बजा रही है। जहां किसी भी समय वाहन पलटने से बड़ा हादसा हो सकता है। करीब चार साल पहले लोक निर्माण विभाग से बनी यह रोड अत्यंत खस्ताहाल हो चुकी है, लेकिन लोक निर्माण विभाग इससे बेखबर बना हुआ है। वर्ष 2020 में धार्मिक स्थान पर बेटे का मुंडन करके लौट रहे हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम उदयपुर की श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से एक मासूम सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 29 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। क्षेत्र वासियों ने रोड का जीर्णोध्दार शीघ्र करने की मांग प्रशासन से की है। लोक निर्माण विभाग के जेई आलोक कुमार का कहना है कि खंदक को दो बार मिट्टी से पटवाया जा चुका है, लेकिन गांव के लोग अपने पशु नहर में घुसाकर मिट्टी काट देते हैं।

## कल दिन में 12 घंटे बत्ती गुल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार को आरडीएसएस योजना के तहत विद्युत उपकेंद्र ओयल पर पुराना 11केवी के पैनल को बदलने और ओयल टाउन फीडर को विभाजित करने के लिए 11केवी का पैनल लगाने का कार्य होना है। इसलिए 17 मई यानि शुक्रवार सुबह आठ से रात आठ बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इससे 11केवी टाउन फीडर, जमुनिया फीडर, कोटखेरवा फीडर से जुड़े गांवों सहित मोतीपुर अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उधर, सीएमएस डॉ. आरके कोली ने बताया कि बिजली आपूर्ति बाधित रहने की वजह से मरीजों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। डीजल आदि की पर्याप्त व्यवस्था कर ली गई है।

▸▸ **सुबह आठ से रात आठ बजे तक नहीं मिलेगी बिजली**

# विद्यार्थियों को बताए लू से बचने के उपाय


मूड़ा गालिब स्कूल में ओआरएस पैकेट लिए विद्यार्थी। अमृत विचार

कुकरा

▸▸ **पदाधिकारियों ने बांटे ओआरएस के पैकेट**

**अमृत विचारः** ब्रेन ट्रेन एजुकेशनल सोसाइटी के पदाधिकारियों ने विकास खंड मोहम्मदी के मूड़ा गालिब प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को लू से बचाव के उपाय बताते हुए उन्हें ओआरएस के पैकेट वितरित किए हैं।

समिति प्रबंधक सचिव सुखदेव सिंह चंदी ने विद्यार्थियों को बताया कि खान-पान पर विशेष ध्यान रखें। फास्ट फूड खाने से बचें, तली भुनी चीज न खाएं और भीगा हुआ कपड़ा सिर पर रखें। तेज धूप से बचें और विद्यालय जाते समय या कहीं बाहर जाते समय अधिक परेशान हो जाए तो हरे-भरे पेड़ की छाया का सहारा लें। प्यास लगे तो तुरंत पानी पिएं। पानी की बोतल साथ रखें। इस तरीके के बहुत से उपाय लू, तेज धूप से बचा जा सकता है। सोसाइटी के सलीम खान, प्रज्ञा त्रिवेदी, लवप्रीत सिंह, विनोद गुप्ता, बृजेश गुप्ता, सत्येंद्र गुप्ता, शिक्षामित्र कुमुदवाला सिंह कुशवाहा, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### मृत गौवंश को बांधकर कई किमी तक ट्रैक्टर से घसीटा

**संवाददाता, मूड़ा सवारान। अमृत विचार :** लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर कस्बा अंदेशनगर के पास एक मृत गौवंशीय पशु के शव के पैरों को बांधकर सड़क पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से करीब तीन किलोमीटर तक निर्दयतापूर्ण घसीटा और खाई में फेंक दिया। यह नजारा जिसने भी देखा दंग रह गया। लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर बुधवार को सड़क पर मानवता को शर्मसार करने वाली तस्वीर सामने आई है। यहां मृत गौवंशीय पशु के पैरों को रस्सी से बांधकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से सड़क पर करीब तीन किलोमीटर तक घसीटा गया। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली पर बैठे लोगों का दिल तक नहीं पसीजा। उन्होंने घसीटते हुए गौवंशीय पशु के मृत शव को खाई में फेंक दिया। मामले का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। मानवता को शर्मसार करने वाली तस्वीर के सामने आते ही पुलिस भी हरकत में आ गई। क्षेत्र में चर्चा है कि आरोपियों ने द्वेषपूर्ण और उपेक्षापूर्ण काम को अंजाम दिया है। जिससे संक्रमण रोग फैल सकता है।

### कायाकल्प टीम ने किया फरधान सीएचसी का निरीक्षण


सीएचसी में उपस्थित पंजिका चेक करती टीम। अमृत विचार

**फरधान खीरी।** कायाकल्प अवार्ड योजना के अंतर्गत राज्य से नामित टीम ने बुधवार को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। चेक लिस्ट के अनुसार पूरी सीएचसी का एसेसमेंट किया गया। टीम ने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, ओपीडी एक्सरे एवं लैब का बारीकी से निरीक्षण किया। चिकित्सालय की साफ-सफाई, संक्रमण से बचाव और रख-रखाव की स्थिति को देखा और इसे और अधिक बेहतर बनाए जाने के निर्देश दिए। चिकित्सालय परिसर में कहीं भी गंदगी नहीं मिली। टीम में लखनऊ से आये डॉ. दीपक कुमार, डॉ. दसरथ तथा डॉ. सलमान ने बारीकी के साथ सीएचसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक अमित बाजपेई सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

### पलिया-मैलानी मार्ग पर मिला युवक का शव

**संवाददाता, पलिया कलां/भानपुर, अमृत विचार :** पलिया-मैलानी मार्ग पर युवक का शव संदिग्ध हालात में मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पहचान वीरेंद्र कुमार पुत्र साधूराम निवासी ग्राम रसुआ कलां, थाना खुटार जनपद शाहजहांपुर के रूप में हुई है। थाना भीरा के इंस्पेक्टर पंकज त्रिपाठी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। यदि परिजन तहरीर देंगे तो उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर घायल

**उचौलिया।** थाने के सामने रोड पार कर रहे होमगार्ड को बचाने के चक्कर मे ब्रेक लगाने से अनियंत्रित होकर बाइक गिर गई, जिससे सवार एक गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जनप्रति वेलफेयर फाउंडेशन की टीम ने प्राथमिक उपचार किया। बाद में एंबुलेंस से जिला अस्पताल शाहजहांपुर भिजवाया गया। बाइक सवार गंभीर घायल फूल सिंह बरेली के थाना व कस्बा हाफिजगंज निवासी हैं। एसआई गिरजेश कुमार, कांस्टेबल महेंद्र कुमार, डॉ. संजीत सिंह सनी, जीतू भार्गव आदि ने उन्हें अस्पताल भिजवाया।

# खीरी में किसानों ने घटाया गन्ने का रकबा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

▸▸ **गन्ना भुगतान न होने, आलू और साठा में मुनाफे से किसानों ने बदली फसल**

▸▸ **चार चीनी मिलों पर बकाया है 1074.29 लाख रुपया**

**अमृत विचारः** जिले में बजाज ग्रुप की तीन और गोविंद शुगर मिल ऐरा का गन्ना भुगतान न होने से परेशान गन्ना किसानों ने आलू और साठा धान की बढ़ती कीमतों के कारण गन्ने से मुंह मोड़कर आलू और साठा धान की खेती अपना ली है। इस कारण जिले में प्रतिवर्ष गन्ने का रकबा घटते-घटते काफी कम हो गया है। अब गन्ना विभाग के अधिकारी हलकान है। इस समय इन चीनी मिलों पर किसानों का गन्ना मूल्य 1074.29 लाख रुपये बकाया है।

राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने बताया कि बजाज ग्रुप की गोला चीनी मिल ने इस पेराई सत्र में 566.65 करोड़ रुपये का गन्ना खरीदा, जिसमें 15 दिसंबर 2023 तक खरीदे गन्ने का 175.97 करोड़ रुपये का भुगतान किया, जबकि 390.68 करोड़ रुपये अब भी बाकी है। पलिया कलां चीनी मिल ने 443.88 करोड़ रुपये का गन्ना खरीदा और 25 दिसंबर तक का 143.08 करोड़ रुपये भुगतान किया। मिल पर 300.80 करोड़ रुपये अभी बकाया है। बजाज की खंभारखेड़ा चीनी मिल ने 388.68 करोड़ रुपये का गन्ना खरीदा और 13 दिसंबर तक का 123.92 करोड़ रुपये भुगतान किया। इस मिल पर किसानों का 264.76 करोड़ रुपये बाकी है। जिले की गोविंद शुगर मिल ऐरा ने इस पेराई सत्र में 485.83 करोड़ रुपये का गन्ना खरीदा और नौ मार्च 2024 तक का 367.78 करोड़ रुपये का भुगतान किया इस मिल पर अब किसानों का 118.05 करोड़ रुपये बाकी है। जिले में अधिकांश चीनी मिलों का गन्ना भुगतान समय पर न हो पाने के कारण प्रतिवर्ष गन्ने का रकबा कम होता जा रहा है। इस वर्ष आलू और साठा धान की कीमत काफी बढ़ गई है। इस कारण बढ़ी हुई कीमतें और 60 दिन में साठा धान कटने के बाद पुनः धान की दोहरी फसल मिलने के कारण किसानों का रुझान गन्ने से हटकर इन नकदी फसलों की ओर हो गया है।

### पांच चीनी मिलों पर बाकी हैं सिर्फ 17 करोड़

**गोला गोकर्णनाथ।** जिले में चार चीनी मिलों के अलावा बैंक से सीसी लिमिट वाली डीसीएम श्रीराम ग्रुप की अजबापुर चीनी मिल ने 702.92 करोड़ का गन्ना खरीदा था, जिसका संपूर्ण भुगतान कर दिया है। बलरामपुर ग्रुप की कुंभी चीनी मिल ने 572.07 करोड़ का गन्ना खरीदा था, जिसमें से 571.90 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। इसी ग्रुप की गुलरिया चीनी मिल ने 471.45 करोड़ रुपये का गन्ना खरीदा था, जिसमें 470.91 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। सहकारी चीनी मिल बेलरायां ने 214.12 करोड़ रुपये का गन्ना खरीदा था, जिसमें से 208.81 करोड़ का भुगतान कर चुकी है। सहकारी चीनी मिल संपूर्णानगर ने 223.20 करोड़ का गन्ना खरीदा था, जिसमें से 208.17 करोड़ रुपये का भुगतान हो चुका है।

# सीए, एसआरजीएम व गोला पीआईसी की टीमें जीतीं

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।


राजेंद्र गिरि मेमोरियल में क्रिकेट खेलते विद्यार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल एकेडमी लक्ष्मणजती में हो रहे द्वितीय इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप टूर्नामेंट के दूसरे दिन तीन मैच में चिल्ड्रेंस एकेडमी, राजेंद्र गिरि मेमोरियल और गोला पब्लिक स्कूल की टीमें विजयी रहीं।

क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन मुख्य अतिथि चिल्ड्रेंस एकेडमी के डाइरेक्टर अनुभव गुप्ता और विशिष्ट अतिथि पूर्व सभासद अय्यूब खां ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल शुरू कराया। पहला मैच सीए गोला और डीडीजी मेमोरियल अलीगंज के मध्य हुआ, जिसमें 51 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुये सीए गोला ने 5 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। सबसे अधिक रन बनाकर नाबाद रहते हुये सीए गोला के नदीम मैन आफ द मैच रहे।

दूसरा मैच यूडीसीए मोहम्मदी और एसआरजीएम ए गोला के मध्य हुआ, जिसमें तीन विकेट खोकर एसआरजीएम ए ने 67 रनों का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। चार छक्के लगाकर सर्वाधिक रन बनाते हुए नाबाद रहने वाले विद्यालय के अनुराग मैन आफ द मैच रहे। तीसरा मैच सेंट जांस सीनियर सेकेंडरी स्कूल और गोला पब्लिक स्कूल के मध्य हुआ, जिसमें गोला पब्लिक स्कूल ने पहले बैटिंग करते हुये प्रतिद्वंदी टीम के लिये 100 रनों का लक्ष्य रखा, किंतु, सेंट जांस की टीम 69 रनो पर ही सिमट गयी। अपनी टीम के लिये सर्वाधिक रन बनाकर गोला पब्लिक स्कूल के विजय मैंन आफ द मैच रहे।

तीनों मैचों में अम्पायर की भूमिका शिक्षक सुनील बाजपेई, संगम गुप्ता, अतुल गुप्ता तथा आशीष राठी ने निभायी। कमेंट्रेटर की भूमिका शिक्षक रोहित शुक्ला और प्रखर मिश्र ने तथा स्कोरर की भूमिका शिक्षक सुशील शुक्ल और विकास बाजपेई ने निभायी। विद्यालय पीटीआई कमाल अहमद और निधि सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण रही। विद्यालय के निदेशक मोहित पुरी ने पूरे मैच में उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य मुदित शाह ने सभी आगंतुक टीमों और अभिभावकों, अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### आज होंगे दो मैच

विद्यालय के मीडिया प्रभारी शिक्षक राजीव प्रकाश शर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट के तीसरे दिन गुरुवार को पहला मैच सीए गोला तथा गोला पब्लिक स्कूल के मध्य तथा दूसरा मैच सरस्वती विद्या निकेतन गोला तथा एसआरजीएम ए के मध्य खेला जाएगा।

### पिकअप-ट्रैक्टर भिड़ी, महिला समेत पांच घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना शारदानगर नगर क्षेत्र में गांव टहरा के निकट पिकअप-ट्रैक्टर ट्राली की भिड़ंत हो गई। हादसे में पिकअप सवार महिला, दो छोटी बच्चियों समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों में महिला के पति समेत दो की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक शारदानगर बृजेश मौर्य ने बताया कि मंगलवार की देर शाम पिकअप और ट्रैक्टर ट्राली में आपस में टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप पर सवार अनिरुद्ध (35) पुत्र शिवनाथ निवासी सुजौली (बहराइच) व एक 30 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बेसुध होने के कारण उसका नाम व पता अभी ज्ञात नहीं हो सका है। हादसे में पिकअप सवार अनिरुद्ध की पत्नी सुमन (33) और उसकी दो छोटी छोटी बेटियों को भी मामूली चोटे आई हैं।

# फाइलेरियाः 17 से शुरू होगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** फाइलेरिया मरीजों की पहचान करने के लिए 17 मई से जिले में अभियान चलेगा। इसके तहत 13 सीएचसी पर नाइट परीक्षण होगा। इस दौरान मलेरिया विभाग की टीम रात आठ से 12 बजे तक ब्लड सैंपल लेकर स्लाइड तैयार करेगें। एक सीएचसी पर 600 स्लाइड तैयार होगीं। इसके लिए बुधवार को सीएमओ कार्यालय सभागार में प्रशिक्षण शिविर हुआ, जिसमें सीएचसी पर तैनात एलए और एलटी को नाइट सर्वे के बारे में बताया गया।

जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर ने बताया कि फाइलेरिया मादा क्यूलेक्स मच्छर काटने से होता है और यह एक लाइलाज रोग है। इसके लक्षण एक दो माह में नहीं, बल्कि पांच से लेकर 15 साल बाद नजर आते हैं। इससे बचने का एक मात्र उपाय दवाओं का पांच साल तक नियमित सेवन है। फाइलेरिया निरीक्षक सैयद अनस अहमद ने बताया एलटी और एलए को बताया कि अभियान के दौरान 20 साल की उम्र पूरी चुके युवा एवं इनसे अधिक उम्र के लोगों का ब्लड सैंपल लिए जाएंगे। हर चयनित सीएचसी से 600 स्लाइड तैयार होगीं। इसके बाद इनकी जांच कर फाइलेरिया रोगियों के बारे में पता लगाया जाएगा। कार्यशाला में चयनित 13 सीएचसी के एलए और एलटी मौजूद रहे।

**इन सीएचसी में नहीं चलेगा अभियान**

1. मितौली
2. निघासन
3. बिजुआ
4. लखीमपुर अर्बन

### दस्तक अभियान में मिल चुके हैं 12 संदिग्ध

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत अप्रैल में दस्तक अभियान चला। इसके तहत स्वास्थ्य कर्मियों ने घर घर जाकर लक्षणों के आधार पर संदिग्ध चिह्नित किए। इसमें सीएचसी बांकेगंज में सात, नकहा में दो, धौरहरा में एक, फूलबेहड़ में एक और पसगवां सीएचसी में एक संदिग्ध मिला।


## अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अनन्त प्रसाद मिश्र पुत्र हृदय नारायण मिश्र, निवासी-ग्राम, पहाड़पुर कला, परगना-अल्देमऊ, तह0 कादीपुर जिला-सुल्तानपुर,** मैं अपने बड़े पुत्र विनोद कुमार मिश्र के क्रिया कलापों से आहत हूँ। वह आये दिन मुझे मारता-पीटता और गाली गलौज करता है उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम परशुराम पुत्र गंगाराम जो कि गलत है। मेरा सही नाम **परशुराम विश्वकर्मा पुत्र गंगाराम नि0-ग्राम- अमदही (खलहनपुरवा) पो0-अमदही, वि0ख0 बेलसर थाना-उमरीबेगमगंज तह0-तरबगंज जिला-गोण्डा** है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम हाई स्कूल अंक पत्र में मोहम्मद आमिर कामरान सिद्दीकी है और पैन कार्ड एवं आधार कार्ड में मोहम्मद आमिर कामरान है। दोनों ही नाम मेरे हैं इस नाम व पता का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है। मेरा वास्तविक नाम **मोहम्मद आमिर कामरान पुत्र मोहम्मद अब्दुल हई सिद्दीकी, निवासी- मोहल्ला- मुबारकपुर टीला, कन्नौज** है।

**तलाश गुमशुदा**

**शान्ती देवी बालिग पत्नी अमिरका प्रसाद निवासी पूरेप्रसाद थाना सिरसिया विकास खण्ड सिरसिया जनपद श्रावस्ती ...अभियोगी**

मेरे पति अमिरका प्रसाद पुत्र राम धीरज साकिन पूरे प्रसाद, वि0 खण्ड- सिरसिया- जनपद-श्रावस्ती सन् 1997 में मजदूरी के सिलसिले मे बम्बई गये थे और वहाँ जाने के बाद कोई सम्पर्क एक साल तक नही हुआ तब मेरी मुवक्किला अपने रिश्तेदारो के साथ बम्बई जाकर उनके सम्भावित स्थानो पर तलाश किया तो उनका कही पता नही चल रहा है और न ही उनकी कोई खोज खबर है मैने उनके सम्बन्ध मे प्रत्येक संभावित स्थानो पर तलाश किया परन्तु उनका कही पता नहीं चल पा रहा है मैने इसकी सूचना थाना सिरसिया मे कई बार दिया परन्तु गुमशुदगी की रिर्पोट नही दर्ज की गयी । **- शान्ती देवी बालिग पत्नी अमिरका प्रसाद, निवासी- पूरेप्रसाद थाना सिरसिया विकास खण्ड सिरसिया, जनपद- श्रावस्ती**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रामदीन उर्फ कल्लू पुत्र महावीर, निवासी- बन्दीपुर, मल्लवां, जिला हरदोई उ0प्र0** मेरे भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी मे नाम रामदीन दर्ज है, जिसकी पॉलिसी संख्या- 223670188 है। जबकि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य सभी शैक्षिक व मूल दस्तावेजो पर मेरा नाम कल्लू दर्ज है। अतः मेरी जीवन बीमा पॉलिसी मे अंकित नाम रामदीन तथा आधार कार्ड एवं अन्य सभी शैक्षिक व मूल दस्तावेजो पर अंकित नाम कल्लू दोनो एक ही व्यक्ति के अर्थात मेरे है इस नाम का अन्य कोई दूसरा व्यक्ति नही है। मुझे इन दोनो नाम रामदीन उर्फ कल्लू दोनो नाम से जाना व पहचाना जाता है।


# रूपक पीएम व फैंक सिंह बने प्रधान अनुशासक

**छात्र संसद**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


छात्र संसद के पदाधिकारियों को शपथ दिलाते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

अमृत विचार : पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज (यूपी बोर्ड) में बुधवार को छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि आयकर अधिकारी सुमन कुमार एवं संभाग निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने छात्र संसद के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह नेजी नें मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। कॉलेज के छात्र सांसद प्रमुख आचार्य राजेंद्र प्रसाद ओझा ने बताया कि विद्यालय में 100 सांसद हैं। इनका चुनाव पिछले दिनों मतदान से हुआ था। इसमें रूपक वर्मा प्रधानमंत्री और फ्रैंक सिंह प्रधान अनुशासक निर्वाचित हुए। बुधवार को कार्यक्रम आयोजित कर छात्र संसद के पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। मुख्य अतिथि आयकर अधिकारी ने कहा कि संस्कार, संस्कृति के मामले में यह विद्यालय अन्य से अलग है। उन्होंने छात्रों से कहा कि जो भी कार्य करें पूरा मन लगाकर करें। संभाग निरीक्षक ने सभी सांसदों को कर्तव्य का पालन करने की नसीहत दी। विद्या भारती के छात्र देश के प्रति निष्ठा व कर्तव्य का पालन करते हैं। इनमें से कुछ छात्र देश को चलाकर जिले का नाम पूरे विश्व में रोशन करेंगे। प्रधानाचार्य व छात्र संसद अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह समेत विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।


**आवश्यकता है**

अमृत विचार, लखनऊ को इलेक्ट्रीशियन की

PLC वेस प्रिंटिंग मशीन की जानकारी हो

अनुभव :- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का

वेतन :- योग्यता अनुसार

इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-

9518031113, 96516 43339

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

ऑफिस : 25/16ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ - 226001 (उ.प्र.)



सरस्वती शिशु मंदिर में योग करती बालिकाएं। अमृत विचार

## योग की उपयोगिता बताकर छात्राओं को कराया अभ्यास

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** आवास विकास कॉलोनी स्थित डॉ. हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर में बुधवार को भारतीय योग संस्थान की महिला इकाई ने युवा संस्कार निर्माण के साथ योग शिविर का आयोजन किया। योग संस्थान की रोशनी वर्मा व अर्चना श्रीवास्तव ने छात्रों को योग का महत्व बताकर इसे अपनी दिनचर्या में शामिल कर शरीर को निरोगी व स्वस्थ बनाने के के लिए प्रेरित किया। साथ ही अनुशासित एवं संस्कारित जीवन जीने की प्रेरणा दी। शिविर में छात्रों को पंजे, कलाई एवं गर्दन आदि के सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराया गया। योग संस्थान के प्रांतीय प्रधान नरेश चंद्र वर्मा ने विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराकर उनकी उपयोगिता बताई। उन्होंने बताया कि योग शिविर 17 मई तक रोजाना प्रातः आठ से नौ बजे तक चलेगा। प्रधानाचार्य राममणि मिश्र, केंद्र प्रभारी संतोष दीक्षित सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।


**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153

Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in

For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India

For more details and application form & application fee

Visit University Website : www.biu.edu.in

(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf



प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# शादी के 20 दिन बाद सड़क हादसे ने छीन ली जिंदगी

## दही थानांतर्गत उन्नाव-पुरवा मार्ग पर हुआ हादसा

संवाददाता बिछिया, उन्नाव

**अमृत विचार।** दही थानांतर्गत उन्नाव-पुरवा मार्ग पर छोटे भाई को रेलवे स्टेशन छोड़ कर लौट रहे युवक की बाइक में एक वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें उसे गंभीर चोटें आ गईं। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे और शव देख बिलख उठे। युवक का 20 दिन पहले ही विवाह हुआ था।

अचलगंज थानाक्षेत्र के पड़री खुर्द गांव निवासी लक्ष्मी नारायण का बड़ा बेटा सूरज (30) मंगलवार देरात दिल्ली में मजदूरी करने वाले छोटे भाई इंद्र नारायण को छोड़ने उन्नाव रेलवे स्टेशन गया था। उसे ट्रेन में बैठा कर वह लौट रहा था। तभी दही थानाक्षेत्र के उन्नाव-पुरवा मार्ग पर दरोगा खेड़ा के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें उछल कर वह सड़क पर गिरा। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और पंजाब के लुधियाना में नौकरी करता था।


सूरज।

### मेहंदी छूटने से पहले उजड़ा रेनू का सिंदूर

**उन्नाव।** सूरज की शादी बीती 25 अप्रैल को पुरवा कोतवाली क्षेत्र के नाथी खेड़ा निवासी रेनू से हुई थी। बड़े भाई की शादी में शामिल होने इंद्र नारायण भी आया था। उसे स्टेशन छोड़कर लौटते समय हुए हादसे में रेनू की मांग का सिंदूर एक पल में उजड़ गया। पति की मौत की खबर सुन वह बदहवास हो गई। उसकी चीख सुन ढांढस बंधाने गए लोग भी अपने आंसू नहीं रोक पाए।

# आत्महत्या को प्रेरित करने के दंपति गिरफ्तार

**गंजमुरादाबाद।** पोहपी खेड़ा निवासी मोहनलाल पुत्र रामखेलावन ने चार दिन पूर्व फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने उसके पिता की तहरीर पर प्रेरित करने की रिपोर्ट दर्ज कर दो लोगों को पकड़ा है।

पोहपी खेड़ा गांव निवासी रामखेलावन पुत्र कालिका ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि बीती 11 मई को उसका बेटा मोहनलाल गांव में खरबूजा बेच रहा था। तभी गांव के सियाराम व उसकी पत्नी सीमावती और मोहनलाल में विवाद हो गया। विवाद से नाराज मोहनलाल ने पड़ोसी गांव रामदीन खेडा के पास आम के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सियाराम व उसकी पत्नी सीमावती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। बुधवार को पुलिस ने गांव के प्राइमरी स्कूल के पास से सियाराम पुत्र व उसकी पत्नी सीमावती को गिरफ्तार किया।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को जेल में पड़ा हार्ट अटैक, हो गई मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- वीडियोग्राफी के बीच दो डाक्टरों ने किया पोस्टमार्टम

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी की जेल में अचानक हालत बिगड़ गई। इस पर उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। बंदी की मौत की खबर उसके घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जेल प्रशासन की मांग पर दो डाक्टरों ने वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम किया।

इसमें हार्टअटैक से मौत होने की पुष्टि हुई है। बता दें कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने जेठ शंकर पासवान व पड़ोसी गांव निवासी शिवा रावत के विरुद्ध दो फरवरी-2024 को खेत में छेड़छाड़ व दुष्कर्म करने की तहरीर दी थी। पुलिस ने जांच के बाद 10 फरवरी को दोनों के विरुद्ध छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की थी। महिला द्वारा दिए 164 के बयान के आधार पर सामूहिक दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई थी। पिता पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद शंकर की बेटी ने अपने ही चाचा (शिकायतकर्ता महिला के पति) जगतू पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 20 मार्च को पुलिस ने शंकर व शिवा को जेल भेजा था। तीन दिन बाद जगतू को भी जेल भेजा था। तीनों आरोपी जेल में थे। इनमें शिवा रावत सात मई को जमानत पर बाहर आ गया था। जबकि, शंकर व उसका छोटा भाई जगतू जेल में ही हैं। बुधवार सुबह शंकर की अचानक हालत बिगड़ गई। इस पर जेल वार्डर राजीव कुमार व रामसेवक उसे लेकर जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पति की मौत से पत्नी नीरज, बेटा सूबेदार बेहाल हैं। जेलर अमरदीप सिंह ने बताया कि शंकर का गैस की बीमारी का इलाज चल रहा था। अचानक उसकी हालत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया था। जहां इलाज के दौरान मौत हुई है। बुधवार को दो डाक्टरों ने वीडियोग्राफी के बीच शव का पोर्टमार्टम किया। इसमें हार्टअटैक से मौत होने की पुष्टि हुई है। एसएचओ पीके मिश्रा ने बताया कि बंदी की मौत पर पोस्टमार्टम कराया गया है।


शंकर।

# निरीक्षण में अनुपस्थित मिले अध्यापकों का वेतन रोका

**उन्नाव।** विभागीय अधिकारी के निर्देश पर संबंधित ब्लाकों के बीईओ ने विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान हिलौली ब्लाक क्षेत्र के जय सिंहखेड़ा स्थित परिषदीय विद्यालय की सहायक शिक्षिका नीलम सिंह, असोहा ब्लाक के केवाना स्थित विद्यालय की शिक्षामित्र गीता देवी वर्मा, मियागंज ब्लाक के भाखरा खेड़ा विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवधेश वर्मा, गंजमुराबाद के विश्रामखेड़ा की सहायक शिक्षिका शिल्पी देवी, नवाबगंज ब्लाक के मकूर परिषदीय विद्यालय की अनुदेशक शबनम व पुरवा के कोदियाखेड़ा स्थित परिषदीय विद्यालय की सहायक शिक्षिका नयन सोनी अनुपस्थित मिले थे। बीईओ की आख्या के आधार पर बीएसए संगीता सिंह ने सभी अनुपस्थित मिले शैक्षिक स्टाफ के वेतन में कटौती का आदेश जारी किया है।

# हरिश्चंद्र पर आधारित नाटक का मंचन

संवाददाता बिछिया, उन्नाव

- कलाकारों ने अपने-अपने चरित्रों को अभिनय के जरिए किया जीवंत

**अमृत विचार।** ब्लाक क्षेत्र के गांव जरगांव स्थित बीरे बाबा मंदिर परिसर में मंगलवार रात कानपुर से आए कलाकारों ने सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र नाटक का मंचन किया।

नाटक की शुरुआत में ऋषि विश्वामित्र इंद्र को बताते हैं कि पृथ्वी पर राजा हरिश्चंद्र सबसे बड़े सत्यवादी हैं। इसके बल पर देवलोक पर भी राज कर सकते हैं। इससे इंद्र को अपना सिंहासन डोलता महसूस होने लगता है। बचाव के उपाय पूछने पर विश्वामित्र ने इंद्र के साथ मिलकर एक षडयंत्र रचा। उन्होंने अपनी माया से एक जोगन प्रगट कर राजा हरिश्चंद्र के दरबार में गायन करने के लिए भेजा। जोगन ने जब राजा हरिश्चंद्र के दरबार में भजन सुनाया तो राजा इतने आनंदित हुए कि उन्होंने जोगन को वरदान मांगने का आदेश दिया। विश्वामित्र के बताए अनुसार जोगन ने राजा हरिश्चंद्र से उनका राजपाट मांग लिया। विश्वामित्र के दखल पर हरिश्चंद्र वेशभूषा सहित अपना राजपाट जोगन को सौंप देते हैं। इसके बावजूद ढाई भार सोना शुल्क बकाया रह जाता है, जिसे चुकाने के लिए राजा हरिश्चंद्र अपनी पत्नी तारामती व पुत्र रोहिताश्व को काशी के एक सेठ के हाथों बेचने को मजबूर होना पड़ा। साथ ही स्वयं को श्मसान के एक चांडाल को सौंपना पड़ा। इस तरह दुःखों का पहाड़ टूटने पर भी वह सत्य से नहीं डिगे। रोहिताश्व की सांप के डसने से मृत्यु हो जाती है। तारामती उसके शव का अंतिम संस्कार करने श्मसान पहुंचती हैं, जहां चांडाल के सेवक के तौर पर वह बिना शुल्क प्राप्त किए अंतिम संस्कार करने से इंकार कर देते हैं। इस पर विश्वामित्र प्रकट होते हैं और सत्यवादिता के लिए राजा हरिश्चंद्र की प्रसंशा कर उन्हें उनका राज वापस दे देते हैं। निर्देशन दि ग्रेट अंजली ने किया। उन्होंने कलाकार औरया के श्याम कुमार (राजा हरिश्चंद्र) कानपुर नवाब (विश्वामित्र) तारामती (मूंगा देवी), बाल कलाकार अंबर लाल (रोहिताश्व), गुड्डू (इंद्र), अंजलि (जोगन) तमन्य अली (काशी के सेठ) से सभी का परिचय भी कराया।

# साहब ! छह लोग मेरी बेटी को उठा ले गए

संवाददाता बिछिया, उन्नाव

**अमृत विचार।** घर में अकेली रही नाबालिग बेटी का दो नामित व चार अज्ञात लोगों द्वारा अपहरण करने की रिपोर्ट एक व्यक्ति ने दही थाना में दर्ज कराई है।

दही थानाक्षेत्र के निवासी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 11 मई की शाम उसकी पत्नी व बेटा उसकी बड़ी बेटी की तबीयत खराब होने पर उन्नाव शहर इलाज के लिये ले गये थे। उसकी छोटी नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी। शाम को सदर कोतवाली क्षेत्र के भूरी देवी निवासी विवेक व उसका भाई अभिषेक अपने चार अज्ञात दोस्तों के साथ आए और असहलों के दम पर घर में जबरन घुसकर उसकी नाबालिक बेटी का अपहरण कर ले गये। जब वह अपनी बड़ी बेटी को लेकर देररात घर पहुंचा तो पड़ोसियों ने उसकी बेटी का अपहरण होने की बात बताई। एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि दो नामजद व चार अज्ञात पर अपहरण करने की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।



# डंपरों में टक्कर, 5 किमी तक लगा जाम

संवाददाता चकलवंशी, उन्नाव

**अमृत विचार।** माखी थानाक्षेत्र के मिर्जापुर कलां पुल के पास मंगलवार देररात ओवरटेक के चक्कर में दो डंपरों में आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें रोड पर भीषण जाम लग गया। सुबह तक रोड पर करीब पांच किलोमीटर लंबा जाम लग गया। कड़ी मशक्कत के बाद डंपरों को हटवाकर जाम खुलवाया जा सका।

क्षेत्र के मिर्जापुर कलां से रसूलाबाद मार्ग पर देररात दो डंपरों में आमने-सामने टक्कर होने से एक डंपर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और वह चलने लायक नहीं बचा। उसके बीच रोड पर खड़े होने से रोड पर जाम लगने लगा। देखते ही देखते रोड के दोनों ओर चकलवंशी तक करीब पांच किलोमीटर लंबा जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की कतारें व जाम लगने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद क्रेन से डंपर को रोड से किनारे करवाया। इसके बाद यातायात सामान्य हो सका। करीब आठ घंटे तक लोग जाम से जूझते रहे।


क्षतिग्रस्त डंपर व लगा जाम। अमृत विचार

- माखी थानांतर्गत मिर्जापुर कलां पुल के पास हुआ हादसा

# बीईओ ने मांगा ओनरशिप रजिस्टर का विवरण

संवाददाता औरास, उन्नाव

- 17 व 18 मई को क्रमशः गणित भाषा की कराई जाएगी परीक्षा
- केवल कक्षा एक के विद्यार्थियों को देनी होगी मौखिक परीक्षा

**अमृत विचार।** बीईओ ने ब्लाक क्षेत्र के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों को पत्र जारी कर ओनरशिप रजिस्टर तैयार करते हुए गणित व भाषा विषयों का आकलन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि 17 व 18 मई को निश्चित तौर पर आकलन रिपोर्ट तैयार करने के लिए छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं कराई जाएं। कक्षा एक का आकलन मौखिक परीक्षा से होगा, जबकि अन्य कक्षाओं के बच्चों की लिखित परीक्षा करानी होगी।

बीईओ संजय कुमार शुक्ल की ओर से जारी पत्र में कहा गया है ओनरशिप संबंधी निर्देश पहले जारी पत्र में दिए जा चुके हैं, लेकिन अधिकांश विद्यालय ओनरशिप रजिस्टर पर आकलन संबंधी विवरण नहीं उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे आभास होता है कि अब तक ओनरशिप निर्धारण की प्रक्रिया पर अमल नहीं किया गया है। पूर्व में जारी पत्र में कहा गया था कि शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर ओनरशिप तय कर आकलन परीक्षा कराते हुए विवरण उपलब्ध कराया जाए। मंगलवार को बीईओ द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि 17 मई को गणित और अगले दिन यानी शनिवार को भाषा की परीक्षा निश्चित तौर पर कराई जाए। साथ ही परीक्षा पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए ओनरशिप रजिस्टर पर विवरण दर्ज किया जाए। ओनरशिप रजिस्टर पर अंकित विवरण संकुल शिक्षक के माध्यम से बीईओ कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए, जिससे ब्लाक क्षेत्र के संकल्ति विवरण को निर्धारित प्रक्रिया के तहत उच्चाधिकारियों तक पहुंचाया जा सके। बीईओ ने मुताबिक मासिक परीक्षा के परिणामों के आधार पर ही बच्चों को उनकी आवश्यकतानुसार भविष्य में गाईड किया जाना है, जिससे उन्हें सर्वांगीण विकास में सक्षम बनाया जा सके।

# गर्भवती की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**बांगरमऊ।** एक गर्भवती महिला के तेज प्रसव पीड़ा होने पर पति उसे सीएचसी लेकर आया। जहां मौजूद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना दिए बिना ही पति शव लेकर घर चला गया।

सूत्रों बताते हैं कि फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत गांव हरदास पुर निवासी हाशिम की पत्नी शबनम (28) को बीती मंगलवार शाम प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। यह देख हाशिम आनन-फानन शबनम को स्थानीय सीएचसी आया। जहां चिकित्सकों ने देखते ही महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दिए बिना ही पति शव लेकर घर चला गया।

# करंट के संपर्क में आने से महिला गंभीर

**गंजमुरादाबाद।** हयात नगर भौंरा निवासी गुड्डू की 25 वर्षीय पत्नी आशा बुधवार को घर में घरेलू काम कर रही थी। तभी वह करंट की चपेट आकर गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया।

# आमने-सामने टकराई तेज रफ्तार बाइकें, दो युवकों की मौके पर मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बिहार थानांतर्गत बक्सर मार्ग स्थित भदेवरा मुडियन के बीच दो तेज रफ्तार बाइकों में आमने-सामने जोरदार टककर हो गई। इसमें दोनों बाइक चालक गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। घटना के बाद मृतकों के परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

बता दें कि बिहार थानाक्षेत्र के भगवंतनगर चौकी अंतर्गत भदेवरा गांव के पास बुधवार देरशाम साढ़े छह बजे दो बाइकें आमने सामने टकरा गईं। घटना के बाद दोनों बाइक चालक सड़क पर काफी दूर तक घिसट गये और उनके सिर में गंभीर चोटें आ गईं। लोगों ने इसकी सूचना बिहार पुलिस को दी। पुलिस ने गंभीर हालत में दोनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार युवकों की पहचान भगवंतनगर भदेवरा चौकी निवासी विजय (35) पुत्र राज बहादुर सिंह व थाना सरेनी के चंद्रमन खेड़ा निवासी विकास (26) पुत्र रामचंद्र के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके परिजनों को घटना की जानकारी दी है। बिहार एसओ शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।


घटनास्थल पर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**बांगरमऊ।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव हफीजाबाद के मजरा मौहाई निवासी मान सिंह (40) पुत्र रामकरन बीती 11 मई को बाइक से बांगरमऊ आया था। लौटते समय उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित एक डेयरी के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी थी। इसमें मान सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया था। उसे सीएचसी से हायर सेंटर रेफर किया गया था। लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मान सिंह की मौत हो गई। परिजन उसका शव अस्पताल से घर लेकर आए। शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शव देख पत्नी सुमन व तीन बेटियों रुचि (16), प्रीती (13) व सोनम (10) का बुरा हाल रहा।

# पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास, 25 हजार जुर्माना

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- मौरावां थानाक्षेत्र के मवई में 21 मई 2019 को हुई थी घटना एडीजे-3 ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली अंतर्गत गला दबाकर पत्नी की हत्या करने के मुकदमे की सुनवाई बुधवार को पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता की दलीलों व प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने पति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास के आदेश दिये। इसके साथ ही 25 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया।

मौरावां थानाक्षेत्र के गांव हिमीखेड़ा के मजरा मवई निवासी सुरेश बाजपेयी ने बीती 21 मई-2019 को पुरवा कोतवाली में दी तहरीर में बताया था कि उसकी बहन सन्नो की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। बताया कि उसने बहन की शादी पुरवा कोतवाली क्षेत्र के भदनान गांव निवासी शिवाकांत अवस्थी पुत्र स्व. मोहन लाल से की थी। जिससे एक बेटी व एक बेटा भी है। बहनोई शिवाकांत घरेलू बात को लेकर अक्सर बहन से मारपीट रहे थे। 20 मई-2019 को बहनोई ने घर में गला दबाकर उसकी बहन की हत्या कर दी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर आरोपी शिवाकांत को 22 मई-2019 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तत्कालीन एसएचओ अतुल कुमार तिवारी ने जांच के बाद साक्ष्य एकत्र कर आरोपी के विरुद्ध 2 जून-2019 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। बुधवार को अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता विनय शंकर दीक्षित द्वारा पेश की गई दलीलों को सुनने के बाद एडीजे-3 ममता सिंह ने आरोपी शिवाकांत अवस्थी को दोषसिद्ध ठहराते हुए आजीवन कारावास से दंडित किया।



**समस्या** सुबह से देर रात तक बिजली न आने से उपभोक्ता हुए परेशान,फीडर 2, 3, 4, 5 और शक्ति नगर क्षेत्र की बंद रही आपूर्ति

# दिनभर गुल रही 50 हजार घरों की बिजली, लोग बेहाल

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** गर्मी में नगर वासियों को बेहतर बिजली देने के लिये बिजली विभाग ने सरैयां सब स्टेशन में नया 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर मंगाया है। जिसे लगाने के लिये बुधवार सुबह से काम कराया गया। इस दौरान फीडर दो, तीन, चार, पांच और शक्ति नगर की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई। सुबह से देर रात तक बिजली न आने पर गर्मी में लोग बिलबिला उठे। बिजली न आने से लगभग पचास हजार घरों की बिजली गुल रही। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

बिजली विभाग ने नये 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर को लगाने के लिये शासत्र को पत्र भेजा था। जिसकी स्वीकृत मिलने पर नया 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर सरैयां सब स्टेशन पर लाया गया। जिसके बाद मंगलवार को एक्सईएन सूर्योदय कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नगर की बिजली सुबह से देर रात तक बंद करने की जानकारी दी थी। बुधवार सुबह ग्यारह बजे बिजली विभाग ने पांच एमवीए की जगह दस एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाने का काम किया गया। इस दौरान हाइड्रा से दस एमवीए के ट्रांसफार्मर को फाउंडेशन पर रखवाया गया।

कार्य के चलते शुक्लागंज सबस्टेशन के फीडर 2, 3, 5 और शक्तिनगर व गंगाघाट टाउन से फीडर 4 की बिजली आपूर्ति दिन करीब ग्यारह बजे से देर रात तक बंद रही। बिजली न आने से लगभग पचास हजार घरों में अंधेरा छाया रहा। वहीं इलेक्ट्रानिक उपकरण शो पीस बने रहे। वहीं कार्य के दौरान एई गुलरेज की मौजूदगी में परीक्षण भी कराया गया। मध्य रात्रि के बाद नगर की विद्युत आपूर्ति चालू होने की जानकारी विभाग ने दी। बिजली आपूर्ति चालू होने के बाद उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।


सब स्टेशन में 10 एमवीए का रखा जाता ट्रांसफार्मर।


सब स्टेशन में परीक्षण करते एई गुलरेज। अमृत विचार

### इनवर्टर हुये धड़ाम, पानी को हुये परेशान

सब स्टेशन पर कार्य होने के कारण कहीं दस घंटे तो कहीं चौदह घंटे तक बिजली गुल रही। जिससे पचास हजार घरों की बिजली गुल रही। इस दौरान घरों में लगे इवनर्टर धड़ाम हो गये। वहीं पानी की टंकी खाली होने से लोग पानी के लिये परेशान दिखे।

### सिर्फ फीडर एक रहा चालू

शुक्लागंज में बुधवार को गोकुल बाबा से आने वाले फीडर एक की आपूर्ति चालू रही। जिससे कुछ क्षेत्र में बिजली आई। बाकी दो तिहाई क्षेत्र में सुबह से देर रात तक बिजली गुल रही।

# दो दर्जन स्थानों पर नांदें रखवाईं

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** गौ-सेवा को समर्पित नर सेवा-नारायण सेवा के संस्थापक अध्यक्ष विमल द्विवेदी ने इस भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के दो दर्जन स्थानों पर बेजुबानों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए नांदें रखवाईं। नांदों की साफ-सफाई व ताजा पानी भरने की जिम्मेदारी स्थानीय लोग उठाएंगे। इसके लिए पहले ही संस्था ने सभी से सहमति ले ली है।

बता दें कि शहर भर में बड़ी संख्या गोवंश घूमते रहते हैं। पालिका प्रशासन ऐसे मौसम में बेजुबानों की प्यास बुझाने के कोई प्रबंध नहीं करता है। इसलिए निजी संस्थाओं को ही गौवंश की चिंता करते हुए गर्मियों में पानी की व्यवस्था करनी होती है। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष ने गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होने की सनातनी जानकारी देते हुए कहा कि हर हिंदू भाई-बहन का गायों को पीने का पानी मुहैया कराने का दायित्व बनता है। जीवन की आपाधापी व बढ़ती महंगाई से नांद के जरिए गौ-सेवा के तहत बेजुबानों को पानी मुहैया कराने की ओर सभी का ध्यान नहीं जा पाता है। इसीलिए संस्था द्वारा रामदेईखेड़ा में संकल्प दीक्षित, आवास विकास कालोनी सी ब्लाक में नरेंद्र अवस्थी, जवाहर नगर में ज्ञानेंद्र पाठक, छोटा चौराहा में श्याम बहादुर प्रजापति, शिवनगर कोयला वाली गली में हरिशंकर तिवारी व डब्बू गुप्ता, पीडी नगर में सरिता सिंह सहित शहर के दो दर्जन से अधिक स्थानों पर बुधवार को नांद रखवाते हुए संबंधित लोगों के सहयोग से बेजुबानों को नियमित पीने का पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था शुरू कराई गई है। विमल द्विवेदी ने बताया कि इसके अतिरिक्त नांद भी तैयार हैं।


गोवंश के लिए नांद रखवाते विमल द्विवेदी। अमृत विचार

# वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या कर शव कुएं में फेंका, फैली सनसनी

## ट्यूबवेल के लिए बनी कोठरी में रहता था वृद्ध, कल्याणी गांव में हुई वारदात

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** बिहार थानांतर्गत कल्याणी गांव में फसल की रखवाली करने के लिए खेत में लगे ट्यूबवेल की कोठरी में रह रहे 90 वर्षीय किसान की हत्या कर शव ट्यूबवेल के कुएं में फेंक दिया गया। खेत गए लोगों ने खून पड़ा देख परिजनों को इसकी जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। बेटे ने पड़ोसी युवक पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस तहकीकात में जुटी है।

कल्यानी गांव निवासी राम औतार यादव (90) गांव के बाहर अपने खेतों में बनी कोठरी में रहते थे। उसी में उनका ट्यूबवेल भी लगा था। मंगलवार रात किसी ने उसकी धारदार हथियार से हत्या कर शव बोरिंग के कुएं में फेंक दिया। सुबह



गमगीन परिजन। अमृत विचार

ग्रामीणों ने वहां खून पड़ा देखा तो परिजनों को इसकी जानकारी दी। इस पर पौत्र छोटा पुत्र मोहनलाल व नाती अमर बहादुर यादव ट्यूबवेल पहुंचे और वृद्ध की तलाश की। इसी दौरान टीन शेड के सामने बोरिंग के कुएं में झांककर देखा तो अंदर राम औतार का रक्तरंजित शव पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव बाहर निकलवाया। शव की हालत देख कुल्हाड़ी से वार कर हत्या किए जाने की आशंका जताई गई है। जांच में पास ही एक कुल्हाड़ी का हत्था भी मिला है।

दिवंगत के बड़े पुत्र मन्नू लाल ने गांव निवासी जुग्गू उर्फ रजनेश यादव पुत्र हीरालाल के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनका कहना है कि जुग्गू ने रंजिश के चलते उसके पिता को कुल्हाड़ी से हत्या कर शव कुएं में फेंका है। बताया कि आरोपी आएदिन पिता को परेशान करता था। एक बार उनकी दीवार गिराने के साथ ही सौर ऊर्जा बैटरी भी चोरी कर ले गया था। पिता ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। इसी रंजिश में उसने पिता की हत्या की है। बताया कि आरोपी का ट्यूबवेल भी दिवंगत के ट्यूबवेल से 100 मीटर दूर है। चर्चा है कि आरोपी आएदिन गांव में मारपीट करता है। इसके चलते उसके मानसिक बीमार रहने की भी चर्चा रही। पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं वृद्ध के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सीओ माया राय ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपी पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## घर के बाहर खड़ी स्कूटी चोरों ने की पार

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर मोहल्ले में मंगलवार देर शाम घर के बाहर खड़ी स्कूटी को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। जानकारी होने पर स्कूटी मालिक ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया है।

पोनी रोड गांधी नगर निवासी महेश त्रिवेदी ने बुधवार को गंगाघाट कोतवाली को तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार देर शाम वह कुछ काम से वापस लौटा। जहां स्कूटी घर के बाहर खड़ी कर दी और अंदर चला गया। रात करीब दस बजे बाहर निकला तो स्कूटी गायब थी यह देखकर वह चौक पड़ा और घर आकर स्कूटी चोरी होने की जानकारी दी। इस पर उसने व परिजनों ने आस पास स्कूटी ढूंढी लेकिन कहीं कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दी, जिस पर पुलिस ने तलाश कर स्कूटी का पता लगाये जाने का आश्वासन दिया है।



छात्र-छात्राओं की मौजूदगी में प्रधानाचार्या को स्मृति चिन्ह देते आयोजक। अमृत विचार

# संस्थानों में संपर्क कर खोज रहे प्रतिभाएं

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** क्विज रियलिटी शो 'इंडियाज फर्स्ट वन मिलिनीयर' आयोजित करने के लिए पीपुल्स विजन फिल्म प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड की टीम ने शहर की शैक्षिक संस्थाओं से संपर्क की शुरुआत कर दी है। टीम प्रबंधन ने बताया कि दिमागी ताकत को साबित करने के लिए विभिन्न आयुवर्ग के लोगों खासकर विद्यार्थियों को स्वयं को साबित करने के लिए मंच उपलब्ध कराया जा रहा है।

टीवी शो का निर्देशन करने वाले एसके जायसवाल व ओमप्रकाश, अंशिका सिंह, श्वेतांक प्रकाश चतुर्वेदी, रेड क्रास सोसायटी के वाईस चेयरमैन डा. मनीष सिंह सेंगर व इवेंट मैनेजर राहुल कश्यप आदि ने बुधवार को शहर के आनंदराम जयपुरिया स्कूल, सीटेक कम्प्यूटर सहित विभिन्न कोचिंग संस्थाओं में जाकर प्रबंधन सहित विद्यार्थियों को क्वीज शो की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 11 से 65 वर्ष आयु वर्ग के लोग इसमें अपनी मेधा (स्मरण शक्ति) का लोहा मनवाकर विभिन्न पुरस्कार प्राप्त कर सकते हैं। आयोजकों ने बताया कि शहर व देश के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर उपलब्ध कराने को मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। इस प्रतियोगी शो में शहरी सहित ग्रामीणों को भी अपना कौशल साबित करने का अवसर प्राप्त होगा। इसके लिए डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.इंफोशो. काम वेबसाइट पर कोई भी भारतीय नागरिकता प्राप्त व्यक्ति अपना रजिस्ट्रेशन करा सकता है। इस शो में विद्यार्थियों के अलावा गृहणियां, कारोबारी व नौकरीपेशा लोग भी स्वयं को साबित करने का प्रयास कर सकते हैं। पहले चरण में तीन चक्र में आन लाइन आडिशन होगा, जिसमें सफलता प्राप्त प्रतियोगियों को अगले चरण में प्रवेश दिया जाएगा। वहीं अंतिम चरण में तीन प्रतियोगियों के बीच महा मुकाबला कराते हुए पुरस्कृत किया जाएगा। महामुकाबले के दो विजेताओं को 10 व पांच लाख रुपये और फाइलन राउंड के विजेता को एक करोड़ रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

## एक नजर

### गैंगस्टर के आरोपी गिरफ्तार

**बिछिया।** दही थाना प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को माखी थानाक्षेत्र के मझकोरिया निवासी गैंगस्टर में वांछित चल रहे राम किशोर यादव को पकड़ा गया है। उसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### तमंचे के साथ युवक हुआ गिरफ्तार

**उन्नाव।** अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में फतेहपुर चौरासी थाना में तैनात दरोगा संतोष कुमार राय हमराहियों के साथ संदिग्ध व्यक्तियो व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान राजा निषाद पुत्र स्व रामलाल निवासी ग्राम तोरना थाना फतेहपुर चौरासी को एक अदद तमंचा के पकड़ा। इस पर पुलिस ने उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया।

# टेंपों का अवैध स्टैंड, लगता है जाम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पोनी तिराहे के पास आड़े तिरछे टेंपो और ई रिक्शा खड़े होने के कारण रोजाना सुबह शाम के अलावा दोपहर में भी जाम की स्थिति बन रही है। पूर्व में अधिकारियों ने अवैध रूप से संचालित टेंपो स्टैंड को हटवाने के निर्देश दिये थे। इसके बावजूद स्टैंड नहीं हटा। जिससे राहगीरों को जाम का दंश झेलना पड़ रहा है।

पोनी रोड मोड़ के पास संचालित अवैध टेंपो स्टैंड न हटने से रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। जबकि पूर्व में स्टैंड हटवाने के लिये द्वारिका मोहनी कम्पाउंड के पास पड़ी पालिका की जमीन पर अतिक्रमण भी हटवाया गया था। इसके बावजूद स्टैंड वहां नहीं ले जाया गया। जिस कारण प्रतिदिन लोगों को जाम का दंश झेलना पड़ रहा है। वहीं पोनी रोड तिराहे के पास टेंपो और ई रिक्शा चालक बेतरतीब ढंग से अपने वाहन खड़े कर देते हैं। जिससे फोरलेन का रास्ता संकरा हो जाता है और वाहन नहीं निकल पाते हैं। जिस कारण जाम से राहगीरों को जूझना पड़ रहा है। इसके बावजूद पालिका प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।



पोनी रोड तिराहे पर बेतरतीब ढंग से खड़े ई-रिक्शा। अमृत विचार

**बोलीं चेयरमैन**

नया टेंपो स्टैंड बनाने की प्रक्रिया चल रही है, लोक सभा चुनाव के चलते कार्य प्रभावित हुआ है। टेंपो स्टैंड बनते ही पोनी रोड तिराहे का अवैध टेंपो और ई रिक्शा स्टैंड हटवाया जायेगा।

**-कौमुदी पांडे, पालिकाध्यक्ष नगर पालिका गंगाघाट**

# अधिवक्ताओं ने लगाया हमला करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- दही थानांतर्गत सोनिक पावर हाउस के पास हमला करने और धमकी देने की दी तहरीर

**अमृत विचार।** दही थानाक्षेत्र स्थित सोनिक पावर हाउस के सामने बाइक से जा रहे अधिवक्ताओं ने अपने ऊपर हमला किये जाने का आरोप लगा थाने में तहरीर दी है। उनका कहना है कि उन्हें असलहा दिखाकर धमकी दी गई और उनकी बाइक में टक्कर मार दी गई। इसमें गिरने से वे घायल भी हुए हैं। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हालांकि, पुलिस हादसे में अधिवक्ताओं के घायल होने की बात कह रही है।

बता दें कि सोहरामऊ थानाक्षेत्र के सेमरा गांव निवासी अधिवक्ता सुनील लोधी व जैतीपुर निवासी अजीत रावत ने दी तहरीर में बताया कि वे बुधवार शाम कचहरी में काम समाप्त करने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। तभी दही थानांतर्गत सोनिक पावर हाउस के सामने दूसरी बाइक से आए लोगों ने असलहा दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी और उनकी बाइक में टक्कर मारकर उन्हें गिरा दिया। यह देख वहां मौजूद लोग भी पहुंच गए जिसके बाद हमलावर वहां से भाग गए। अधिवक्ताओं पर हमला होने की खबर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष व महामंत्री जिला अस्पताल पहुंचे और उनका हालचाल लिया। हालांकि पुलिस इसे हादसा मान रही है और इसी के चलते कहासुनी होने की बात कह रही है।

## सार-संक्षेप



सन्नी गांव में भाकियू नेता के चित्र पर पुष्प अर्पित करते किसान। अमृत विचार

### महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर किसानों ने किया याद

**शुक्लागंज उन्नाव।** बुधवार को सन्नी गांव में भारतीय किसान यूनियन के पूर्व अध्यक्ष एवं किसानों के मसीहा कहे जाने वाले महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई गई। जहां किसानों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। भारतीय किसान यूनियन के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र सिंह टिकैत की बुधवार को सन्नी गांव स्थित पंचायत घर में पुण्यतिथि मनाई गई। जहां शंकरपुर सराय, गरेरेपुरवा, जटपुरवा, समेत आस पास कई गांवों के सैकड़ों किसान पहुंचे। इस दौरान सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुये उन्हें याद किया। जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद यादव ने कहा कि टिकैत पर किसानों के खातिर कई सरकारों से संघर्ष कर किसानों को उनका हक दिलाया था। इस मौके पर डॉ. रामबालक यादव, मामता रावत, रामस्नेही, प्रेम सिंह, राधेलाल, गोविंद अवस्थी, पवन त्रिवेदी, अतुल वर्मा, शीला यादव, गोपाल, अतुल अवस्थी, अमन निगम, संतोष आदि रहे।

### कार और तरबूज लदे लोडर में हुई भिड़ंत

**शुक्लागंज उन्नाव।** बुधवार दोपहर आजाद मार्ग स्थित पोनी गांव के सामने एक लग्जरी कार और तरबूज लदे लोडर में आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। वहीं दुर्घटना में कार सवार लोगों को मामूली चोटें आई। बुधवार दोपहर करीब दो बजे हाइवे की ओर से मरहला चौराहे की ओर आजाद मार्ग होते हुये एक लग्जरी कार जा रही थी, जैसे ही कार पोनी गांव के पास पहुंची, तभी पोनी बाजारा तरबूज लादकर जा रहे लोडर से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दोनों वाहनों की रफ्तार तेज होने के कारण कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और कार में बैठे लोगों को बाहर निकाला। जहां उन्हें मामूली चोटें आई। वहीं बीच सड़क पर खड़े क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे कराया गया। जिसके बाद वाहन निकले।



दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त खड़ी कार।

### भीषण गर्मी में पालिका सुबह शाम पेड़ों में डलवा रही पानी

**शुक्लागंज उन्नाव।** मई माह में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से जहां आम जनमानस बेहाल है। वही पालिका की ओर से फोरलेन के डिवाइडर पर लगे पेड़ों को बचाने के लिए सुबह-शाम पानी डलवाया जा रहा है। जिस पेड़ हरे भरे हो रहे हैं। चेयरमैन कौमुदी पांडे व ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर पालिका के टैंकरों से सुबह-शाम कर्मी फोरलेन के डिवाइडर पर लगे तमाम पेड़ों में पानी डालने का काम कर रहे हैं। भीषण गर्मी में पानी मिलने से पेड़ पौधे हरे-भरे हो रहे हैं। इसे लेकर पालिकाध्यक्ष ने बताया कि पेड़ों में पानी डालने के लिए सुबह-शाम कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।



पौधों में पानी डालता कर्मी।

# मामूली बात पर हुई मारपीट मां बेटे समेत तीन घायल

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के प्रेम नगर निवासी एक युवक पोनी रोड में चाट का ठेला लगाता है। आरोप है कि अहमद नगर में रहने वाले कुछ युवकों ने उससे मारपीट की। इस दौरान बीच बचाव करने आई मां और भाई को भी पीटा। जिससे तीनों को चोटें आई। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा है।

पोनी रोड प्रेमनगर निवासी अमित गुप्ता ओम विद्या मंदिर के पास ठेले पर पानी के बतासा बेचने का काम करता है। उसने बताया कि मंगलवार रात साढ़े आठ बजे वह इंस्टाग्राम में रील देख रहा था, तभी अहमद नगर निवासी एक किशोर आया और उसने घर पर



घायल अमित।



घायल गोमती।

जाकर बताया कि उसे इंस्टाग्राम पर अश्लील वीडियो दिखा रहे थे। जिस पर अहमद नगर के कुछ लोग उसकी दुकान पर पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर उसे लाठी डंडों से उसे पीटा और बचाव में भाई उमाशंकर व मां गोमती को भी पीट घायल किया। घायलावस्था में तीनों गंगाघाट कोतवाली पहुंचे। जहां पुलिस ने तीनों घायलों को इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा है। वहीं पीड़ित ने आरोपियों पर कार्यवाही करने के लिये कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

## शिक्षकों के काम की होगी रिकार्डिंग

**उन्नाव।** परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए जल्द ही शिक्षक-शिक्षिकाओं व अन्य शैक्षिक स्टाफ का मूल्यांकन किया जाएगा। विद्यालयों में शिक्षण कार्य कराते हुए शिक्षकों की वीडियो क्लिप तैयार की जाएंगी। जिन्हें देखकर डायट स्टाफ शिक्षणकार्य में सुधार लाया जाएगा। हालांकि अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त हो पा रहे हैं। इसीलिए अब शिक्षकों का शिक्षण कार्य सुधारने पर काम किया जाएगा। डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने एक आदेश जारी किया है, जिसमें अध्यापन कार्य कराते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित शिक्षामित्र व अनुदेशकों की वीडियो रिकार्डिंग की जाएगी। तैयार होने वाली वीडियो क्लिप डायट को उपलब्ध कराया जाएगा। प्राथमिक शिक्षक तैयार करने वाला यह संस्थान वीडियो देखकर शिक्षण को प्रभावशाली बनाने के सुझाव देगा।

# भीषण गर्मी में एक दर्जन गांवों को नहीं मिल रहा पीने का शुद्ध जल

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** पोनी गांव में बनी पानी की टंकी से आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों को जलापूर्ति की जाती है। इधर पांच दिनों से एक दर्जन से अधिक गांवों को जलापूर्ति नहीं हो रही है। जिससे भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पानी के लिये भटकना पड़ा है।

धनइयां से लेकर मेडिया खेड़ा समेत करीब डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों का पानी खारा है। क्षेत्र में जालिम खेड़ा पंप हाउस से दर्जनों गांवों में शुद्ध पानी की सप्लाई की जाती थी। पंप हाउस का पानी पोनी गांव में पानी की टंकी तक पहुंचता है। जिसके बाद गांवों को जलापूर्ति की जाती है। पिछले कई दिनों से एक दर्जन से अधिक क्षेत्र में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। जलापूर्ति न होने के कारण ग्रामीणों ने जल विभाग को जानकारी दी। इसके बावजूद विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। कुछ ग्रामीण आरओ वॉटर खरीद कर काम चला रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जल कल के कर्मचारियों ने बताया है कि आपसी विवाद के चलते टंकी को जाने वाले वॉल्व को बंद कर दिया गया है। जिससे टंकी में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिस कारण लखापुर, रमचरामऊ, पपरिया, रामगंज, लोहारन खेड़ा, लोचन खेड़ा, डकारी, कुटेवा, त्रिभुवन खेड़ा समेत एक दर्जन से अधिक गांवों की जलापूर्ति नहीं हो पा रही है।



- गर्मी में पानी न मिलने से परेशान हो रहे ग्रामीण

**बोले जिम्मेदार**

जिन गांवों में जलापूर्ति नहीं हो रही हैं, उन गांवों में नई पाइप लाइन डालने का कार्य कराया जा रहा है, जो लगभग अस्सी फीसदी पूरा हो गया है। अलग-अलग स्थानों पर ओवरहेड टैंक बनाये जा रहे हैं। कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र की जलापूर्ति चालू हो सकेगी।

**-रामचंद्र शुक्ला, जेई जलकल**

**लापरवाही** निर्माण सामग्री को जमा करने पर कार्रवाई करना तय कर चुकी है पालिका

# सड़क पर डंप निर्माण सामग्री बनी 'दुश्मन'

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सड़कों व गलियों में निर्माण सामग्री का ढेर लगाने वालों पर नगर पालिका परिषद शिकंजा नहीं कस रही है, जबकि पिछले साल पालिका ने इसके लिए योजना तैयार करते हुए जुर्माना जमा कराना तय किया था। रास्तों पर जगह-जगह निर्माण सामग्री पड़ी रहने से लोगों को जहां आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं कई बार रास्तों पर बिखरी मौरंग-बालू से दोपहिया वाहन स्लिप होने पर लोग चुटहिल होते रहते हैं।

शहर सीमा में लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग व उन्नाव-हरदोई राज्य स्तरीय राजमार्ग सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर निर्माण सामग्री के ढेर लगे दिखना आम बात है। निर्माण सामग्री के कारोबारी आमतौर पर फुटपाथ सहित सड़कों तक अपना बारदाना फैलाए रहते हैं।

इसी तरह गलियों में भी जगह-जगह भवन निर्माण कराने वाले ईंटा, मौरंग व बालू आदि एकत्र करा देते हैं। निर्माण सामग्री के जरिए रास्तों पर अतिक्रमण किए जाने से रास्ते संकने हो जाते हैं, जिससे कई बार जहां जाम की समस्या खड़ी होती है। वहीं थोड़ी तेज रफ्तार दोपहिया वाहन स्लिप होने लगते हैं। नगर पालिका परिषद ने पिछले साल शासन के निर्देश पर रास्तों पर निर्माण सामग्री के जरिए अतिक्रमण करने वालों से जुर्माना जमा कराना तय किया था। इसके बावजूद अब तक न तो किसी निर्माण सामग्री एकत्र करने वाले को नोटिस जारी की गई और न ही किसी पर जुर्माना ही लगाया जा सका, जबकि निर्माण सामग्री की वजह से लगातार वाहन सवार चुटहिल होते रहते हैं। लोगों का कहना है कि पालिका को तुरंत संबंधित करोबारियों सहित अन्य अतिक्रमणकारियों की सूची तैयार कर निरोधात्मक कार्रवाई करनी चाहिए।



राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ओवरब्रिज के नीचे डंप कारोबारियों की निर्माण सामग्री।

- फिर भी न तो नोटिस जारी कर रही और न ही जमा कराया जा रहा जुर्माना

## लूट और बाइक चोरी के दो आरोपी पकड़े गए

**उन्नाव।** अलग-अलग थानाक्षेत्र में लूट व बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो आरोपी चेकिंग के दौरान माखी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने इनके पास से चोरी की दो बाइक व 3415 रुपये नगदी बरामद कर की है। माखी एसओ संदीप मिश्रा ने बताया शारदा नहर मेथीटीकुर के पास से चेकिंग के दौरान लहबरपुर निवासी आदर्श सिंह और अभिषेक सिंह को पकड़ा।

वह पास बाइक के कोई कागज नही दिखा पाए। तहकीकात में बाइक चोरी की निकली। इसके साथ दोनो ने सफीपुर के गहरुवा निवासी नवनीत से लूट पाट की घटना को स्वीकार किया उनके पास से लूट का मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

# जेल में निरुद्ध बंदियों को योग व प्राणायाम करवाया गया

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष व जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव के निर्देश पर बुधवार को जिला जेल में अपर जिला जज व प्राधिकरण के सचित मनीष निगम द्वारा मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में सचिव ने जेल में निरुद्ध पुरुष व महिला बंदियों को बताया कि व्यक्ति को हमेशा तनाव से बचना चाहिए और सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। कहा कि इस वर्ष विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की थीम मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है के साथ जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। इस दौरान जनसाहस एनजीओ द्वारा जेल में निरुद्ध पुरुष व महिला बंदियों को योग व प्राणायाम कराया गया। इस दौरान जेल अधीक्षक पंकज सिंह, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल रमेश चंद्र वर्मा, असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल कार्तिक सिंह व अंशु सिंह, डिप्टी जेलर प्रभाकान्त, मनोचिकित्सक जिला अस्पताल व उनकी टीम और जनसाहस एनजीओ के पराविधिक स्वयं सेवक व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



शिविर में बंदियों को जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

- जिला जेल में लगा मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर

## एक नजर

### किशोरी के साथ दुराचार का आरोप, पुलिस से शिकायत

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के युवक पर नाबालिग पुत्री के साथ दुराचार करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू की है। किशोरी की मां ने बताया कि उसकी पुत्री बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के एक गांव के स्कूल में कक्षा 10 की छात्रा है। उसी गांव का रहने वाला युवक पुत्री को बहला कर उसके साथ दुराचार करता रहा। इसकी जानकारी उसे तब हुई जब मंगलवार की रात अचानक उसकी आंख खुली तो पुत्री घर में नहीं थी। वह टार्च लेकर उसे ढूंढने निकली तो पड़ोस में बने पंचायत घर के बरामदे में दोनों को आपत्ति जनक हालत में पाया। उसके पहुंचने पर आरोपी भाग गया। पुत्री ने सारी बात बताई और उसी युवक से शादी करने की बात कही। युवक से शादी करने के लिए बात की तो उसने दो वर्ष बाद शादी करने की बात स्वीकार की, लेकिन युवक के माता-पिता ने शादी करने से इंकार कर दिया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पुलिस को तहरीर देने पर दी जा रही है धमकी

**हरदोई, अमृत विचार।** दबंग बाप-बेटों ने एक दिव्यांग के पेड़ो को जबरन काट लिया, जिसकी शिकायत करते हुए उसने पुलिस को तहरीर दी, उस पर पुलिस ने तो कुछ किया नहीं, बल्कि उल्टे आरोपी पुलिस को तहरीर देने पर मार डालने की धमकी देते घूम रहें है। इस बारे में उस दिव्यांग ने बुधवार को एसपी के सामने अपना दुखड़ा सुनाया। सुरसा थाने के भैंसहना पुरवा मजरा सौतेरा निवासी महेंद्र पाल पुत्र रामखेलावन दिव्यांग है। उसने बताया कि गांव के उजागर ने अपने पुत्रो मनोहर व अजयपाल के साथ मिल कर जबरन उसके पेड़ काट लिए थे। जिसकी तहरीर उसने पुलिस को दी। बुधवार को एसपी ऑफिस पहुंचें दिव्यांग महेंद्र पाल ने बताया कि तहरीर देने के बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। महेंद्र पाल का कहना है कि धमकियों से किसी भी अनहोनी से उसके घर वाले काफी डरे हुए है।

# नेपाली नागरिकों से भरी बस ट्रैक्टर से टकराई, 70 लोग घायल

## पलिया से मुम्बई जाते हुए शाहाबाद-पाली रोड पर हुआ हादसा, पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया, बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला

**संवाददाता, पाली, हरदोई**

**अमृत विचार।** 70 नेपालियों से भरी बस शाहाबाद-पाली रोड पर परेली गांव के पास ट्रैक्टर से टकरा कर खाईं में जा गिरी। हादसा होने वहां चीख-पुकार मच गई। आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े। वहां पहुंची पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चला कर बस में फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला। बस लखीमपुर के पलिया से मुम्बई जा रही थी। हादसे में सभी 70 सवारियां ज़ख्मी हुई है, जिनमें से कुछ की हालत काफी नाजुक बनी हुई है। जिन्हें एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज भेजा गया है।


घटनास्थल पर पलटी बस व मौके पर पहुंची पुलिस। अमृत विचार

जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात को डबल डेकर बस लखीमपुर के पलिया से तकरीबन 70 नेपाली नागरिकों को लेकर मुम्बई के लिए निकली थी। बस बुधवार की भोर पहर शाहाबाद-पाली रोड से गुज़र रही थी, उसी बीच परेली गांव के पास ट्रैक्टर ने बस में टक्कर मार दी, जिससे बस सड़क के किनारे खाईं में जा गिरी। बस की सवारियों में चीख-पुकार मच गई। आस-पड़ोस के लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और पुलिस व एम्बुलेंस-108 को सूचना दी। हादसे के बाद ट्रैक्टर ड्राइवर और बस का ड्राइवर व कंडक्टर वहां से फरार हो गए। उसके बाद पाली थाने में तैनात एसआई वीर बहादुर सिंह अपने साथ दो ट्रेनी एसआई और पुलिस जवानो के साथ वहां पहुंचे, सर्च ऑपरेशन चला कर बस में फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला। बस की लगभग सभी सवारियां ज़ख्मी थी, उनमें से कुछ को मेडिकल कालेज भेजा गया।


बस में फंसे लोगों को निकालता पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### शाहाबाद-पाली से होकर चोरी-छिपे हो रहा डबल डेकर बसों का संचालन

परेली के पास हुए डबल डेकर बस वाला हादसा कोई पहला नहीं है, इससे पहले सर्दियों में भी डबल डेकर बस रोडवेज़ बस से टकरा चुकी है। जिसमें डबल डेकर बस के ड्राइवर की मौत हुई थी और रोडवेज़ बस कआ ड्राइवर बुरी तरह से ज़ख्मी हुआ था, जिसे बस को काट कर बाहर निकाला गया था। बताया जा रहा है कि दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के लिए इन्हीं डबल डेकर बसों को शाहाबाद-पाली से होकर चोरी से चलाया जा रहा है।

### इधर-उधर बिखरा पड़े थे बैग व अटैची

एका-एक हुए हादसे से बस पर सवार नेपाली कुछ देर के लिए अपनी सुध-बुध खो बैठे। वहां हर किसी को अपनी-अपनी पड़ी थी। साथ में बैग, अटैची या कोई और सामान था, वह कहां है, इसकी किसी को परवाह नहीं थी। बस के आसपास उनका सारा सामान लावारिस पड़ा हुआ था। जिसे पुलिस जवानों ने उठा-उठा कर एक जगह पर इकट्ठा किया।

### मदद के लिए बुलाई गईं आठ एम्बुलेंस

परेली के पास खआईं में बस पलटने की खबर से आस-पड़ोस के गांवों तक में खलबली मच गई। सर्च ऑपरेशन के दौरान ज़ख्मी हुए लोगों की मदद के लिए आनन-फानन में वहां आठ एम्बुलेंस बुलाई गई। जिनकी मदद से कुछ को सीएचसी और कुछ को इलाज के लिए मेडिकल कालेज भेजा गया।

# घर के अंदर करंट की चपेट में आकर किसान नेता की मौत

**हरदोई**

**अमृत विचार।** जनसेवा केंद्र का संचालक और किसानों के हक के लिए लड़ने वाले युवक की मंगलवार की देर रात बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां कोहराम मच गया। पुलिस हादसे की गहराई से जांच कर रही है।

बताया गया है कि कछौना कोतवाली के कामीपुर निवासी 30 वर्षीय संदीप कुमार गौतम पुत्र रामपाल गौतम जनसेवा केंद्र का संचालक था और कछौना की बसंत मार्केट में अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ किराए पर रहता था। किसानों के हक की बात को



जनसेवा केंद्र का था संचालक, मंगलवार की देर रात हुआ हादसा

आगे रखने वाले संदीप गौतम अपने समाज की भलाई के लिए हमेशा आगे रहता था। मंगलवार की देर अचानक बिजली के करंट की चपेट में आने से उसकी वही पर मौत हो गई। पत्नी के चीखने-चिल्लाने की आवाज़ सुन कर आस-पड़ोस वाले दौड़ पड़े, लेकिन उनके वहां पहुंचने से पहले सारा कुछ खत्म हो चुका था। वहां पहुंची पुलिस हादसे की जांच-पड़ताल कर रही है।

# युवक ने विद्युत तार से फंदा लगाकर दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** युवक ने अपने मकान के अंदर बिजली के तार से फंदा बनाकर फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। हरपालपुर थाने के संथरा मजरा लमकन निवासी 22 वर्षीय आकाश कश्यप पुत्र माधौराम कश्यप मेहनत-मज़दूरी करता था। मंगलवार की रात वह खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। रात में ही किसी वक्त परिजन जब उठे तो देखा कि आकाश का शव बिजली के तार से बने फंदे से कमरे की धन्नी से लटक रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आकाश के परिजनों को भी नहीं पता कि उसने ऐसा क्दम क्यों उठाया। कोई ऐसी बात भी नहीं हुई थी।

# छात्र की रोडवेज बस से कुचल कर मौत

**संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई**

**अमृत विचार।** बड़े भाई के साथ स्कूल से घर लौट रहा छात्र सड़क पार कर रहा था, उसी बीच सीतापुर डिपो की रोडवेज़ बस उसे कुचलते हुए निकल गई। हादसे में छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। बुधवार की दोपहर प्रतापनगर चौराहे पर हुए हादसे से गुस्साई भीड़ सड़क पर आ गई और जाम लगा दिया। स्थिति पर नियंत्रण के लिए कई थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। काफी देर तक हंगामे के बाद जाम खुलवाया जा सका। हादसे की जांच की जा रही है।

बेनीगंज कोतवाली के झरोइया निवासी पीआरडी जवान मनोज तिवारी कई सालों से प्रतापनगर चौराहे पर मकान बनवा कर रहा रहा है। मनोज तिवारी लखनऊ में तैनात है। बुधवार की सुबह उसका 6 वर्षीय पुत्र शौर्य तिवारी अपने बड़े भाई हनी तिवारी के साथ वहीं पास के एक पब्लिक स्कूल से पढ़लौट रहा था। घर के पास पहुंचकर शौर्य सड़क पार कर रहा था, तभी वहां से निकली बस ने उसे रौंद दिया। हादसा देखकर वहां मौजूद लोगों में आक्रोश छा गया। गुस्साए लोग सड़क पर आ गए और जाम लगा दिया। इसका पता होते ही कई थानो की पुलिस वहां पहुंच गई। उसे काफी देर तक जाम लगाए लोगों से जूझना पड़ा, तब कहीं जाम को खुलवा कर रास्ता बहाल कराया गया। एसएचओ बेनीगंज संजय त्यागी ने बताया कि हादसे का केस दर्ज जांच की जा रही है। पीआरडी जवान के बेटे शौर्य की मौत से घर में मातम बरपा है।


रोते बिलखते मृतक के परिजन और बच्चे शौर्य की फोटो (इनसेट में)।

### स्कूल का पहला दिन बन गया जीवन का आखिरी दिन

पहले दिन स्कूल के लिए घर से निकला शौर्य अब कभी लौट कर वापस नहीं आएगा। मनोज ने रोते हुए बताया कि उसका बेटा का बुधवार को स्कूल में पहला दिन था। स्कूल जाने के लिए खुशी-खुशी तैयार हुआ, उसे उसका बड़ा भाई हनी छोड़ कर आया था। दोपहर में छुट्टी होने के बाद वह बड़े भाई के साथ घर लौट रहा था, लेकिन किसे पता था कि उसका स्कूल में पहला दिन ही आखिरी दिन होगा।

# कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में ईवीएम

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में तमाम प्रत्याशियों व उनके कार्यकर्ताओं की मेहनत ईवीएम में कड़ी सुरक्षा के बीच मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूमों में कैद हो गई है। सीसीटीवी की निगरानी में मशीनों को रखा गया है। चौबीस घंटे ड्यूटी करने के लिए मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं।

बताते चलें कि लोकसभा चुनाव में रात-दिन मेहनत करने के बाद प्रत्याशियों का भविष्य ईवीएम में जिला मुख्यालय स्थित स्ट्रांग रूम में कैद हो गया है। स्ट्रांग रूमों के बाहर इतनी तगड़ी सुरक्षा है कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। विधानसभावार ईवीएम व वीपीपैट स्ट्रांग रूमों में रखे गए हैं। जिला प्रशासन ने स्ट्रांग रूमों के बाहर तीन मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई है, जो आठ-आठ घंटे शिफ्ट वाइज वहां तैनात रहेंगे। 14 मई से चार जून तक यह मजिस्ट्रेट यहां तैनात रहेंगे और सुनिश्चित करेंगे कोई भी अनाधिकृत परिसर में आने न पाए। अमित कुमार सिंह सहायक अभियंता जल निगम सुबह 8 बजे से दोपहर 4 बजे तक तैनात रहेंगे। सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण वेद प्रकाश पांडेय शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक तैनात रहेंगे। इसी प्रकार एके साहू सहायक अभियंता जल निगम शहरी यह रात 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक स्ट्रांग रूम की निगाहबानी करेंगे। स्ट्रांग रूम पूरी तरह सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में है। वहीं स्थानीय पुलिस व पैरामिलेट्री फोर्स भी लगाई गई है। विधानसभावार मशीनों को रखा गया है।


स्ट्रांग रूम के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी व अधिकारी। अमृत विचार

# लूट का खुलासा करने के लिए चार टीमें गठित

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** सराफा की दुकान खोलने के लिए ई-रिक्शे से जा रही महिला के साथ लूट की घटना के खुलासे के लिए पुलिस की चार टीमों का गठन किया गया है। एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार के निर्देश पर बुधवार की दोपहर एसओजी टीम ने घटनास्थल का दोबारा निरीक्षण किया है। पुलिस सीओ सिटी के नेतृत्व में कार्य कर रही हैं।

कोतवाली शहर के खजांची टोला निवासी सरिता गुप्ता अपने पति राजकुमार गुप्ता के न रहने के बाद सकतपुर में उसकी सराफा की दुकान संभाल रही है। मंगलवार की सुबह सरिता अपने नौकर बाबूराम के साथ ई-रिक्शे से दुकान खोलने जा रही थी। उसी ई-रिक्शे पर दो युवक बैठे हुए थे। कुंदरोली में पूर्व विधायक अनिल वर्मा के स्कूल के पास पहुंचते ही दोनों युवक सरिता के बैग पर झपट पड़े, लेकिन सरिता उनसे भिड़ गई। उसी बीच युवको ने तमंचा दिखाते हुए उसका बैग जिसमें करीब 10 हज़ार की नगदी और ज़ेवर था, लूट ले गए, उसी बीच दोनों रास्तें में बाइक लिए खड़े एक तीसरे युवक के साथ भाग निकले।

## सार-संक्षेप

### ससुराल पहुंचे दामाद ने की मारपीट, केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बमियारी में नशे में ससुराल पहुंचे दामाद ने पत्नी सहित ससुरालीजनों के साथ मारपीट की। वर्ष 2023 से पति पर का दहेज के लिए प्रताड़ित किए जाने का मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बमियारी निवासी राधा पुत्री रामाधीन ने बताया कि उसका विवाह मार्च 2021 में धर्मराज निवासी फरिगहना थाना पाली के साथ हुआ था। पिता ने हैसियत मुताबिक दहेज भी दिया था, लेकिन विवाह के बाद से ही ससुराल वालों ने उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। जिसकी रिपोर्ट जनपद फर्रुखाबाद के फतेहगढ़ महिला थाना में 3 मार्च 2023 को पति धर्मराज ससुर राजेंद्र, सास ननुक्का देवी, ननद मधू, देवर परशुराम और चचिया ससुर महेश के विरुद्ध दर्ज की गई थी। मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। 18 मई को उसी मुकदमे की पेशी है। पति सुलह के लिए दवाब बना रहा था। रात में पति शराब के नशे में उसके घर आया और उसे गाली गलौज करने लगा मना। करने पर मारपीट करने लगा। शोर सुनकर उसके पिता रामाधीन, मां मुन्नी देवी, बहने शांति और शकुंतला, भाई राजू उसे बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट की। उसकी बहनों के कपड़े फट गए। पिता और भाई के चोटें आई है। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया कि पीड़िता के प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सर्वोदय विद्यालय के छात्रों ने लहराया परचम

**हरदोई, अमृत विचार।** केंद्रीय माध्यमिक बोर्ड सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की परीक्षा में कस्बा कछौना में स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के छात्रों ने परचम लहराया। परीक्षा परिणाम देख विद्यार्थी झूम उठे। यह छात्र आगे चलकर जीवन के विभिन्न क्षेत्र में बेहतर कार्य कर देश को मजबूत करने का कार्य करेंगे। उत्तीर्ण हुए सभी छात्र अपनी सफलता का श्रेय परिवार व गुरूजनों को दे रहे हैं। विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र प्रशांत कुमार 82 .6%, शुभम कुमार 78 .6%, अमन कुमार 77%, कक्षा 12 के रोशन 84 .6%, शिवा कुशवाहा 81 .4%, राजवीर 79%, देवेश कुमार 75% अंक अर्जित कर परीक्षा उत्तीर्ण की। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय अपनी अलग पहचान बनाए है। ग्रामीण क्षेत्र में सीबीएसई बोर्ड शिक्षा प्रदान कर अलख जगा रहे हैं।

### मकान बंटवारे को लेकर चले लाठी-डंडे, कई घायल



**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला खतराना में भाई-भाई में मकान बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि भाई ने अपने सगे अपनी भोजाई व भतीजी को लाठियां से पीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने आए दामाद को भी नहीं छोड़ा। जानकारी के अनुसार पीड़ित बाबूराम उर्फ कल्लू ने बताया कि उसके घर में मकान बंटवारे को लेकर कहा सुनी हो रही थी, तभी विपक्षी भाई संजीव, विश्राम, राजू वंदना पिंकी भूरा ने अचानक उसकी पत्नी राम कली के ऊपर हमला कर दिया। बीच बचाव करने आए उसकी पुत्री अनुराधा वह उसके दामाद विमलेश को भी विपक्षियों ने लाठियां से पीट कर घायल कर दिया, वहीं पीड़ित महिला रामकली ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत की है। प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि भाई-भाई में जमीन बंटवारे को लेकर विवाद हुआ है। तहरीर के आधार पर घायलों का डाक्टरी परीक्षण करा कर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है जल्दी जांच कर कर आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# अघोषित बिजली कटौती से लोग बेहाल

**शाहाबाद, हरदोई**

**अमृत विचार।** तापमान बढ़ने के साथ-साथ बिजली की किल्लत भी बढ़ने लगी है, जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है। पिछले तीन दिनों से बिजली की किल्लत बढ़ी है। तीन दिन पूर्व तक बिजली ठीक-ठाक आ रही थी, लेकिन तीन दिन से दिन के वक्त बिजली की कटौती अघोषित रूप से की जाने लगी है। एक-एक, दो-दो घंटे की बिजली कटौती उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत बनती जा रही है।

मंगलवार से गर्मी ने अपना भयंकर रूप धारण किया है। भीषण गर्मी और तेज उमस के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल है, ऐसे में बिजली की कटौती लोगों के लिए सिर दर्द बन गई है। दिन के वक्त दो-दो घंटे के लिए बिजली की अघोषित कटौती की जा रही है। बिजली विभाग के किसी भी ग्रुप पर कटौती के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से कई बार शिकायतों के बाद भी दिन की कटौती बंद नहीं की जा रही।

### चुनाव खत्म होते ही बिजली की आंख मिचौली हुई शुरू

**संडीला, अमृत विचार।** भीषण गर्मी के बीच बिजली की आंख मिचौली ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। लोकल फाल्ट के चलते सोमवार को दिन भर में कई बार बिजली का आना जाना बना रहा, रात में भी बिजली कटौती ने लोगों को घर से बाहर निकलने पर मजबूर कर दिया। मंगलवार को भी बिजली कटौती बराबर होती रही जिससे लोग परेशान रहे। उपखंड अधिकारी ने बताया कि जब तक बस अड्डे पर एनएच का कार्य चलता रहेगा तब तक ये समस्या बनी रहेगी।



### गड्ढे में बन रही पुलिया, किसानों में आक्रोश

**टोडरपुर, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड टोडरपुर के कारवां अहेमी मार्ग पर गौरिया कपूरपुर के निकट प्रान्तीय लोक निर्माण विभाग द्वारा पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन निर्माण में पूरी तरह मानकों को नजरअंदाज किया जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों व किसानों का आरोप है कि पुलिया निर्माण गड्ढे में हो रहा है। जिससे पानी का बहाव नहीं हो पायेगा। इस कारण क्षेत्र के लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। भारतीय किसान यूनियन राष्ट्र शक्ति के जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने कहा कि यहां जलभराव की समस्या के निराकरण के लिए पुलिया निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन इस पुलिया का निर्माण सही तरीके से नहीं कराया जा रहा है। गड्ढे में बन रही पुलिया से पानी का बहाव ही नहीं हो सकेगा तो पुलिया का औचित्य क्या है ।

**मौसम का असर** | कुछ दिन की राहत के बाद फिर से बढ़ने लगा जिले का तापमान

# ठंडी तासीर वाले खाद्य पदार्थों की बढ़ी मांग

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** जिले का तापमान पिछले तीन दिनों से लगातार बढ़ रहा है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 41.2 रहा। मौसम वेधशाला प्रभारी ने अगले दो-तीन दिनों में तापमान और अधिक बढ़ने की संभावना जताई है। गर्मी का यह हाल है कि 10 बजे से ही सूरज आग उगलने लगता है। शाम 7 बजे तक गर्म हवाएं चला करती हैं। गर्मी के चलते दोपहर में बाजारों में सन्नाटा छा जाता है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग गन्ने के रस का सेवन अधिक कर रहे हैं।


ठेले के पास गन्ने का जूस पीने को खड़े लोग। अमृत विचार

शनिवार को जिले के कुछ हिस्से में बारिश होने से मौसम सुहावना रहा, लेकिन अगले दिन से ही फिर मौसम गर्म बदलने लगा। नतीजा यह रहा कि बुधवार को तापमान 40 का आंकड़ा पार करके 41.2 पर पहुंच गया। बढ़ रही गर्मी से लोग काफी प्रभावित है। भीषण धूप के चलते बिना सिर ढके लोग नहीं निकल पा रहे हैं। गर्मी के चलते ठंडी तासीर की चीजों की मांग बढ़ गई है। जिला मुख्यालय पर चौराहे के पास लस्सी व मिल्क बादाम की दुकानों पर इतनी भीड़ लगती है कि शाम 6 बजे के बाद यातायात प्रभावित होने लगता है। यातायात प्रभावित होने की प्रक्रिया लगभग 10 बजे तक चलती रहती है। गर्मी में गन्ने का रस भी लोगों को राहत दिला रहा है। ककड़ी, खीरा, तरबूज भी लोगों में गर्मी से लड़ने की ताकत दे रहा है। मौसम में गर्मी का यह हाल है कि शाम सात बजे तक गर्म हवाओं के थपेड़े लोगों को झेलने पड़ते हैं।

# बेटे को छीनकर गर्भवती पत्नी को भगाया, एसपी से शिकायत

**हरदोई**

**अमृत विचार।** पति की मौत के बाद देवर के साथ विवाह कर रह रही गर्भवती महिला को ससुराल वालों ने प्रताड़ित कर घर से भगा दिया। पहले पति से हुआ महिला का सात वर्षीय बेटा भी छीन लिया। पीड़िता ने एसपी को पूरा हाल बताकर कार्रवाई की मांग की है।

हरियावां थानें के सबरदा पोस्ट उमरसेढ़ा की रीता पत्नी नंदराम बुधवार को शिकायत लेकर एसपी ऑफिस पहुंची। उसने बताया कि पहले उसकी शादी नंदराम के बड़े भाई राजीव के साथ हुई थी। उससे 7 साल का बेटा सुखराज है। पति राजीव की मौत के बाद देवर नंदराम के साथ उसकी भांवर पड़ गई। रीता का कहना है कि राजीव के बाद से ही पति बना नंदराम, ससुर गुरुबक्श, सास जमुना, ननद मंजू और देवर उसके साथ मारपीट करने लगे। गर्भवती होने के बाद भी उनका रवैया नहीं बदला। 10 मई को ससुराल वालों ने उससे उसके बेटे सुखराज को छीन लिया और उसे मारपीट कर घर से भगा दिया। उसके बाद वह मायके सेवा कोतवाली देहात में रह रही है। आरोप है कि 14 मई को वह तहरीर लेकर हरियावां थाने पहुंची, लेकिन पुलिस ने उसकी सुनवाई करने के बजाय भगा दिया।

### राम जानकी मंदिर में सीता जन्मोत्सव आज

**हरदोई, अमृत विचार।** नगर के राम जानकी मंदिर में गुरुवार को सीता जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी मैथिलीशरण शास्त्री ने बताया कि दोपहर 11 बजे से भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। 12 बजे महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पुत्रियों आदया गुप्ता व आकाशी गुप्ता के समस्त अभिलेखों में मेरा नाम राजीव गुप्ता दर्ज है जबकि मेरा पूरा नाम राजीव कुमार गुप्ता है। अतः मेरी पुत्रियों आदया गुप्ता व आकाशी गुप्ता को पुत्री राजीव कुमार गुप्ता के नाम से जाना समझा व लिखा पढ़ा जाये। **राजीव कुमार गुप्ता पुत्र मुन्नालाल निवासी एस1 रवीन्द्रपल्ली फैजाबाद रोड लखनऊ।**

## एक नजर

### 31 के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई

**बाराबंकी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 31 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका को देखते हुए कार्रवाई की गई। इसके अलावा तीन वांछितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### दो वांछित पकड़े गए

**बाराबंकी।** मसौली पुलिस टीम ने बुधवार को क्षेत्र के ग्राम समशाबाद मजरे सादामऊ निवासी श्रवण कुमार व पिंकी को डुबकी मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि दोनों आरोपी पॉक्सो एक्ट में वांछित थे।

### पहले गाड़ी ठोकी, विरोध करने पर मारपीट की

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** ग्राम अडा निवासी संजीव कुमार सिंह ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह अपने वाहन से कार्यकर्ताओं के साथ दरियाबाद में पार्टी मीटिंग के लिए जा रहा था। तभी रास्ते में एक डंपर चालक रामनरेश पाल ने दिलौना मोड भिटरिया के पास पीछे से जोरदार गाड़ी में टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। विरोध करने पर चालक रामनरेश व उसका साथी राजपाल मारपीट करने लगा। संजीव सिंह के प्रार्थना पत्र पर कोतवाली रामसनेहीघाट पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया।

### टीमों ने की 4521 वाहनों की जांच

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर जिले भर में प्रशासन की टीमों द्वारा वाहनों की सघन चेकिंग का अभियान चल रहा है। इसके लिए 21 चेक पोस्ट बनाए गए हैं। बुधवार को इन सभी चेकपोस्टों में कुल 4581 वाहनों की जांच स्थाई निगरानी टीम प्रभारियों द्वारा की गयी। जांच के समय किसी प्रकार की नकदी व सामग्री नहीं पायी गयी। उनके अनुसार 26 अप्रैल से 15 मई तक कुल 62,514 वाहनों की जांच चेक पोस्ट पर की गयी है। उन्होंने बताया कि बुधवार को उड़नदस्ता टीमों द्वारा जांच के दौरान वाहनों में किसी प्रकार की नकदी व सामग्री नहीं पायी गयी।

# जनप्रतिनिधियों से नाराजगी का परिणाम है जगह-जगह चुनाव बहिष्कार

**आक्रोश**

▶▶ ग्रामीणों को मतदान के लिए मनाने में अधिकारियों को छूटा पसीना

वीरेश शुक्ला, हरदोई



मतदान का बहिष्कार करते ग्रामीणों को समझाते जिलाधिकारी। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार।** देश व प्रदेश की सरकार विकास के नाम पर लोकसभा चुनाव में वोट मांग रही है। विकास के लिए सरकार ने पानी की तरह पैसा बहाया है। इसके बावजूद गांवों में विकास नहीं हो पा रहा है। इसका खुलासा मतदान के दिन उस समय हुआ जब कई जगह विकास न होने से नाराज ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। अधिकारी बहिष्कार की बात सुनकर मौके पर पहुंचे, जिनके आश्वासन के बाद लोगों ने लोकतंत्र के पर्व में हिस्सा लिया। यह बहिष्कार अपने पीछे कई कहानियां छोड़ गया।

प्रदेश व देश में सरकार विकास के लिए दृढ़संकल्प है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री दिन-रात विकास में लगे हुए हैं। विकास के मुद्दे को लेकर ही सत्तादल चुनाव में है। इन सबके बावजूद वह विकास अभी नहीं हो पा रहा है जो सरकार चाहती है। सरकार आम आदमी की सुविधा के लिए पानी की तरह पैसा बहा रही है। पंचायत स्तर से लेकर सांसद तक के पास विकास का करोड़ों रुपया आता है। चुनाव बहिष्कार में विकास की पोल खुल गई। जब पंचायत स्तर से सांसद निधि तक करोड़ों रुपये विकास के लिए आते हैं, तब फिर विकास क्यों नहीं हो रहा है। लगातार शासन व प्रशासन विकास की मानीटरिंग करता है। छोटे स्तर से लेकर बड़े स्तर तक काम की समीक्षा होती है। जिला प्रशासन से लेकर शासन के अधिकारी गांवों में जाकर विकास की हकीकत परखते हैं, लेकिन बहिष्कार से यह प्रश्न उठ रहा है कि आखिर अधिकारी किस विकास को देखकर संतुष्टि होते हैं। शासन को विकास की कौन सी तस्वीर भेजी जाती है। विकास की यह आधी-अधूरी हकीकत से रूबरू हो रहे शासन को भी तब पता चलता है जब ग्रामीण विरोध करते हैं। या तो अधिकारियों को निचले स्तर के अधिकारी गुमराह कर रहे हैं या विकास के लिए आया पैसा विकास में नहीं लग रहा है। यही दो कारण हो सकते हैं। चुनाव के दौरान जहां मतदान बढ़ाने के लिए जिला स्तर के अधिकारियों ने जी-जान लगा दी, लेकिन मतदान का प्रतिशत नहीं बढ़ा, बल्कि मल्लावां के मांझगाव, सांडी के टेभनापुर, कछौना के लालताखेड़ा सहित कई जगहों पर ग्रामीणों ने विकास न होने पर मतदान का बहिष्कार किया। अधिकारियों ने भी मौके पर जाकर देखा तो उन्हें ग्रामीणों की बात में दम लगा। मौके पर हुए कामों को देखकर उन्होंने विकास का आश्वासन दिया, लेकिन प्रश्न यह उठता है कि जिला स्तर के अधिकारी हर जगह पर नहीं देख सकते हैं। गांव में विकास देखने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी, खंड विकास अधिकारी आदि होते हैं। इनके जिम्मे पर गांवों का विकास होता है, लेकिन या तो यह बंद कमरों में बैठ कर सरकारी आंकड़े पूरे कर रहे हैं या इनको विकास करने में राजनीति आड़े आ रही है।

गांव-गांव विकास के लिए ग्रामीण स्तर पर ही जनप्रतिनिधि होते हैं। पंचायत स्तर के इन प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी होती है कि सरकार की योजनाओं का लाभ जनता को दिलाएं। यही जनता उनको तथा उच्च स्तर के जनप्रतिनिधि को उच्च सदन तक पहुंचाती है, लेकिन यह जनप्रतिनिधि वोट लेने के बाद विकास कार्य की ओर देखने की बजाय अन्य कामों में लग जाते हैं। नतीजतन विकास के लिए आया पैसा विकास पर नहीं खर्च हो पाता। यही वजह है कि जिले में कई जगहों पर ग्रामीणों ने विकास न होने पर मतदान नहीं किया। वहीं जिला प्रशासन के तमाम प्रयास के बावजूद भी मतदान का प्रतिशत न बढ़ना कहीं न कहीं जनप्रतिनिधियों से जनता की नाराजगी को उजागर करता है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली व ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों की हीलाहवाली छोटे से लेकर बड़े चुनाव तक प्रभावित करती है। इस चुनाव से सबक लेकर शायद बड़े अधिकारी व उच्च स्तरीय जनप्रतिनिधि विकास की हकीकत से रूबरू होने का प्रयास करेंगे।

## लखनऊ मेल के एसी कोच से लाखों की चोरी, केस दर्ज

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** भारतीय रेल एक ओर जहां लोगों ट्रेन छूटा या चोरी सामान खोजकर यात्रियों के सुपुर्द कर रही है, वहीं चलती ट्रेन में चोरों ने यात्री के बैग से लाखों रुपए का सामान पर कर लिया।

मामला नई दिल्ली से चलकर लखनऊ जाने वाली 12230 लखनऊ मेल का है इस ट्रेन को इस मार्ग पर वीआइपी ट्रेन का दर्जा मिला हुआ है। लखनऊ मेल के सेकंड एसी में चोरी की घटना से रेल प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। चोरी की घटना की जानकारी लगते ही राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने मामले की जानकारी लखनऊ जीआरपी को दी। लखनऊ जीआरपी ने अभियोग पंजीकृत कर हरदोई जीआरपी को स्थानांतरित कर दिया हैं। फिलहाल हरदोई जीआरपी पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है। इस संदर्भ में जब जीआरपी हरदोई के थानाध्यक्ष से बात करना चाहा तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ था। उसके बाद जब शाहजहांपुर जीआरपी के थानाध्यक्ष रेहान खान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला हरदोई जीआरपी का है, शाहजहांपुर जीआरपी जांच में पूरा सहयोग कर रही है। घटना 13 मई की सुबह की है जब लखनऊ के गोमती नगर निवासी अवध बिहारी अपनी पत्नी के साथ 12230 लखनऊ मेल के सेकंड एसी के ए-1 कोच की सीट संख्या 31 और 33 पर यात्रा कर रहे थे। सुबह जब ट्रेन शाहजहांपुर से निकली तब उनकी पत्नी ने देखा कि बैग सीट के नीचे ख़ाली पड़ा था।

# 84 कोसी परिक्रमा में शामिल तीन संतों की दुर्घटना में मौत

## मखौड़ा से लौटते समय काफिले की पिकअप ने रौंदा

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार।** रामनगरी की ऐतिहासिक 84 कोसी परिक्रमा में शामिल तीन संतों की बुधवार को बस्ती के परशुरामपुर थाना क्षेत्र में हुई सड़क हादसे में मौत हो गई। सभी परिक्रमा खत्म कर अयोध्या लौट रहे थे।

बस्ती के मखभूमि मखौड़ा पर 84 कोसी परिक्रमा संपन्न होने के बाद महंत गयादास गुट की ओर से धर्मार्थ सेवा संस्थान के बैनर तले संचालित परिक्रमा में शामिल साधु-संत वापस अयोध्या आ रहे थे। परसा-लकड़मंडी मार्ग पर बस्ती के परशुरामपुर थाना क्षेत्र स्थित रायपुर नहर पुलिया के निकट बुधवार सुबह करीब छह बजे परिक्रमार्थियों का सामान लेकर पीछे-पीछे चल रही पिकअप अनियंत्रित हो गई और काफिले में पैदल ही आगे चल रहे तीन संतों को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों बुजर्ग संत गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने तीनों घायलों को श्रीराम अस्पताल भेजवाया। जहां डॉ. एसपी राय ने महराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र स्थित डिगुरी निवासी रामभजन पाल (68) को मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायल वहीं के निवासी अक्षय लाल (66) और जिले के इनायतनगर थाना क्षेत्र स्थित भागीपुर निवासी राममिलन पाल (65) को दर्शननगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां पहुंचने पर इमरजेंसी वार्ड प्रभारी डॉ. वीके आर्या ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घायल संतों को लेकर आए परशुरामपुर थाने के दरोगा मुनींद्र त्रिपाठी ने बताया कि पिकअप चालक के झपकी आ जाने के चलते हादसे की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने दुर्घटना करने वाले वाहन को कब्ज़े में लिया है।

## मतदान के बाद जगह-जगह लग रही हार-जीत की गणित

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** लोकसभा सीट पर मतदान के बाद हर जगह हार-जीत की गणित लगना शुरू हो गई है। गांव में किसी भी जगह लोग साथ में खड़े होते है तो वहां इसको लेकर चर्चा होती है तो बाजार में एक साथ बैठकर भी यही चर्चा होती है। स्थिति यह है कि भाजपा और सपा समर्थकों की गणित में कांटे की टक्कर बताई जा रही है। वहीं एक दूसरे के समर्थक अपने अपने प्रत्याशी को जीत दिला रहे हैं। सभी की चर्चा में एक बात समान है कि वह जीत का आंकड़ा पचास हजार तक बताते है।

बावन गांव में अनीस मियां की सदरी में एक साथ बैठकर राम सिंह वर्मा, शरीफ कुरैशी, परवेज मंसूरी, जकी खां, इंतजार हुसैन, भूरा खां आदि में जीत हार को लेकर चर्चा चलती दिखाई दी। जहां सभी का एकमत था कि सपा भाजपा में खूब वोट पड़े है इसलिए जोरदार टक्कर होने की बात की चर्चा हुई।

आजकल अपने गांव ही नहीं आस पास के गांव की भी चर्चा होती है बावन अड्डे पर सोनू बाजपेई, देशदीपक दीक्षित, शिवेंद्र शुक्ला, सतीश शुक्ला, मोनू पांडेय, उमाकांत पाठक, महादेव कस्यप, पिंटू चौरसिया आदि भाजपा को एकतरफा वोट मिलने का दावा भी करते नजर आए। इसके अलावा बावन में अन्य जगहों पर चौपाल में बैठकर चुनाव में हार-जीत का गणित बैठा रहे थे। वहां भाजपा और सपा को खूब वोट मिलने की बात कही गई और वह लोग अपने अपने प्रत्याशी की जीत का दावा करते दिखे।

# बेहतर ढंग से संपन्न हुआ जिले में मतदान

हरदोई



**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही जिला प्रशासन चुनाव की तैयारियों में लग गया था। प्रत्येक सरकारी विभाग व सरकारी कर्मचारी चुनावी मोड में आ गया था। कलेक्ट्रेट से लेकर प्रत्येक विभाग में सिर्फ चुनावी कार्य ही दिखाई देते थे। कलेक्ट्रेट में सुबह से लेकर देर रात तक मीटिंगों का दौर चला करता था। जिला प्रशासन के अथक प्रयास व मेहनत से शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो गया। चुनाव के बाद जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली। मतदान के अगले दिन अधिकांश कार्यालयों में छुट्टी सा माहौल रहा। कलेक्ट्रेट में जहां वाहनों का तांता लगा रहता था, वहीं अब सन्नाटा है। मंगलवार के बाद बुधवार को भी चुनावी कार्यालयों में कर्मचारी चुनाव की थकावट उतारते दिखाई दिए।

अधिकारियों व कर्मचारियों की मेहनत का ही नतीजा रहा कि मतदान कर्मियों को इस बार सामग्री लेने से लेकर चुनावी संपन्न कराने के बाद सामग्री जमा करने तक में कोई असुविधा नहीं हुई। कलेक्ट्रेट के अलावा पुलिस विभाग में भी बैठकें व तैयारियां देर रात तक चला करती थी। चुनाव में कोई गड़बड़ी न होने इसके लिए पुलिस काफी सतर्क रही। दर्जनों असलहे बनाने की फैक्ट्रियां पकड़ी गई। कच्ची शराब भारी मात्रा में बरामद हुई। चुनाव में गड़बड़ी आशंका वाले सैकड़ों लोग पाबंद किए गए। पुलिस ने लेकर प्रशासन तक दिन-रात चुनावी कसरत करता रहा। कलेक्ट्रेट में सुबह से ही मजिस्ट्रेटों व अन्य अधिकारियों का आना-जाना शुरू हो जाता था जो देर रात तक चला करता था। एक-एक दिन में आठ-आठ बैठकें एक ही सभागार में देर रात तक आयोजित होती रहती थी। निचले स्तर के कर्मचारी से लेकर उच्च स्तर के अधिकारी चुनाव प्रक्रिया में देर रात तक संलग्न रहते थे। कलेक्ट्रेट में पूरे दिन से लेकर देर रात तक सरकारी वाहनों का जमावड़ा रहता था। अब चुनाव संपन्न होने के बाद सब कुछ बदल गया है। महीनों की थकान अधिकारी व कर्मचारी उतार रहे हैं। बुधवार को चुनाव संपन्न होने के दूसरे दिन भी कलेक्ट्रेट में चुनावी खुमार दिखाई दिया। कार्यालयों में अधिकांश कर्मचारी गायब ही रहे जो आए भी वह चुनावी चर्चा में ही मशगूल दिखे। एक दूसरे से अपनी चुनावी ड्यूटी की चर्चाएं करते दिखे। चुनाव के बाद अधिकारियों ने भी कोई बैठक नहीं की। फिलहाल चुनाव की खुमारी बुधवार को भी दिखाई दी।

## साले के घर से लौट रहे बहनोई की सड़क दुर्घटना में मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बहनोई अपने साले के घर से वापस लौट रहा था, उसी बीच गोपामऊ रोड पर हेतमपुरवा मजरा उनौती के पास तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह ज़ख्मी हो गया, उसे एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया जा रहा था, लेकिन उसी बीच उसकी रास्तें में ही मौत हो गई। पुलिस जांच कर रही है।

सुरसा थाने के रैंदापुरवा निवासी 48 वर्षीय कमलेश यादव की टड़ियावां में ससुराल है। बताते है कि कमलेश बुधवार की दोपहर को अपने साले राजेंद्र यादव से मिलने टड़ियावां गया हुआ था, देर शाम को बाइक से अपने घर लोट रहा था। रास्तें में हेतमपुरवा मजरा उनौती के पास पहुंचते ही तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उसके सिर में काफी गहरी चोंट पहुंची। हादसे की खबर सुनते ही वहां पहुंची पुलिस उसे एम्बुलेंस-108 की मदद से मेडिकल कालेज के लिए रवाना हुई, लेकिन कमलेश की वहां पहुंचने से पहले ही रास्तें में मौत हो गई। कमलेश का मानसिक तौर पर बीमार एक पुत्र है।

## सार-संक्षेप



महिलाओं को जागरूक करती महिला पुलिस। अमृत विचार

### महिला सशक्तिकरण के तहत किया गया जागरूक

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी के निर्देशों अनुसार जिले के सभी थाना क्षेत्रों के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण अभियान के क्रम में बुधवार को पाली पुलिस ने कस्बे के कई भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा की दृष्टि के तहत मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी गई जिससे समय रहते महिलाएं एवं बालिकायें उस जानकारी अपनी आवश्यक्तानुसार उपयोग कर सकें। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिये जागरूक किया गया। महिला कांस्टेबल स्तुति मौर्या एवं प्रियंका उपाध्याय ने नगर के बाजार एवं मोहल्लों में जाकर महिला एवं बालिकाओं से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं को पुलिस द्वारा चलाये जा रहे महिला सशक्तिकरण अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। महिला कांस्टेबल स्तुति मौर्या ने महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला सशक्तिकरण के तहत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबर 112, 1090 तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, चाइल्ड केयर लाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 के बारे में महिलाओं को विधिवत जानकारी दी।

### बहन को ब्लैकमेल व हत्या करने का आरोप

**संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कटरी छिबरामऊ गांव चौधीपुरवा के प्रमोद कुमार ने पुलिस व प्रशासन को तहरीर देकर गांव के कुछ लोगों पर बहन से छेड़छाड़ और हत्या का आरोप लगाया है। बताया कि उसकी बहन ममता (16) का गांव के ही कुछ लोगों ने अश्लील फोटो व वीडियो बना लिया था। लगभग एक वर्ष से बराबर उसकी बहन को ब्लैकमेल करते रहे, जिसकी शिकायत पांच जुलाई 2023 को परिजनों ने बिलग्राम पुलिस से की थी। लेकिन बिलग्राम पुलिस ने सुलह समझौता करा दिया था। जिससे आरोपियों के हौसले और बढ़ गए। इसके बाद बहन को ब्लैकमेल करते रहे। 10 मई 2024 को एक आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर गांव के पास स्थित मक्के के खेत में बुलाया और फोन से अश्लील फोटो वीडियो दिखाया। जब ममता ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट करते हुए उसकी हत्या कर दी। ममता के शव को गांव निवासी व्यक्ति के प्लाट फंदे से लटका दिया। ताकि आत्महत्या लगे। मृतका की छोटी बहन भूसा लेकर उधर से गुजरी तो उसने शव लटका देख परिजनों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे बिलग्राम पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम में रखकर जो भाई ममता के बाहर रहते थे उनके आते ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सीबीएसई में रहा मैथ्स क्लासेज के छात्रों का दबदबा

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले की की चर्चित राधानगर बिलग्राम चुंगी स्थित अभी मैथ्स क्लासेज के छात्र छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024 में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया। इसमें जेवियर्स के मुनीश कुमार ने मैथ्स में 97 और साइंस में 99 अंक के साथ हाई स्कूल में 96 .6 प्रतिशत अंक हासिल किए। साथ ही जेवियर्स के अनमोल पाल ने मैथ्स में 97 और साइंस में 95 ,आर्यन वर्मा ने मैथ्स में 97 साइंस में 95,आस्तिक मिश्रा ने मैथ्स में 93 साइंस में 95 , हिरा सिद्दिकी ने साइंस में 95,शौर्य तिवारी ने साइंस में 95,अभिनव कुमार ने साइंस में 95 और मैथ्स में 90,ध्रुव सिंह ने 91 साइंस में ,मयंक वर्मा ने 92 साइंस में , सत्यम यादव 90 मैथ्स में , गगन प्रताप ने 90 मैथ्स में , वही सेंट जेम्स की तूबा अनवर ने मैथ्स में 95 और साइंस में 95 और न्यू हाइट्स की प्रियंका वर्मा ने मैथ्स में 95 अंको के साथ अभी मैथ्स क्लासेज का नाम रोशन किया। वही 12 वीं की श्रेष्ठा अग्रवाल ने मैथ्स में 92 तथा फिजिक्स में 86 अंको के साथ 91 प्रतिशत अंक हासिल किए साथ ही शिरीष चंद्र के शुभांजल स्वरूप ने मैथ्स में 90 तथा फिजिक्स में 88 अंको के साथ 91 .2 प्रतिशत अंक हासिल किए। इन सभी विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय क्लासेज के संचालक अभिषेक मिश्रा और सह संचालक गौरव मिश्रा ने बच्चो की मेहनत व लगन और उनके निरंतर प्रयास को दिया।

### हत्या के प्रयास के मामले का आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को फतेहपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में थाना क्षेत्र के शेखपुर मकदूम निवासी जुनैद को फतेहपुर रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## विश्व देख रहा मोदी के नेतृत्व वाला नया भारत : अनुप्रिया

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का मस्तक ऊंचा हुआ है। उन्होंने 10 वर्षों में देश को तरक्की के रास्ते पर ले जाने का कार्य किया है। आज नए भारत की यश गाथा पूरी दुनिया में फैल चुकी है।

कहा कि हम चुनावी मैदान में खोखले चुनावी वादों के साथ नहीं, बल्कि 10 वर्षों के काम का लेखा-जोखा लेकर आए हैं। आप लोग कमल खिलाकर विपक्षियों की जमानत जब्त कराने का काम करें। ये बातें केंद्रीय राज्यमंत्री एवं अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने बुधवार को त्रिलोकपुर स्थित बीपी शुक्ला इंटर कॉलेज के मैदान में भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत के पक्ष में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि 10 साल पहले यूपीए की सरकार में हर रोज नया घोटाला सामने आता था। जबकि भाजपा की सरकार में एक भी घोटाला या भ्रष्टाचार सुना हो तो बताइए।

# बसपा के पोलिंग एजेंट का हुआ अंतिम संस्कार

संवाददाता, हरदोई



अंतिम संस्कार में मौजूद पुलिस और ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बूथ से लौट रहे बसपा के पोलिंग एजेंट की हत्या के तीसरे दिन भी ग़नीपुर में दहशत दिखाई दी। उसका शव गांव पहुंचा तो वहां पहले से ही काफी भीड़ इकट्ठा थी। उसमें तमाम बसपा कार्यकर्ता भी शामिल थे। भीड़ के बीच शव का अंतिम संस्कार किया गया। उधर पुलिस ने दी गई तहरीर पर आठ के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिलग्राम कोतवाली के ग़नीपुर निवासी यदुनंदन सोमवार को हुई वोटिंग के दौरान अपने गांव के प्राथमिक विद्यालय में बने बूथ नंबर-371 पर बसपा का पोलिंग एजेंट था। पोलिंग खत्म होने और पोलिंग पार्टियों के वहां से रवाना होने के बाद वह घर लौट रहा था, उसी बीच प्रधान प्रतिनिधि सुमित उर्फ सुपिन शुक्ला और उसके साथियों ने रास्ते में घेर कर उसकी लाठी-डंडों से बुरी तरह से पिटाई कर दी, उसकी पत्नी रंजना देवी और बच्चों तक को पीट दिया। यदुनंदन को मेडिकल कालेज से लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया, जहां उसकी अगले दिन मंगलवार को मौत हो गई। यदुनंदन की पत्नी ने बताया कि सुपिन बूथ पर बसपा के वोट नहीं पड़ने दे रहा था, उसके पति ने जिसका खुलकर विरोध किया था, उसी विरोध के चलते हत्या की गई। यदुनंदन का शव गांव पहुंचा, जहां भीड़ के बीच उसका अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने पत्नी रंजना देवी की तहरीर पर सुमित उर्फ सुपिन शुक्ला, उसके भाइयों प्रवीण शुक्ला व राजीव शुक्ला समेत आठ लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है।

**प्रतियोगिता** सीसीए पुवायां ने कॉन्सेप्ट इलेवन पर दर्ज की 150 रनों से शानदार जीत

# रंजीत व मंजीत की गेंदबाजी ने दिलाई जीत

संवाददाता, हरदोई




बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को पुरस्कृत करते आयोजक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे हरदोई हेरिटेज कप में सीसीए पुवायां के रंजीत और मनजीत की जोड़ी ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को 150 रनों से शानदार जीत दिलाई। दोनों की शानदार गेंदबाजी के आगे कॉन्सेप्ट इलेवन का भी कोई बल्लेबाज टिक न सका और पूरी टीम 13 ओवरों में 46 रन ही बना सकी। रंजीत को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने बल्लेबाजी में 26 रन बनाए साथ ही शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट भी उन्होंने हासिल किए। उनके साथ मंजीत ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 4विकेट हासिल किए।

सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम चल रहे हरदोई हेरिटेज कप का 14वा मैच सीसीए पुवायां और कॉन्सेप्ट इलेवन के मध्य खेला गया । मैच में टॉस सीसीए पुवायां के कप्तान मंजीत सिंह ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए सीसीए पुवायां ने 33.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 196 रनों का स्कोर खड़ा किया। सीसीए पुवायां की तरफ से गुरविंदर 47 रन, ध्रुव 31 रन, रंजीत ने 26 रनों का योगदान किया। कॉन्सेप्ट इलेवन की तरफ से सिस्ट द्विवेदी 5 विकेट , प्रियांशु वर्मा 3 विकेट , सौरभ रावत, सूरज दीक्षित ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी कांसेप्ट इलेवन की टीम ने 13 ओवर मे सभी विकेट खोकर 46 रन ही बना सकी। कॉन्सेप्ट इलेवन की तरफ से प्रियांशु वर्मा 10 रन, हिमांशु यादव ने 6 रनों का योगदान किया। सीसीए पुवायां की तरफ से रंजीत 6 विकेट, मंजीत सिंह ने 4 विकेट लिये। सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि सीसीए पुवायां ने 150 रनों से जीत दर्ज की। शिवम मिश्रा ने रंजीत को मैन ऑफ द मैच से पुरस्कृत किया।

## सुलह के लिए थाने बुलाए गए किन्नरों के बीच झगड़ा

हरदोई।

**अमृत विचार।** न्यौछावर मांगने की बात पर किन्नरों के बीच काफी मारपीट हुई जिसकी शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने दोनों को सुलह के लिए थाने बुलाया, लेकिन वहां भी मारपीट हो गई। साथ ही झोले में रखी दो लाख कीमत की चेन, कानों के झुमके और 7 हज़ार की नगदी छीनने का आरोप लगाया गया है।

बेनीगंज कोतवाली के अकोहरा कल्याणमल निवासी रितेश त्रिपाठी उर्फ रिंकी किन्नर ने बताया कि 9 मई को बघौली के हुसैनपुर भीठा रोड पर किन्नर पूजा, माया और चुलबुली ने न्यौछावर और नेग मांगने पर उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मार डालने की धमकी दी थी। जिसकी शिकायत उसने पुलिस से की, पुलिस ने सुलह के लिए बुधवार को थाने बुलाया। वह अपने गुरु बिजली किन्नर और ड्राइवर मोनू के साथ थाने पहुंची। रिंकी का आरोप है कि वहीं थाने के सामने आरोपी किन्नरों ने उसे पकड़ लिया और बुरी तरह पिटाई करने लगे, इतना ही नही, उसके बाल खींच कर सड़क पर पटक दिया। उसके बाद उसके हाथ सेझोला जिसमें दो लाख की कीमत की सोने की चेन, कान के झुमके और 7 हज़ार रुपये छीन लिए। उसके बाद वहां पहुंची पुलिस ने दोनों को खदेड़ कर बमुश्किल शांत कराया। पुलिस जांच कर रही है।

# वोट डालने न पहुंचता अनुराग, तो अजीत नहीं होता मंसूबे में कामयाब

## मेडिकल स्टोर से नशीला पदार्थ लाकर खाने में मिलाकर भाई और भाभी को मारने की बनाई थी योजना

**सीतापुर, अमृत विचार।** पाल्हापुर काण्ड में उलझी गुत्थी अब लखनऊ अफसरों की गले की फांस बनता जा रहा है। खुलासे में लगी स्वाट और एसटीएफ की टीम अजीत के इकबालिया जुर्म के बयान के बाद भी पुलिस अपने कदम पीछे खींच ले रही है। कारण यह भी है कि घटना के दिन तेजी से पुलिस ने बयान जारी कर युवक अनुराग को मनोरोगी और हत्या का मास्टरमाइंड बताकर किरकिरी कराई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद पुलिस के अफसरों की फजीहत के बाद अब डीजीपी से लेकर एडीजी और आईजी स्वयं मामले पर नजर बनाकर रिपोर्ट ले रहे हैं। इसी के चलते खुलासे के करीब पहुंची पुलिस और एसटीएफ की टीम ने अब जांच और पूछताछ का दायरा बढ़ा दिया है। आरोपी अजीत के अकेले इस हत्याकांड को अंजाम देने की कहानी पुलिस और प्रियंका के परिवार वालों के गले नहीं उतर रही है।

मालूम हो कि 11 मई की सुबह किसान अनुराग उसकी पत्नी प्रियंका और मां सावित्री सहित तीन बच्चों की निर्मम हत्या से सीतापुर में लोग सहम गये थे। मंगलवार को क्राइम सीन रिक्रिएशन के बाद पुलिस को यह साफ हो गया है कि दो बच्चों को छत से फेंककर मौत के घाट उतारा गया, लेकिन बड़ी बेटी को छत से फेंकने की कहानी पुलिस के गले नहीं उतर रही है। पुलिस सूत्रों की मानें तो बुधवार को अजीत ने पूछताछ के दौरान एक अहम खुलासा किया कि उसने परिवार को मारने से पहले महमूदाबाद से एक दुकान से नशीला पदार्थ खरीदकर घर में बनी खिचड़ी में मिलाकर भाई और भाभी को मारने का प्लान बनाया था। बावजूद इसके वारदात से पहले किसी भी व्यक्ति ने खाने का सेवन नहीं किया था। अजीत ने पुलिस को बयान देते हुए बताया कि उसने घर में रखे पिता के ही पुराने असलहे का घटना में प्रयोग किया था। अजीत की यह कहानी अगर सच है तो आखिरकार पुलिस को अभी तक अजीत के खून से सने कपड़े क्यों नहीं बरामद हुए। पुलिस इन सभी सवालों पर चुप्पी साधे हुए है। एसटीएफ और स्वाट सर्विलांस की टीम लगातार जांच एजेंसियों के सहारे घटना के पीछे सभी सवालों के जवाब जुटाने में लगी हुई है।



घटना का रिक्रिएशन कर वारदात का पहलू समझने की कोशिश करती पुलिस।



अनुराग के घर के बाहर बैठीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

### मेडिकल स्टोर संचालक से पूछताछ

सूत्रों की मानें तो जघन्य हत्याकांड के बाद पुलिस के सामने इकबालिया बयान में अजीत ने मेडिकल स्टोर संचालक से नशीली दवाइयां लेने का जिक्र किया था। जिसके बाद पुलिस सीएचसी महमूदाबाद के सामने मेडिकल स्टोर शशि भूषण को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मंगलवार देर रात पूछताछ के बाद पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालक को छोड़ दिया था जबकि बुधवार सुबह फिर उसे थाने पर बुलाकार पूछताछ करती रही।

### कपड़ों पर पड़े खून के धब्बे छुपाने की कोशिश नाकाम

पुलिस सूत्रों की मानें तो वारदात के बाद मेन गेट बंद करके अजीत ने अपने कपड़ों पर लगे खून के धब्बों को धोने का भी प्रयास किया। पुलिस को घर में बने बाथरूम और अजीत के कमरे में खून के धब्बों के निशान मिले हैं। बताया जाता है कि बाथरूम में रखी एक बाल्टी में अजीत ने हाथ और कपड़ों को धोने की कोशिश की थी। लेकिन पुलिस को कपड़ों का कोई सुराग नहीं मिला है। इस वारदात के बाद वह कपड़े बदलकर घर के बाहर घूमने लगा और सुबह होते ही ताई विभा के दरवाजे पर पहुंच गया।

### अजीत ने ताई को दी घटना की जानकारी

वारदात के बाद सुबह करीब 5 बजे वह ताई विभा सिंह के दरवाजे के सामने खड़ा हो गया। ऐसा इसलिए क्योंकि उसे पता था कि रोज की तरह ताई सुबह टहलने के लिए जरूर निकलेगी। अमरावती ने बताया कि जैसी ही उन्होंने दरवाजा खोला तो सामने अजीत चिल्लाने लगा कि सब खत्म हो गया, अनुराग ने सबको मार डाला। चीख पुकार सुनकर फिर आस-पास के लोग इकट्ठा होना शुरू हो गए। उस समय अरवी और आद्विक की सांसें चल रही थीं। गांव वालों ने जब अजीत से कार की चाबी मांगी तो वह बहस करने लगा। दूसरी गाड़ी से दोनों बच्चों को अस्पताल लेकर निकले, लेकिन दोनों की मौत हो गई।

### अजीत को पता था कि चुनाव में पहुंचेगा परिवार

अनुराग के भाई अजीत को पहले से पता था कि बड़े भाई अनुराग का परिवार 13 मई को होने वाली वोटिंग में मतदान करने अवश्य आयेगा। इसी के चलते उसने अपने परिवार को बाराबंकी सुसराल छोड़कर पूरे घटनाक्रम की स्क्रिप्ट लिखकर योजना बनाई। ऐसा इसलिए भी क्योंकि मतदान से पहले शनिवार और रविवार की छुट्टी थी। बताया जाता है कि शुक्रवार की शाम को जब अनुराग शराब पीकर आया, तो दोनों भाइयों के बीच कहासुनी हुई। इस झगड़े के बाद सभी अपने-अपने कमरों में जाकर सो गए। शुक्रवार की आधी रात अजीत से पहले से तय स्क्रिप्ट के आधार पर पूरे परिवार को खत्म कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर अनुराग का परिवार चुनाव में यहां नहीं आता तो शायद परिवार की जान बच जाती।

### छह हत्याओं के पीछे यह रही वजह

हत्याकांड में शामिल पुलिस टीम के सूत्रों ने बताया कि मृतक किसान अनुराग के पिता वीर बहादुर सिंह ने बैंक से किसान क्रेडिट पर 25 लाख रुपए लोन लिया था। इसमें 16 लाख पिता और 8 लाख मां के नाम पर लोन था। पिता ने यह लोन खेती के लिए लिया था। वर्ष 2023 में पिता की मौत के बाद अनुराग ने खेत में तैयार करीब 40 से 50 लाख की फसल बेच दी, लेकिन बैंक का लोन जमा नहीं किया। ताई विभा ने बताया कि पिता की मौत के बाद पूरी खेती दोनों भाइयों और मां के नाम पर आ गई, जिससे लोन भी सभी के नाम ट्रांसफर हो गया। यही बात अजीत को अखरने लगी। वह बार-बार भाई अनुराग से लोन जमा करने को कहता था। लेकिन भाई अनुराग पत्नी और मां के कहने पर जमा करने पर आनाकानी करता था। अजीत का कहना था कि खेती के लिए पिता और भाई ने लोन लिया था तो वह उसमें हिस्सा देकर लोन की रकम क्यों भरें। इसको लेकर अजीत कई बार लोन के लिए भाभी और मां से भी बात की, मगर कोई भी हल नहीं निकला था।

> पुलिस की टीम लगातार जांच पड़ताल कर रही है। टीम को कई अहम बिंदु हाथ लगे है। तहकीकात के बाद मामले का जल्द खुलासा किया जायेगा। अजीत और उसके परिवार वालों से पूछताछ चल रही है।
>
> **-दिनेश शुक्ला**, सीओ महमूदाबाद

### आज दोपहर खुलासा कर सकती पुलिस

पुलिस सूत्रों की मानें तो पुलिस और एसटीएफ की टीम ने पूछताछ के दायरों को बढ़ाकर अजीत और उसकी पत्नी विभा, चाचा आरपी सिंह, बेटे आशुतोष, अमित, अजीत के ससुर अजय सिंह सहित मेडिकल स्टोर संचालक शशि भूषन सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि एसपी चक्रेश मिश्रा ने स्वयं ही सभी पहलुओं की बारीकी से पड़ताल कर घटना के खुलासे के करीब पहुंच गई है। सूत्रों का दावा है कि गुरुवार को पुलिस घटना के मुख्य अभियुक्त के साथ खुलासा कर सकती है।

### हत्याकांड पर नहीं बोल रहे ग्रामीण, गांव में पसरा सन्नाटा

जघन्य हत्याकांड को लेकर गांव में कोई भी कुछ भी बोलने से कतरा रहा है। ग्रामीण आपस में चर्चा तो जरूर करते नजर आते हैं, लेकिन कोई भी इस मसले पर बातचीत करने को तैयार नहीं होता है। ग्रामीणों को अंदेशा है कि गांव के जिस व्यक्ति प्रभाकर ने अनुराग के बच्चों को अस्पताल ले जाने में मदद की थी, पुलिस उसे भी अपने साथ रखे हुए है। इसलिए चुप रहना ही ठीक है।

## एक नजर



आंखों की जांच करतीं चिकित्सक।

### नि:शुल्क नेत्र शिविर में 60 लोगों का ऑपरेशन

**लहरपुर।** आंख अस्पताल के सौजन्य से क्षेत्र के ग्राम करस्योरा में मदरसा फैजुल उलूम करस्योरा में बुधवार को एक नि :शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न ग्रामों के 157 नेत्र रोगियों ने अपना पंजीकरण कराया। शिविर के आयोजक मोहम्मद आजम, मोहम्मद इलियास एवं डॉक्टर मोहम्मद अनीस ने बताया कि डॉ. आकांक्षा दास, डॉ. सुरेंद्र प्रताप सिंह एवं पैरामेडिकल स्टाफ के मोज्जम, अनामिका तान्या, संध्या सिंह, संध्या जायसवाल ने मरीजों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें दवाइयां व उचित परामर्श दिया। आयोजक डॉ. मोहम्मद अनीस के अनुसार जांच के उपरांत 60 मरीजों को ऑपरेशन योग्य पाया गया। जिन्हें ऑपरेशन के लिए बस ने सीतापुर आंख अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका सफल ऑपरेशन किया गया। इस मौके पर फंड्स एग्जामिनर रोहित श्रीवास्तव, कैंप इंचार्ज राज किशोर शुक्ला, मरीज व उनके परिजन उपस्थित रहे।

### आपस में टकराये ई-रिक्शा चालक सहित दो घायल

**सीतापुर, अमृत विचार।** लहरपुर इलाके में मंडी समिति के पास दो ई-रिक्शा आपस में टकरा गये। जिसमें चालक सहित दो लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के गल्ला मंडी के पास दो ई-रिक्शा टकरा गये। जिसमें ई-रिक्शा पर सवार रजित 19 वर्ष पुत्र सीताराम निवासी नबीनगर व चालक सूरज 25 वर्ष पुत्र राज कुमार निवासी मुन्नापुरवा मजरा दरियापुर गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें लोगों ने उन्हे सीएचसी में भर्ती कराया। जबकि दूसरा ई-रिक्शा चालक वाहन सहित फरार हो गया।

### चार वारंटियों को पुलिस ने भेजा जेल

**सदरपुर।** यूपी गैंगस्टर एक्ट के चार वांछित वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मालूम हो कि सदरपुर थाना क्षेत्र के संजय पुत्र परमानंद निवासी खुरवल, बाबूराम लोनिया पुत्र मैकू लोनिया निवासी शिवपुर देवरिया, अशोक कुमार पुत्र मूलनारायण निवासी बेंहटी व कामता पुत्र अशरफी लोनिया निवासी लोनियनपुरवा मजरे अहिबनपुर विभिन्न धाराओं में काफी समय से वांछित चल रहे थे। जिनको बुधवार को थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में थाने स्थानीय पर तैनात उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह, आरक्षी अजय कुमार, धर्मेंद्र सिंह, भूरासिंह, योगेश कुमार, राजकिशोर यादव ने न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट पर चारों को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# किशोरी ने नहर में लगाई छलांग, तलाश जारी

- मां ने अपने पति व ससुरालीजनों पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

**पहला, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत एक गांव की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी ने बुधवार सुबह करीब 10 बजे गांव के पास से निकली शारदा सहायक नहर में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों की तलाश में जुटे हैं, लेकिन खबर लिखे जाने तक किशोरी का पता नहीं चल सका था। वहीं किशोरी की मां ने अपने पति और ससुरालीजनों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सदरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरैया महीपत सिंह निवासी नीलम वर्मा पत्नी सुरेश ने शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह करीब आठ दिन पूर्व अपने मायके तय्यब सराय थाना मानपुर गई थी, तो उसके पति मेरी बेटी गुड़िया उम्र करीब 17 वर्ष तथा बेटे राजू को मेरे मायके से करीब छह दिन पूर्व अपने घर ले आए थे। जिसके बाद 14 मई मंगलवार को पति सुरेश पुत्र हरिशनलाल, अशोक पुत्र हरिशन बिटोला पत्नी हरिशान व अज्ञात पत्नी अशोक ने मेरी बेटी को मारा पीटा और नहर में कूद जाने को कहा। जिससे क्षुब्ध होकर मेरी बेटी बुधवार करीब 10 बजे नहर में कूद गई तथा डूब गई। मेरे छोटे बेटे तथा ग्रामीणों ने इसकी सूचना मुझे दी।

जब मैं ससुराल आई तो मेरे पति तथा उनके परिजनों ने मुझे भी जान से मारने की धमकी दी और गंदी-गंदी गालियां दीं। बेटी के बारे में कुछ भी नहीं बताया। इस संबंध में थाना प्रभारी सदरपुर राकेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली है। दीवानजी पुलिस फोर्स सहित मौके पर मौजूद हैं। किशोरी की तलाश की जा रही है, अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।



गुड़िया (फाइल फोटो)



नहर किनारे मौजूद पुलिस, परिजन व ग्रामीण। अमृत विचार

## नदी में डूबने से मानसिक विक्षिप्त की मौत

**तम्बौर।** ग्राम कनकारी गांव निवासी पवन कुमार पांडेय पुत्र नवल किशोर के घर में करीब 15 वर्षों से एक अज्ञात व्यक्ति रह रहा था। मानसिक रूप से स्थिति ठीक न होने पर उन्होंने इसको आश्रय दिया था। बीते रविवार को वह कहीं चला गया था। काफी तलाश के बाद उसे तम्बौर थाना इलाके के ही ग्राम इच्छा में देखा गया था। बताया जा रहा है कि गांव किनारे वह शौच के लिए गया था। जहां पैर फिसलने की वजह से वह नदी में डूब गया। काफी तलाश के बाद बुधवार को उसका शव मिला। मृतक का नाम बमबौरा पुत्र बाबू बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर अंतिम संस्कार कर दिया है।

## सार-संक्षेप

### चुनाव के शेष बचे दिनों में कड़ा परिश्रम करें कार्यकर्ता: राजेश

**सीतापुर, अमृत विचार।** भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला की अध्यक्षता में मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सिधौली विधानसभा के कमलापुर मंडल में पार्टी पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 20 मई को होने वाले मतदान एवं मतदान पूर्व पार्टी के कार्यक्रमों और तैयारियों पर चर्चा की गई। उन्होंने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि चैथे चरण के चुनाव पूरे होने तक देश नरेंद्र मोदी जी के विजन से अपने आप को स्थाई रूप से जोड़ चुका है, अब पांचवें चरण में इस विजन को बड़ी मजबूती प्रदान करनी है। ऐसे में जिले से जुड़ी मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र के चुनाव के लिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का दायित्व बढ़ जाता है। हम समस्त कार्यकर्ताओं को जहां पार्टी के नियमों का पालन करना है, वहीं मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत प्रयास भी करने हैं। ऐसे में सिधौली विधानसभा का सहयोग इतना ज्यादा हो कि इस विधानसभा की तारीफ सीतापुर से लेकर दिल्ली तक हो, इसके लिए पार्टी से जुड़े प्रत्येक कार्यकर्ता को शेष बचे दिनों में कड़ा परिश्रम करना है। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी कमलापुर मंडल के पदाधिकारी व समर्थक उपस्थित रहे।



भाजपा जिलाध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

### हरियावां मिल ने कराया शौचालय निर्माण

**पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार।** बुधवार को सहकारी गन्ना विकास समिति महोली में डी.सी.एम श्रीराम लिमिटेड शुगर एंड डिस्लरी हरियावां ने तीन लाख रुपए कीमत से शौचालय एवं प्रसाधन का निर्माण कराया है। जिसका उद्घाटन इकाई प्रमुख प्रदीप त्यागी व जीएम संजीव तोमर ने किया। बुधवार को सहकारी गन्ना समिति महोली के परिसर में डी.सी.एम श्रीराम लिमिटेड शुगर एंड डिस्लरी हरियावां ने सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत भारत सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान के क्रम में शौचालय एवं प्रसाधन का निर्माण कराया। शौचालय निर्माण से समिति में आए गन्ना किसानों को लाभ मिलेगा। बता दें कि समिति की स्थापना वर्ष 1937 में कराई गई थी और समिति कार्यालय का निर्माण 1985 में कराया गया था। चीनी मिल के सहायक उपाध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2023-24 में महोली समिति से हरियावां मिल ने कुल 72.66 लाख कुंतल गन्ना खरीदा है। जिसका भुगतान 281.29 करोड़ रुपए किसानों के खाते में भेजे जा चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मिल द्वारा सिंचाई के लिए उन्नत कृषि यंत्र, बीज उपचार दवा एवं कृषि यंत्रों पर समय-समय पर अनुदान दिया जा रहा है। जिसका किसान लाभ उठा रहे हैं। इस मौके पर सोहनवीर सिंह, इंद्रपाल सिंह, अनुज सिंह, राजीवरंजन सिंह, आलोक सिंह, सोकेंद्र सिंह, रामगोपाल सिंह, विशेश्वर वर्मा और सीएसआर स्कीम के प्रभारी आदर्श कुमार भी उपस्थित रहे।



शौचालय का उद्घाटन करते इकाई प्रमुख प्रदीप त्यागी व जीएम संजीव तोमर। अमृत विचार

### मामूली विवाद में पति ने धारदार हथियार से पत्नी का काटा हाथ

**अटरिया, सीतापुर, अमृत विचार।** शराब के नशे में एक युवक ने आपसी विवाद में अपनी पत्नी का हाथ काट दिया। अटरिया थानाक्षेत्र के धारानगर निवासी अनिल कुमार पुत्र मुनुवा की मंगलवार की रात करीब दस बजे अपनी पत्नी गीता देवी से मामूली बात पर विवाद हो गया। जिससे दोनों के बीच कहासुनी हुई। ऐसे में नाराज युवक ने पत्नी पर फरसे से वार कर दिया। फरसे के प्रहार से गीता का एक हाथ कलाई पर से कटकर अलग हो गया और सर भी फट गया। स्थानीय लोगों की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची अटरिया पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से गंभीर रूप से घायल महिला को सीएचसी सिधौली पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि अनिल कुमार शराब पीने का आदी है और अक्सर शराब के नशे में घर वालों से लड़ाई झगड़ा करता रहता है। अटरिया थाना प्रभारी रोहित दुबे ने बताया कि युवक शराब के नशे में था। आपसी विवाद में पत्नी पर फरसे से प्रहार किया है महिला की हालत गंभीर है। युवक को सुबह धारदार हथियार के गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 307, 326 सहित अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

# दो वाहनों की भिड़ंत में एक दर्जन से अधिक घायल

संवाददाता, रेउसा, सीतापुर

## दुर्घटना

- दो को गंभीर हालत में बहराइच किया गया रेफर
- टैंपो को टक्कर मारने वाला वाहन फरार

**अमृत विचार।** रेउसा-तंबौर मार्ग पर एक टैंपों में पीछे से किसी वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे टैंपों में सवार 15 लोग घायल हो गये। आसपास के लोगों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया, जहां से दो की हालत खराब देखते हुये उन्हें बहराइच रेफर कर दिया गया। वहीं टैंपो को टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया।

थाना सदरपुर के जहांगीराबाद निवासी आयत अपने परिवार समेत टैम्पों से एक शादी समारोह में जटपुरवा जा रहे थे। टैंपों में कुल 15 लोग सवार थे। रेउसा-तंबौर रोड जिन्दबाबा स्थान के पास पहुंचने के दौरान पीछे से किसी वाहन ने टैंपों में टक्कर मार दी। जिसमें आयत 20 वर्ष, हमजल, अबू हुरेस, तमसील, तबस्सुम, इलमा आदि लोग घायल हो गये जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जबकि गंभीर रूप से घायल अल्हम व संजीदा को रेफर किया गया। डॉक्टर तेज प्रताप सिंह ने बताया कि टैम्पो में 15 लोग सवार थे। सबको चोट लगी है, दो को रेफर किया गया है। शेष का इलाज किया जा रहा है।



सीएचसी में इलाज कराते घायल। अमृत विचार

# बाइकसवार भाई-बहन को बस ने मारी टक्कर, भाई की मौत


**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** रामकोट थाना के अकसेनी भट्ठा के सामने बस की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। जहां पर भाई की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया।

आपको बताते चलें कमलापुर थाना के बेहड़ा गांव निवासी अंकित (22) पुत्र संतराम अपनी बहन शालू के साथ कुतुबनगर दवा लेने गये थे। वापस आते समय अकसेनी भट्ठा के सामने एक तेज गति से आ रही रोडवेज बस ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची रामकोट थाना पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर अंकित की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में अंकित ने दम तोड़ दिया। वहीं शालू का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

## श्रद्धा

### रत्नजड़ित सिंघासन पर सवार होकर शत्रुओं का नाश करती हैं मां बंगलामुखी

# धूमधाम से मनाया गया मां बंगलामुखी का प्रकटोत्सव



मां बंगलामुखी। अमृत विचार

**खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** पवित्र भुइयां ताली तीर्थ पर मां बंगलामुखी का प्रकटोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर माई का भव्य श्रृंगार किया गया। महंत बजरंगमुनि ने बताया कि बंगलामुखी जयंती को मां बगलामुखी प्रकटोत्सव के नाम से भी जाना जाता है।

सनातन धर्म में देवी बगलामुखी की पूजा का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, जो भी भक्त सच्चे मन से मां बगलामुखी की आराधना करता है, उसके जीवन में आ रही सभी परेशानियां देवी हर लेती हैं। मां बगलामुखी मंत्र कुंडलिनी के स्वाधिष्ठान चक्र को जागृति में सहायता करती हैं। इसी वजह से देश के कई राज्यों में इन्हें बुद्धि की देवी के नाम से जाना जाता है। मां बगलामुखी की पूजा खासतौर पर मुकदमा जीतने, शत्रुओं से छुटकारा पाने के लिए और चुनाव जीतने के लिए की जाती है। देवी को बगलामुखी, पीताम्बरा, बगला, वल्गामुखी, वगलामुखी, ब्रह्मास्त्र विद्या आदि नामों से भी जाना जाता है। देवी बगलामुखी का सिंहासन रत्नों से जड़ा हुआ है और उसी पर सवार होकर देवी शत्रुओं का नाश करती हैं।

देवी बंगलामुखी दसमहाविद्या में आठवीं महाविद्या हैं यह स्तम्भन की देवी हैं। संपूर्ण ब्रह्माण्ड की शक्ति का समावेश हैं माता शत्रुनाश, वाकसिद्धि, वाद विवाद में विजय के लिए इनकी उपासना की जाती है। इनकी उपासना से शत्रुओं का नाश होता है तथा भक्त का जीवन हर प्रकार की बाधा से मुक्त हो जाता है। कहा जाता है कि देवी के सच्चे भक्त को तीनों लोक मे अजेय है, वह जीवन के हर क्षेत्र में सफलता पाता है। ॐ ह्लीं बगलामुखी सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तंभय, जिह्ववां कीलय, बुद्धि विनाशय, ह्लीं ऊं स्वाहा।

इस मंत्र का जाप कम से कम 108 बार करने से माना जाता है कि मां बगलामुखी प्रसन्न होती हैं और अपने भक्तों को सभी दुख और बाधाओं से मुक्त करती हैं। इस अवसर पर हटौरा संगत महंत विजय शंकर अवस्थी, अखिलेख अवस्थी, पीयूष कुमार, डॉ. विवेक शुक्ला, डॉ. योगेश यादव, अतुल लाला सहित भक्त उपस्थित रहे।

## सरकारी हैंडपंप खराब लोग परेशान

**मानपुर।** कस्बे में लगे सरकारी हैंडपंप खराब पड़ा है। बीते छः माह से नल की पाइप फटी होने से दूषित पानी आ रहा है। सरैंया सानी पंचायत के ग्राम बन्नीबाजदार में ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य सड़क के किनारे लगे इण्डिया मार्का हैंडपंप में बीते छः माह से दूषित जल आ रहा है। पानी पीने में बहुत खारा है, क्योंकि नल की पाइप फटी है जिसकी मरम्मत नहीं की गई है। जिसमें स्थानीय निवासी रामजीवन, भग्गू बली, विश्वनाथ, मिश्री, अन्नू, सुन्दरलाल रामशंकर, मुन्ना आदि ने बताया कि तपिश भरी गर्मी में पीने योग्य पानी की किल्लत है, क्योंकि जल जीवन मिशन का भी कार्य नहीं पूरा हुआ है, जिससे कि हर घर जल नहीं पहुंचा है, यदि नल की मरम्मत हो जाए तो गांववालों और राहगीरों की पानी की समस्या दूर हो जाए।

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्य प्रियवादिनी च।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन्॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनार्जन करने वाली विद्या का ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं।

## संपादकीय

# अमेरिका की सोच संकीर्ण

भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह को लेकर हुए समझौते से अमेरिका की बेचैनी समझी जा सकती है। अमेरिका कभी नहीं चाहता कि दुनिया का कोई भी देश ईरान के साथ किसी तरह का व्यापारिक संबंध रखे। इसलिए भारत ने सोमवार को ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह के प्रबंधन के लिए 10 साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए तो अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने तक की धमकी दे डाली। अमेरिकी चेतावनी के संदर्भ में बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर कहा कि चाबहार बंदरगाह से पूरे क्षेत्र को लाभ होगा और इसे लेकर संकीर्ण सोच नहीं रखनी चाहिए। गौरतलब है कि भारत ईरान, अफगानिस्तान, कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान जैसे मध्य एशियाई देशों तक अपनी पहुंच आसान बनाने के लिए चाबहार पोर्ट पर एक टर्मिनल विकसित कर रहा है। ईरान के साथ इस समझौते को चीन द्वारा पाकिस्तान में विकसित किए जा रहे ग्वादर बंदरगाह की काट के तौर पर देखा जा रहा है। इस समझौते के माध्यम से भारत और ईरान के बीच क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा और अफगानिस्तान, मध्य एशिया, और यूरेशिया के लिए नए रास्ते खुलेंगे। ऐसे समय पर जब भारत हमास के खिलाफ जंग में रणनीतिक रूप से इजराइल का साथ दे रहा है और एक समझौते के तहत फिलिस्तीनियों की जगह इजराइल में भारतीय कामगारों को भेज रहा है, चाबहार समझौता अवसर है कि भारत पश्चिम एशिया में अपने रिश्तों को नए सिरे से संतुलित करे। चाबहार बंदरगाह दक्षिण-पूर्वी ईरान में ओमान की खाड़ी में स्थित है। यह एकमात्र ईरानी बंदरगाह है जिसकी समुद्र तक सीधी पहुंच है।

अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर उस पर प्रतिबंध लगा दिए थे। पश्चिम एशिया संकट के दौरान ईरान और इजराइल के बीच बढ़े तनाव के मद्देनजर अमेरिका ने ईरान पर नए सिरे से आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। ऐसे में भारत के लिए सभी संबंधित पक्षों को विश्वास में लेते हुए ईरान के साथ एक दीर्घकालिक समझौते को अंतिम रूप देना चुनौतीपूर्ण था। अभी भारत को एक ऐसी उभरती हुई शक्ति के रूप में देखा जाता है, जो वैश्विक शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा रखता है। भारत के इस कदम से देश को मध्य एशिया के साथ कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी। यानी भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह की देखभाल, विकास और संचालन को लेकर हुआ समझौता न सिर्फ दोनों देशों के आपसी संबंधों के लिहाज से अहम है, बल्कि आने वाले वर्षों में इस पूरे क्षेत्र की भू-राजनीति को भी निर्णायक ढंग से प्रभावित कर सकता है।

# राजनीति के मौजूदा मिजाज को प्रतिबिंबित करता मीडिया



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

> अटल बिहारी वाजपेयी के समय उनके कारण और कुछेक अनुभवी सांसदों की मर्यादित बहस के कारण पार्लियामेंट में गरिमा बनी रहती थी। सांसद जैसे होंगे और जैसी इनकी बैकग्राउंड होगी वैसा ही मिजाज पॉलिटिक्स का बनेगा और वैसी ही इसकी छवि संसद और प्रांतीय विधान सभाओं में दिखाई देगी।

राजनीतिक पत्रकारिता का मिजाज पिछले 50 साल में खासतौर से इमरजेंसी खत्म होने के बाद से बदला है। दो साल तक तो यह बढ़िया रहा,लेकिन देश में संघीय सरकार से संबंधित राजनीति का स्तर गिरता गया। साथ ही पार्लियामेंट की रोजमर्रा की कार्रवाई में अधिकांश सांसदों द्वारा की गई बहस की निम्न स्तरीयता के कारण भी स्तर गिरता गया। प्रांतीय पॉलिटिक्स और राजनीतिक शासन का स्तर तो और भी नीचे गिरा। मीडिया ने इसकी बढ़िया आलोचनात्मक कवरेज की और देशवासियों को नियमित तौर से जागरूक और सचेत ही नहीं किया,बल्कि आमजन को राजनीति के प्रति विवेकशील भी बनाया।

अटल बिहारी वाजपेयी के समय उनके कारण और कुछेक अनुभवी सांसदों की मर्यादित बहस के कारण पार्लियामेंट में गरिमा बनी रहती थी। सांसद जैसे होंगे और जैसी इनकी बैकग्राउंड होगी वैसा ही मिजाज पॉलिटिक्स का बनेगा और वैसी ही इसकी छवि संसद और प्रांतीय विधान सभाओं में दिखाई देगी। मीडिया रिपोर्टिंग तो जो हो चुका है उसका प्रतिबिंब मात्र है,लेकिन एक पहलू और है,यह है पॉलिटिकल विचार और राजनेताओं के बयानों और भाषणों की व्याख्या का कंटेंट जेनेरेट करना और इसे समाचार में समाहित करना। समाचार पत्रों में संपादकीय विभाग की यह मॉडर्न पॉलिसी जाहिरा तौर से अमेरिकन मीडिया से सत्तरादी दशक में वाटरगेट कांड से शुरू हुई थी जिसकी क्षीण सी यादें अभी जिंदा हैं।

इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिज्म की शुरुआत भी हम अमेरिकन मीडिया से ही मान सकते हैं जब अमेरिकन पार्लियामेंट ने फ्रीडम ऑफ द इनफार्मेशन एक्ट,1967 पास किया था। वार कोरेस्पोंडेट्स और चुनाव कॉरेस्पोंडेंन्ट्स के रिपोर्टिंग स्टाइल में कोई खास फर्क मुझे इसलिए नजर नहीं आता कि दोनों में 'ह्यूमन इंटरेस्ट' अर्थात् मौलिक मानव प्रवृत्ति और रुचिकर जानकारी का तत्व काफी मात्रा में शुमार करने की प्रवृत्ति बढ़ गई है और लोग इस चटपटे मसाले को चाव से पढ़ते हैं। यह 1880 और 1980 के जर्नलिज्म से काफी भिन्न है, खास तौर से पॉलिटिशियंस आधुनिक जर्नलिज्म के तीखे तेवर और इन्वेस्टिगेटिव तत्व से हल्का-सा आतंकित भी रहते हैं। ऐसे में चुनाव के दौरान पॉलिटिकल रिपोर्टर्स के स्टाइल ऑफ रिपोर्टिंग का महत्व बढ़ जाता है। मीडिया एनालिस्ट्स इसकी खूब पहचान रखते हैं। मीडिया और पॉलिटिकल दिग्गज़ों में 'दूर की दोस्ती' किसी और मतलब से होती है अर्थात् कुछेक बड़े पत्रकार एथिक्स नहीं छोड़ते और न्यूज कंटेंट में किसी तरह की ढील भी नहीं बरतते और न ही इसे एक मुलम्मा चढ़ाकर पेश करते हैं। ऐसा इसलिए कि ये जिस मीडिया हाउस से संबंध रखते हैं,उसकी समृद्ध साख या 'रेपुटेशन' होती है और वह इन पत्रकारों की कार्यशैली और पृष्ठभूमि से बनती है।

> ऐसे में जर्नलिज्म ऐसा ही होगा जैसा यह रूस और चीन में है। लोकतंत्र का यह चौथा स्तंभ सिसकता हुआ तब दम तोड़ देता है, लेकिन कहते हैं वित्त के बिना अर्थात् लक्ष्मी के बिना सरस्वती अराधना भी असंभव है, कुछ ऐसा ही जर्नलिज्म के साथ भी है।

हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के जिन अखबारों ने पिछले दो दशक में देश में अपनी प्रसार संख्या बढ़ाई है,इन्होंनें ट्रेडिशनल जर्नलिज्म को हल्का और समझौता-परक ही किया है। बेशक इनमें से किसी के 60 संस्करण आज छपते हैं और इनकी वित्तीय स्थिति मजबूत होने से पॉलिटिकल गवर्नेंस में इनकी साख भी बड़ी हो गई है। खेद है कि मीडिया स्टडीज करने वाले विश्वविद्यालयों के सीनियर प्रोफेसर्स और मीडिया अध्ययन संस्थानों द्वारा जर्नलिज्म में इस बदलाव पर कम ही रिसर्च होती है और ऐसे पेपर्स देखने-पढ़ने को अब अधिक संख्या में और नियमित तौर से नहीं मिलते हैं जैसे दो दशक पहले मिला करते। 'विदुर' पत्रिका बंद हो गई,लेकिन 'सेंटर फॉर स्टडीज इन डेवलपिंग सोसाइटीज' की 'प्रतिमान' और 'स्टडीज इन इंडियन पॉलिटिक्स' पत्रिकाओं ने इस परंपरा को चालू रखा है। असल में मीडिया इंडस्ट्री के लिए वित्त का 'फाउंटेन हेड' क्रिटिकल पॉलिटिकल जर्नलिज्म है जिसके प्रति मालिक और स्पेशल कॉरेस्पोंडेंन्ट्स अत्यंत सचेत रहते हैं। यह अलग बात है कि कुछेक बार ये दोनों,अर्थात् अखबार का मालिक और इनका एग्जीक्यूटिव एडिटर,पॉलिटिकल गवर्नेंस की धारा को भी बदल देने की हिम्मत रखते हैं। अरुण शौरी ने महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री अब्दुल रहमान अंतुले की नाजायज तरीके से धन उगाहने की प्रवृत्ति पर 'इंदिरा गांधी एज कॉमर्स' नाम से एक लेखमाला इंडियन एक्सप्रेस में दी थी। इसे तीन किस्तों में तीन दिन तक छापा गया था। अरुण शौरी ने इसके लिए बहुत समय लगाकर और अपने स्रोतों से अकाट्य साक्ष्य जुटाकर अखबार के मालिक रामनाथ गोयनका से सहमति लेकर इसे प्रकाशित किया था। इंदिरा गांधी इस लेखमाला को लेकर अंतुले पर बहुत कुपित हुई थी और तुरंत प्रभाव से अंतुले का इस्तीफा मांग लिया था। ऐसा जर्नलिज्म अब कहां?

प्रिंट मीडिया में एक माध्यम,जैसे कि एक समाचार पत्र,की साख प्रसार संख्या या प्रिंट आर्डर से नहीं बनती और न ही इस अवधारणा से कि विज्ञापन से मिलने वाला रिवेन्यु इसे बहुत अच्छी वित्तीय स्थिति प्रदान करता है,बल्कि इससे कि अमुक अखबार 'कैसा' जर्नलिज्म करता है। अमूमन, क्रिटिकल और तीखे तेवर वाले अखबार अधिक पसंद किए जाते हैं। कुछ नए अखबारों की सर्कुलेशन फिगर्स तो ऑडिट ब्यूरो ऑफ़ सर्कुलेशन (एबीसी) की वेबसाइट पर भी उपलब्ध नहीं हैं। अर्थात् एबीसी द्वारा मान्य एक न्यूनतम क्राइटेरिया या औकात तक अभी ये नहीं पहुंचे हैं।

साख बनाने के लिए अखबार के लोगों को एक दूरगामी नीति पर काम करना होता है और ऐसे मिजाज के लोग प्रेस,एडिटोरियल और सर्कुलेशन के अलावा विज्ञापन विभागों में रखने होते हैं जिनका मिजाज तथ्यपरकता पूर्ण हो और समाज एवं देश हित को सर्वोपरि मानते हुए काम करने को ये लोग सदा उद्धत रहते हों। इस लाइन को जो फॉलो करते हैं वे टिके रहते हैं और अखबार की साख को बनाकर रखते हैं या बढ़ाते हैं। एक प्रतिष्ठित या/और उभरते हुए अखबार के मालिक या इसके एडिटर्स सरकार से या नेताओं से जानबूझकर नहीं उलझते। पब्लिक इंटरेस्ट में वास्तव में ही कुछ उघाड़ने से पहले और इसकी कवरेज को अकाट्य बनाने के लिए तथ्यों की ठीक से जांच करते हैं अर्थात् बारम्बार क्रॉस-चेक करते हैं। संबंधित लोगों से संपर्क करके सही बात जानने का प्रयास करते हैं और तभी कोई ब्रेकिंग स्टोरी प्रकाशित करते हैं। सरकार के सतर्कता विभाग को भी यह अनेक बार मालूम नहीं होता कि कहां, क्या हो रहा है या हो चुका है। हिंदी के अखबारों में एक आम कमी है कि ये अपनी ही न्यूज का और अगर कहीं से 'लीड' मिली है तो भी इसका फॉलोअप नहीं करते और अपनी स्थिति को मजबूत करने से लगातार चूकते हैं।

देश में ऐसे उदाहरण हैं कि बिजनेस पर्सन्स ने अपनी एंपायर को सुरक्षित बनाए रखने के लिए घाटा खाकर भी अखबार चलाए हैं। श्रम का उचित मूल्य दिया जाना और एथिक्स को मानना मीडिया में दो बड़ी बातें होती हैं। अगर ये दोनों नहीं हैं, अर्थात् दोनों तत्व ही 'कॉम्प्रोमिज्ड' हैं,तो राजनैतिक शासन या कहें तो पॉलिटिकल गवर्नेंस,के साथ यह हाथ मिलाकर चलने वाली बात होती है। ऐसे में जर्नलिज्म ऐसा ही होगा जैसा यह रूस और चीन में है। लोकतंत्र का यह चौथा स्तंभ सिसकता हुआ तब दम तोड़ देता है, लेकिन कहते हैं वित्त के बिना अर्थात् लक्ष्मी के बिना सरस्वती अराधना भी असंभव है, कुछ ऐसा ही जर्नलिज्म के साथ भी है। गोयनका जी का बहु-संस्करणी 'इंडियन एक्सप्रेस', कलकत्ता और दिल्ली से अंग्रेजी और हिंदी में प्रकाशित 'द स्टेट्समैन' एवं दोबारा से प्रकाशन जगत में आए 'द पायनियर' के अलावा 'द हिन्दू' और 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' और 'द हिंदुस्तान टाइम्स' द्वारा साख बनाए जाने के इतिहास से भी पत्रकारिता करने वाले बहुत से लोग परिचित नहीं हैं। गणेश शंकर विद्यार्थी और बाबू बालमुकुंद गुप्त और इंदौर से शुरू नई दुनिया और जनसत्ता के प्रभाष जोशी एवं नवभारत टाइम्स के राजेंद्र माथुर जैसी पत्रकारिता अब नहीं रही। वक्त ने इनका ही नहीं,बल्कि पॉलिटिकल रिपोर्टिंग का मिजाज भी बदल दिया है। वक्त की नजाकत को देखते हुए इन्होंने खुद को ही बदल लिया,ऐसा कहना अधिक उपयुक्त है।

## प्रसंगवश

# मोदी को छत्र: कैसे हैं नक्षत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 मई को पूर्वाह्न 11.58 पर अभिजित मुहूर्त में वाराणसी में अपना नामांकन दाखिल कर दिया। मोदी का जन्म 17 सितंबर, 1950 को बड़नगर में हुआ। तत्समय वृश्चिक लग्न थी। सूर्य, बुध और केतु कन्या पर थे,चंद्रमा व मंगल लग्न यानी वृश्चिक पर,गुरु कुंभ में,शनि व शुक्र सिंह पर तथा राहु मीन पर अवस्थित थे।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस तरह मंगल केंद्र में स्वगृही, चंद्रमा नीच के होकर बली मंगल से युत होने के कारण नीच भंग स्थिति में। राज्येश सूर्य लाभ स्थान में उच्च के बुध के साथ बैठे थे। राज्य भाव में शनि, शुक्र और चौथे में गुरु। गुरु व शनि, शुक्र परस्पर दृष्टि संबंध रख रहे हैं। मोदी की 22 अप्रैल-2024 से मंगल की महादशा में शनि की अंतर्दशा चलना प्रारंभ हो गई है जिनका संप्रति घटने वाली घटनाओं पर विशेष प्रभाव पड़ेगा। गोचर में भ्रमण करते हुए 4 जून को (परिणाम वाले दिन) ग्रह स्थिति यह होगीः सूर्य, बुध, गुरु और शुक्र वृष पर,चंद्रमा व मंगल मेष पर,शनि कुंभ में तथा राहु व केतु क्रमशः मीन व कन्या पर। ऐसे में लग्नेश तथा महादशानाथ मंगल तथा भाग्येश चन्द्रदेव शनि द्वारा दृष्ट होंगे। शनि की दृष्टि ग्रह के प्रभाव की घटोतरी करती है और भाव की हानि करती है। भाव तो वह शत्रु का है,जिसे डाउन करने का मतलब शत्रु पराजय से है,किंतु लग्नेश और भाग्येश जैसे महत्वपूर्ण ग्रहों को भी शनि तत्समय हीन प्रभाव बनाएंगे। विशेष बात यह है कि अंतर्दशानाथ महादशानाथ को कमजोर करेंगे। मतलब मोदी के ठीक नीचे वाले पहली कतार के लोग उनके प्रभाव को कम करने का प्रयास करेंगे। राजयोग बनने में सूर्य की स्थिति जरूर देखी जाएगी,जो इनकी कुंडली में राज्य भाव के स्वामी भी हैं। सूर्य वृष पर हैं और उस समय भी होंगे,जो उनके शत्रु शुक्र का घर है। शत्रु के घर में ग्रह कमजोर होता है। इसके अलावा सूर्य सातवें भाव में शुभ नहीं होते हैं। शनि राज्य भाव को भी देखकर कमतर कर रहे हैं तथा उनके चौथे भाव में विराजमान होने का फल है 'शत्रु वृद्धि,विरोधी प्रबल'। यद्यपि जन्मी उच्च के बुध और केन्द्रस्थ गुरु लग्न को देखकर स्थिति बलवती करने का प्रयास करेंगे। स्थिति में ह्रास सम्भाव्य है। धर्म से ग्रह गति में कुछ परिवर्तन हो जाता है।

# इंटरनेट के उपयोग और कल्याण के बीच संबंध

विगत शती के 1990 में शुरू हुए वर्ल्ड वाइड वेब को इंटरनेट का नामकरण मिला। तभी से यह विवाद चल रहा है कि यह मनुष्य के लिए यह जरूरी है या हानिकर है। अभी हाल में ही वैश्विक स्तर पर संपन्न 24 लाख लोगों पर किए गए एक 16 वर्षीय अध्ययन में पाया गया है कि इंटरनेट का उपयोग जीवन में संतुष्टि और उद्देश्य की भावना जैसे कल्याणकारी उपायों को प्लेटफार्म देता है। यह इस आम धारणा को चुनौती देने वाला अध्ययन है कि इंटरनेट का उपयोग मानव कल्याण पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।

जर्मनी में वुर्जबर्ग विश्वविद्यालय के मनोवैज्ञानिक मार्कस एप्पल की मानें तो डिजिटल मीडिया का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक डालने का एक महत्वपूर्ण उपाय है। इंटरनेट विरोधियों के इस दावे कि सोशल मीडिया,इंटरनेट और मोबाइल फोन का उपयोग वास्तव में हमारे समाज के लिए नकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करता है,सही नहीं है और हमें इस नए अध्ययन को गंभीरता से देखने को आमंत्रित करता है। इंटरनेट के हानिकारक प्रभावों की चिंता आमतौर पर सोशल मीडिया के उपयोग से जुड़े व्यवहारों से संबंधित होती हैं, जैसे साइबरबुलिंग, सोशल मीडिया की लत आदि, लेकिन एप्पल का मानना है कि अब तक के कई सर्वश्रेष्ठ अध्ययनों ने इंटरनेट के उपयोग के कुछ छोटे नकारात्मक प्रभाव ही देखे गए हैं। कोई बड़ा हानिकारक प्रभाव इससे नहीं है। ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एक शोधकर्ता एंड्रयू प्रिजिबिल्स्की ने 9 मई को एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भले ही इंटरनेट वैश्विक हो चला है,लेकिन अभी भी मानव समाज पर इसे लेकर गंभीर अध्ययन का अभाव है। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत से अधिक डेटा उन्हें मात्र मुट्ठी भर अंग्रेजी बोलने वाले देशों से आते हैं।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

> ऑनलाइन गतिविधियां लोगों को नई चीजें सीखने और दोस्त बनाने में मदद कर सकती हैं और यह लाभकारी बदलावों में योगदान दे सकती है।

प्रिजबिल्स्की और उनके सहयोगियों ने वाशिंगटन डीसी स्थित एनालिटिक्स कंपनी गैलप द्वारा आयोजित गैलप वर्ल्ड पोल से इंटरनेट एक्सेस के आठ उपायों से संबंधित डेटा का विश्लेषण किया है। डेटा को 2006 से 2021 तक 168 देशों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के 1,000 लोगों से फोन या व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से सालाना एकत्र किया गया था। शोधकर्ताओं ने उन कारकों को नियंत्रित किया,जो इंटरनेट के उपयोग और कल्याण को प्रभावित कर सकते हैं जिसमें आय स्तर,रोजगार की स्थिति,शिक्षा का स्तर और स्वास्थ्य समस्याएं शामिल हैं। टीम ने पाया कि औसतन जिन लोगों के पास इंटरनेट तक पहुंच थी,उन्होंने जीवन की संतुष्टि, सकारात्मक अनुभवों और अपने सामाजिक जीवन से संतुष्टि के उपायों को अपनाने पर आठ प्रतिशत अधिक स्कोर किया,उन लोगों की तुलना में जिनके पास वेब तक पहुंच नहीं थी। ऑनलाइन गतिविधियां लोगों को नई चीजें सीखने और दोस्त बनाने में मदद कर सकती हैं और यह लाभकारी बदलावों में योगदान दे सकती है।

हालांकि 15-24 वर्ष की आयु की महिलाएं, जिन्होंने अध्ययन के पिछले सप्ताह इंटरनेट का उपयोग करने की सूचना दी थी। औसतन वे जिस स्थान पर रहती हैं,उससे उन लोगों की तुलना में कम खुश थीं,जिन्होंने वेब का उपयोग नहीं किया था। ऐसा इसलिए हो सकता है,क्योंकि जो लोग अपने समुदाय में स्वागत सम्मान महसूस नहीं करते हैं। प्रिजिबिल्स्की ने कहा वे अधिक समय ऑनलाइन बिताते हैं, उन्होंने कहा कि यह निर्धारित करने के लिए आगे के अध्ययनों की आवश्यकता है कि इंटरनेट के उपयोग और कल्याण के बीच संबंध का कोई ठोस कारण है या केवल एक जुड़ाव भर है। यह अध्ययन ऐसे समय में आया है जब इंटरनेट और सोशल मीडिया के उपयोग के नियमन को लेकर खासकर युवाओं के बीच चर्चा हो रही है। वैसे टोबियास डिएनलिन,जो वियना विश्वविद्यालय में सामाजिक मीडिया कल्याण को कैसे प्रभावित करता है,इसका अध्ययन करते हैं।

वे कहते हैं,"संदर्भित अध्ययन हाल की बहस में योगदान नहीं दे सकता है कि सामाजिक मीडिया का उपयोग हानिकारक है या नहीं या स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए या नहीं,"जैसे सवालों के लिए यह अध्ययन जवाब देने के लिए डिजाइन नहीं किया गया था।

## सोशल फोरम

# पेंदा नहीं है

कबाड़ी ठेले पर कबाड़ लादे जा रहा था। ऊपर प्लास्टिक की कुर्सियां और प्लास्टिक की बिन्स। गन्ने की दुकान वाले ने शायद कूड़ेदान के लिए प्लास्टिक की डलिया के दाम पूछे।

'पेंदा नहीं है उनमें'-कबाड़ी ने ठिलिया को धकियाते हुए बताया। कूड़ेदान भी बिना पेंदे का बेकाम होता है। हम लोग इधर-उधर लुढ़कते-पुढ़कते बेपेंदी के जनप्रतिनिधियों से काम चला रहे हैं। कूड़े से बिजली तो तमाम देश बना लेते हैं। हम कबाड़ हुए प्रतिनिधियों से भी अपना काम चला लेते हैं। गन्ने की दुकान पर रस पीते हुए हमने मोटरसाइकिल पर बगल में रस पीते नौजवान जोड़े को देखा। लड़की शायद गर्मी से बचने के लिए पूरा चेहरा ढके थी। लड़का खुल्ला मुंह। गर्मी भी लिंग भेद करती है।



अनूप शुक्ल
कानपुर

कल्पना करने को एक कल्पना अपन करते हैं। पानी में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन होते हैं। पानी की कमी दूर करने के लिए हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के पाउच मिलने लगेंगे कभी जिसको पानी पीना होगा वह एक पाउच से आक्सीजन और दूसरे से हाइड्रोजन निकालेगा। सुर्ती और चूने की तरह हाइड्रोजन व ऑक्सीजन को रगड़ पानी बनाएगा और फांक लेगा। इसके साथ ही मानो कहीं आक्सीजन की कमी हुई। वहां वह पानी के अणु को पटककर या छीलकर ऑक्सीजन और हाइड्रोजन अलग-अलग कर लेगा। बात यहीं तक नहीं है भाई। निकली है तो दूर तलक जाना बात की नियति है। जब ऑक्सीजन उपयोग होने के बाद बाहर निकलेगी तो कार्बन डाई आक्साइड में बदल चुकी होगी। उससे भी पटककर या छीलकर आक्सीजन निकाल ली जाएगी,जो कार्बन बचेगा उसको दबाकर कोयला बनाया जाएगा। उर्जा समस्या हल होगी। आप को मेरी बातें अगर लंतरानी लगें तो कोई ताज्जुब नहीं है। अपने लोकतंत्र और संविधान में लंतरानी हांकने में कोई रोक भी तो नहीं है। दुनिया के तमाम अविष्कार सही सिद्ध होने के पहले लंतरानी ही माने गए हैं। अब यह अलग बात है ज्यादातर लंतरानी बिना पेंदे की होती हैं और उनकी हैसियत मात्र कबाड़ की होती है।

-फेसबुक वॉल से

# प्रोत्साहन ज्यादा, सख्ती कम



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> हम बाहरी तौर पर कुछ भी कह दें,लेकिन अपने बच्चे के सुरक्षित भविष्य को लेकर चिंतित जरूर रहते हैं,उसके अच्छे अंक आते हैं,वह अच्छे पद पर कार्यरत होता है तो स्वाभाविक तौर पर हमें अच्छा लगता है,यह सच्चाई है।

बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आ चुके हैं। बहुत सारे लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से अखबारों में,टीवी में अपने विचार रखे हैं कि बच्चों को अधिक नंबर लाने के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए और माता-पिता को अपने बच्चों के नंबर सोशल मीडिया में शेयर नहीं करने चाहिए। इससे कम अंक लाने वाले बच्चे हतोत्साहित होते हैं और उनमें दुष्प्रभाव पड़ता है। बुद्धिजीवियों के,मनोचिकित्सकों के अपने-अपने सुझाव हैं। बहुत अधिक सीमा तक यह बात सच है। आपसी तुलना या आलोचना तो हम बड़े लोग ही बर्दाश्त करने की क्षमता नहीं रखते हैं,फिर बच्चे तो बच्चे ही हैं।

14-15 साल की उम्र में मानसिक रूप से परिपक्व भी नहीं हो पाते हैं। हर बच्चे की क्षमता अलग है। उसे समझकर ही उसके करियर और भविष्य के बारे में योजना बनानी चाहिए,लेकिन मेरा सोचना है कि स्वस्थ रूप से की गई तुलना और प्रोत्साहन की प्रवृत्ति कभी-कभी गजब का काम भी करती है। ऐसे कई उदाहरण हैं जब इस दुनिया में दूसरों के बड़े और अच्छे कामों को देखकर ही लोगों ने आगे बढ़ने की कोशिश की है और सफल भी हुए हैं। मेरा मानना है कि एक स्वस्थ तुलना कभी-कभी बच्चे के करियर को नई दिशा भी प्रदान करती है,पर इसे लानत के तौर पर इस्तेमाल नहीं करना है। साथ ही बच्चे को भी इस बात का एहसास दिलाना है कि उसे अपनी क्षमता के अनुरूप ही काम करना है। क्षमता एक ऐसी वस्तु है जिसे इच्छा शक्ति के द्वारा कुछ हद तक बढ़ाया जा सकता है। एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि बच्चा किस क्षेत्र में अपना कैरियर बनाएगा,यह कौन तय करे। माता-पिता, शिक्षक या बच्चा खुद? मेरे विचार से बच्चों को खुद अपना भविष्य तय करने की आजादी देनी चाहिए,लेकिन फिर वही बात कि इस उम्र में बच्चे परिपक्व नहीं होते और अपने भविष्य के बारे में निर्णय करने में पूरी तरह से समर्थ नहीं होते।


ऐसे में शिक्षकों और माता-पिता का मार्ग दर्शन और प्रोत्साहन बच्चों के लिए बहुत जरूरी है। कई बार अभिभावक साल भर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई से वास्ता नहीं रखते। यह नहीं देखते कि वह स्कूल में ढंग से पढ़ाई कर रहा है या नहीं और अगर ट्यूशन या कोचिंग के बहाने घर से बाहर जा रहा है तो क्या समय से आ जा रहा है? उसकी संगत कैसी है। मोबाइल पर कितना समय व्यतीत करता है,लेकिन रिजल्ट के समय कम अंक देखकर बच्चे पर बरस पड़ते हैं। यह बिल्कुल भी उचित नहीं है। बच्चे के साथ थोड़ा बहुत सख्ती भी जरूरी है,लेकिन यह अन्याय और मारपीट के रूप में न हो। परिवार का माहौल ही कुछ ऐसा हो कि बच्चे कुछ नियमों से बंधे रहें। शुरुआत में मैंने भी महसूस किया कि पेरेंटिंग एक जटिल विषय है,लेकिन धीरे-धीरे जब माता-पिता की भूमिका निभाते हुए जीवन में परिपक्वता आई तो महसूस किया कि अगर बच्चों के मन को थोड़ा समझ लिया जाए तो कोई मुश्किल नहीं है। बिटिया ने बिना किसी ट्यूशन के सेल्फ स्टडी और अपने पिता की मदद से पीसीएम विषय के साथ अच्छे अंकों से 12 वीं पास की और अपने स्कूल में अपनी ब्रांच की सेकंड टॉपर रही,लेकिन उसने मंतव्य बता दिया कि मैं आगे साइंस न पढ़कर ह्यूमैनिटीज पढ़ूंगी और इंजीनियरिंग के कोई एग्जाम भी नहीं दूंगी।

हमने उसके इस निर्णय का स्वागत किया और उसने दिल्ली विश्वविद्यालय के अच्छे कॉलेज से पढ़कर केंद्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से नौकरी पाकर समाज में अपना स्थान बनाया। चार साल बाद बेटे ने पीसीएम विषय के साथ ही अच्छे अंकों से 12 वीं पास की। 11 वीं से ही उसका रुझान जेईई की तरफ था,जिसे हमने पहचाना और उसे प्रोत्साहित किया। उसने भी बिना किसी कोचिंग या ट्यूशन के सिर्फ स्वाध्याय के बल पर जेईई एडवांस्ड परीक्षा पास करके आईआईटी में दाखिला प्राप्त किया। कभी-कभी कुछ सवाल लेकर अपने शिक्षक के पास चला जाया करता था,लेकिन इन सात-आठ वर्षों के दौरान माता-पिता के तौर पर हमें भी कुछ त्याग करने पड़े थे। मेरे पति जो खुद अपने विद्यार्थी जीवन में एक अच्छे छात्र रहे हैं और एक सफल इंजीनियर और प्रशासनिक अधिकारी हैं। बेटे को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने वर्षों बाद फिर से रजिस्टर और पेन थामा। कुछ टेस्ट सीरीज बेटे को लाकर दीं। जिसे ऑफिस से आने के बाद वे खुद भी हल करते थे। पिता-पुत्र में एक स्वस्थ प्रतियोगिता चलती थी। कभी-कभी रात सोने में भी काफी देर हो जाती थी और मैंने दो वर्षों तक यह महसूस किया कि मेरे घर में बोर्ड की परीक्षा देने वाला एक नहीं,बल्कि दो बच्चे हैं। इस दौरान थोड़ा घूमना-फिरना कम हुआ। टीवी और सोशल मीडिया का इस्तेमाल तो घर में हमेशा से ही बहुत कम रहा।

दरअसल कई बार माता-पिता बच्चों को अपनी धरोहर समझ बैठते हैं जिससे वे एक स्वतंत्र व्यक्तित्व के रूप में विकसित नहीं हो पाते। बच्चे को कोचिंग के लिए कोटा या घर से बाहर भेजने का माता-पिता का एकल निर्णय कई बार घातक साबित होता है। उसकी मर्जी को जानना जरूरी है और अगर वह वहां जाकर सामंजस्य नहीं बना पाता है तो इस बारे में जानकारी रखना और उसे वापस लेकर आना भी माता-पिता का कर्तव्य है। हम बाहरी तौर पर कुछ भी कह दें,लेकिन अपने बच्चे के सुरक्षित भविष्य को लेकर चिंतित जरूर रहते हैं,उसके अच्छे अंक आते हैं,वह अच्छे पद पर कार्यरत होता है तो स्वाभाविक तौर पर हमें अच्छा लगता है,यह सच्चाई है। भले ही सामाजिक तौर पर हमारी स्वीकारोक्ति न हो।

# लघु कथाकार एलिस का चला जाना

साहित्य के प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार की विजेता एलिस मुनरो का कल कनाडाई नगर ओंटारियो में निधन हो गया। वे 92 वर्ष की थीं। मतिभ्रम से पीड़ित थीं। लघुकथा लेखिका के रूप में मशहूर एलिस की समता भारतीय लघुकथाकार मुल्कराज आनंद और आरके नारायण से की जाती है।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

रूसी कथाकार एंटोन चेखोव और एलिस में काफी सादृश्य देखा गया। एलिस की लघुकथाओं के अधिकांश पात्र महिलाएं होती थीं। एक समूची नई पीढ़ी के पाठकों को उनका प्रशंसक माना जाता रहा। इनमें अधिकतर आंचलिक युवजन थे,जो मध्यम वर्ग के रहे। वे उनके बड़े प्रशंसक थे। उनमें सहलेखक वर्ग एलिस के महानतम प्रशंसक हैं। एलिस के समालोचकों ने कहा :'एलिस को पढ़ने से लगता है कि अपने वैसा कभी पहले नहीं पढ़ा था।' उनकी कहानियां सरल गद्य शैली में मानवीय जटिलताओं का पता लगाती हैं। उनके लेखन ने चेखव के समान एक महान लेखक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा स्थापित की। नोबेल पुरस्कार के अलावा, मुनरो को समकालीन लघु कहानी शैली में उनके काम के लिए कई पुरस्कार मिले। उन्हें अपने जीवन भर के काम के लिए 2009 में प्रतिष्ठित मैन बुकर इंटरनेशनल पुरस्कार मिला।

वह फिक्शन के लिए कनाडा के गवर्नर जनरल पुरस्कार की तीन बार विजेता भी रहीं और उन्हें राइटर्स ट्रस्ट ऑफ कनाडा का 1996 मैरियन एंगेल पुरस्कार और रनवे के लिए 2004 रोजर्स राइटर्स ट्रस्ट फिक्शन पुरस्कार मिला, मगर 2013 के आसपास उन्होंने लिखना लगभग बंद कर दिया था। अपना उपनाम एलिस ने 'मल्लिका' रखा था। अर्थात् बेलवाला,सुगंधित पुष्प, कुटज वृक्ष, करुण पेड़ आदि। भारतीय शब्दों से कितना सामीप्य और साम्य।

## एक नजर

### गुजारा भत्ता न देने पर आरोपी गिरफ्तार

**रुपईडीह, अमृत विचार :** न्यायालय के आदेश से तीन वर्षों से पत्नी को गुजारा भत्ता न दिए जाने के मामले में वांछित चल रहे कौड़िया के बनगाई गांव निवासी गयासुद्दीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए वांछित को न्यायालय रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि वांछित की गिरफ्तारी पुलिस चौकी आर्य नगर के प्रभारी प्रशांत गुप्त व प्रधान आरक्षी पुनीत कुमार सिंह द्वारा की गई है।

### किसानों को 8.5 लाख रुपये ऋण किया वितरित

**रुपईडीह, अमृत विचार :** पिछले एक सप्ताह में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत इंडियन बैंक की शाखा आर्य नगर ने सात किसानों के खातों का नवीनीकरण कर आठ लाख पचास हजार रुपए का ऋण वितरित किया। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र मिश्र ने बताया कि उक्त योजना के तहत प्राप्त अन्य पत्रावलियों की जांच सहायक प्रबंधक विनय कुमार शुक्ल द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद उन किसानों के खातों का भी नवीनीकरण कर ऋण वितरित कर दिया जाएगा।

### गांव का निरीक्षण कर मनरेगा कार्य देखा

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के मनरेगा के अतिरिक्त कार्यक्रमाधिकारी राजेश कुमार सोनी ने ग्राम पंचायत फरेंदा शुक्ल और रुपईडीह का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा के तहत कराये जा रहे मिट्टी पटाई व जलाशय सुंदरीकरण कार्य में लगे श्रमिकों के बारे में जानकारी हासिल करते हुए शीघ्र ही निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। कहा, काम में लापरवाही किसी कीमत पर सहन नहीं की जाएगी। इस मौके पर ग्राम रोजगार सेवक लल्लू व अमृतलाल मौजूद रहे।

# रुट डायवर्जन से सड़कों पर भटके लोग

## लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग हेमपुर रेलवे क्रासिंग पर दो माह में शुरू होगा ओवरब्रिज मार्ग

**रखें ध्यान**

- शुक्रवार तक चलेगा कार्य, रुट डायवर्जन से वैकल्पिक मार्गों का वाहन करे चयन


हेमपुर रेलवे क्रॉसिंग पर मशीन की मदद से गाटर रखने का चलता काम।


महोली बाईपास पर रुट डायवर्जन कराते मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** लखनऊ- दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग हेमपुर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण कार्य के चलते गाटर रखने के कार्य के चलते बुधवार मार्ग अवरुद्ध रहा। बुधवार को इस मार्ग पर यात्रा करने वाले लोगों को दूसरे वैकल्पिक मार्ग का चयन कर लम्बी दूरी और जाम के झाम से भी जूझना पड़ा। शुक्रवार तक रेलवे समपार फाटक पर गाटर रखने का काम पूर्ण होने की सम्भावना है। बुधवार को एनएचआई और रेलवे की संयुक्त टीम ने इस पर काम किया है।

बताते चलें कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर गाटर रखने के निर्माण कार्य को लेकर रेलवे ने पत्र जारी कर मार्ग अवरुद्ध होने पर रुट डायवर्जन की जानकारी दी थी। इसी कड़ी में बुधवार को रुट डायवर्जन के उपरान्त हेमपुर रेलवे समपार फाटक के ऊपर निर्माणाधीन ओवरब्रिज पर चार पिलर का गाटर रखने का काम किया गया है। एनएचआई के प्रोजेक्ट मैनेजर ब्रजेश कुमार ने बताया कि हेमपुर रेलवे क्रॉसिंग पर लम्बे समय से लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता था। रेलवे से मंजूरी मिलने के बाद एनएचएआई 17 मई तक नेरी- हेमपुर 145 सी रेलवे समपार फाटक के ऊपर 4 पैनल का गाटर रखने का काम करेगा। अगले दो दिनों तक चलने वाले काम को लेकर यातायात बुधवार से शुक्रवार तक प्रभावित रहेगा। रुट डायवर्जन की जानकारी पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से देकर बॉर्डर पर पुलिस फोर्स की तैनाती के साथ बैरियर लगाकर वाहनों को डायवर्जन करने का काम करती हुई नजर आई।

**रुट डायवर्ट होने से लोग हुए परेशान**

हेमपुर रेलवे समपार फाटक कर गाटर रखने के कार्य के चलते लखनऊ से आ रहे वाहनों को सिधौली से मिश्रिख होते हुए पिसावां मार्ग से बरेली मार्ग पर डायवर्ट किया गया था। इसके साथ ही सीतापुर शहर और हरदोई से आने वाले वाहनों को श्यामनाथ मार्ग से काजीकमालपुर मार्ग सहित हरगांव से महोली मार्ग पर डायवर्ट किया गया था। इन वैकल्पिक मार्गों पर निकलने से लोगों को जाम की समस्या से भी जूझना पड़ा। इसके साथ ही लम्बी दूरी भी तय करनी पड़ी।

**दो महीनों में सुगम होगा यातायात**

एनएचआई के प्रोजेक्ट मैनेजर ब्रजेश कुमार ने बताया कि इस रेलवे क्रॉसिंग से दिन भर में करीब आधा सैकड़ा से अधिक रेल गाड़ियों जिसमे मालगाड़ी भी गुजरती है। इस रुट पर वैकल्पिक व्यवस्था न होने के कारण इस मार्ग से रोजाना लाखों वाहनों को हर घंटे पर जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। गाटर रखने के बाद आगमी दो माह में निर्माण कम्पनी एनएचआई द्वारा इस ओवरब्रिज मार्ग को तैयार कर यातायात के लिए खोल दिया जायेगा। जिससे लोगों को जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी।

# कोटेदार ने की अप्रैल के राशन की चोरी

**वीडियो वायरल**

- विकासखंड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत मरेली के राशन कार्डधारकों ने एसडीएम मिश्रिख से की शिकायत

**सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखंड गोंदलामऊ की ग्रामपंचायत मरेली में राशन कार्डधारकों ने एसडीएम मिश्रिख से कोटेदार द्वारा राशन न दिये जाने की शिकायत की। जिसकी जांच के लिए पहुंचे पूर्ति निरीक्षक ने माना कि कोटेदार ने अप्रैल माह के राशन की चोरी की है। जांच के दौरान उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है।

पूर्ति निरीक्षक मिश्रिख आलोक कुमार ने माना कि कोटेदार मरेली मीरा मिश्रा ने अप्रैल माह के राशन की चोरी की है। गांव में जांच की बात सुनकर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। उसी भीड़ के बीच पूर्ति निरीक्षक के दिये गए बयान का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। जिसमे पूर्ति निरीक्षक यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि गोदाम में मई का राशन लगा हुआ है। कोटेदार ने अप्रैल का राशन गायब कर दिया, अगर वह अप्रैल माह का चोरी किया हुआ राशन नहीं बांटेंगे तो एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। अप्रैल के राशन गायब करने की बात के कबूलनामे के बाद भी अभी तक पूर्ति निरक्षक कोटेदार को समय देने की बात कह रहे हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है। बताते चलें कि आठ दिन पूर्व विकास खंड गोंदलामऊ की ग्रामपंचायत मरेली में तीस राशनकार्ड लाभार्थियों ने उपजिलाधिकारी मिश्रिख को सामूहिक शिकायती पत्र सौंपा। चंद्रभाल, सुमन, वीरेंद्र, छंगा, संजो देवी, नीलम, राजू, सुशीला, गीता ने हलफनामा देकर कार्यवाही की मांग की थी।

**एसडीएम के आदेश के बाद दर्ज होगा मुकदमा**

मामले में मिश्रिख पूर्ति अधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि जांच करने गए थे, जो वीडियो वायरल है, वो सही है। फाइल बनाई जा रही है। उपजिलाधिकारी मिश्रिख साइन के बाद मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# तस्करी करने वालों की करोड़ों की सम्पत्ति कुर्क

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** मादक पदार्थों की तस्करी कर युवाओं और नौजवानों में नशे की लत डालने वाले गिरोह के सरगना थाना क्षेत्र जैदपुर के ग्राम टेरा निवासी तारिक अनवर व उनके गिरोह के लिए काम करने वाले गिरोह के सदस्य मो. शादाबदब की साढे सात करोड़ से अधिक की चल अचल सम्पत्ति जैदपुर पुलिस ने बुधवार को कुर्क कर ली। इन तस्करों पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। गिरोह का सरगना तारिक व उसका साथी अनवर अपराध व मादक पदार्थों की तस्करी बीते आठ दस सालों से कर रहे थे। तस्करी के जरिये इन दोनों ने एक बड़ा आर्थिक साम्राज्य अपने व परिवार के सदस्यों के नाम खड़ा कर लिया था। इन दोनों तस्करों का असर आस पास रहने वालों पर प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से दिखाई दे रहा था। बुधवार को जैदपुर पुलिस टीम ने इन दोनों की साढे सात करोड़ से अधिक की चल अचल सम्पत्ति कुर्क कर ली। जिसमें ग्राम कोला गहबड़ी परगना सतरिख में एक बड़ा भूखंड जो तारिक की माता के नाम है जिसकी कीमत चार करोड़ है।

# जुलाई से लागू होने वाले कानूनों के बारे में किया जागरूक

संवाददाता, सीतापुर

**तैयारी**

- अपर जिला जज, बार अध्यक्ष व महासचिव के बीच हुई चर्चा

**अमृत विचार।** गुरूवार को अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी, महासचिव दिनेश कुमार त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ बैठक की।

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तृतीय के निर्देशानुसार आहूत बैठक में एक जुलाई 2024 से लागू होने वाले कानूनों के प्रति अधिवक्तागण एवं आम जन-मानस में जागरूकता फैलाने के लिए रूप-रेखा तैयार किये जाने के पर चर्चा की गयी।

एक जुलाई से लागू होने वाले कानून, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने तथा इस सम्बन्ध में जानकारी के आदान प्रदान किये जाने के लिए वार्ता की गयी और पुराने वादों के निस्तारण सम्बन्धी उच्चतम न्यायालय के मॉडल एक्शन प्लान के सन्दर्भ में भी अध्यक्ष व महासचिव ने अपने सुझाव साझा किये। इसके अतिरिक्त जल संरक्षण के लिए जन-जागरूकता फैलाने के लिए आगामी कार्यक्रमों पर भी बात की गई।

# विहिप के जिलाध्यक्ष का नाम वोटरलिस्ट से गायब

**नहीं कर पाये मतदान**

- जिलाध्यक्ष ने उपजिलाधिकारी बिसवां से की शिकायत

**बिसवां, अमृत विचार।** विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष व क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डाक्टर श्याम किशोर वर्मा लोकसभा चुनाव में वोट नहीं डाल सके। उन्होंने जब पता किया तो जानकारी हुई कि उनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं है। पहले से जो नाम था वह बिना फार्म भरवाए ही काट दिया गया, जिसकी जानकारी डाक्टर श्याम किशोर वर्मा को नहीं हुई।

लोकसभा चुनाव 2024 में विधानसभा सेवता की निर्वाचन नामावली भाग संख्या 256 में बहुत सारे लोगों के नाम अचानक गायब होने से वह वोट डालने से वंचित रह गये। गत 13 मई को हुए चौथे चरण के चुनाव में यह बात प्रकाश में आई। लोगों का आरोप है कि नियमानुसार निर्धारित आयु प्राप्त करने के बाद नामावली में नाम जोड़े जाने का आवेदन फार्म समय सीमा के अंदर भरकर बीएलओ को दे दिया गया था।

लेकिन राजनीतिक विद्वेषता के कारण उसने वोटर लिस्ट में नाम शामिल नहीं कराया, बल्कि मृतक संतराम वर्मा का नाम लिस्ट से विलोपित करने के बजाए उनके जीवित पुत्र डाक्टर श्याम किशोर वर्मा का ही नाम बिना जांच के मनमाने तरीके से काट दिया। ज्ञातव्य हो कि डाक्टर श्याम किशोर वर्मा क्षेत्र के प्रगतिशील किसान, समाजसेवी एवं कुशल चिकित्सक हैं। इतना ही नहीं वह विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष भी हैं। पूर्व में जिलापंचायत सदस्य भी रहे हैं। गत पंचायत चुनाव में भी प्रत्याशी रहे थे।

डाक्टर श्याम किशोर वर्मा ने राजनैतिक विद्वेषता के कारण जानबूझकर गलत तरीके से नाम काटे जाने का आरोप बी एल ओ और इंचार्ज पंचायत मित्र वेद प्रकाश पर लगाये हैं। उन्होंने बताया कि फार्म भरने के बाद एक दिन क्षेत्रीय लेखपाल नीलेश कुमार यादव का फोन आया था और इस सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की थी, आधार नम्बर भी नोट किये थे, बावजूद इसके जानबूझकर नाम कटवा दिया गया। इस बारे में डाक्टर श्याम किशोर वर्मा ने उपजिलाधिकारी बिसवां से शिकायत दर्ज कराई है।

गांव वालों का आरोप है कि मतदाता सूची में नाम बढ़वाने के लिए वह फार्म -6 तथा संशोधन के लिए फार्म-7 व विलोपन के लिये फार्म-8 भरवाकर अपने साथ ले गया था। क्षेत्रीय लेखपाल नीलेश कुमार यादव ने भी फोन करके परिजनों व पड़ोस के लोगों से जानकारी की थी। बावजूद इसके बिना देखे मनमाने तरीके से मृतकों को मतदाता सूची में जीवित दिखा दिया और दर्जनों जीवित और प्रतिष्ठित लोगों के नाम बिना विलोपन फार्म भरे सूची से काट दिये गये जिससे वह वोट देने से वंचित रह गये। उपजिलाधिकारी ने जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही किये जाने की बात कही है।

# दहेज न मिलने पर घर से निकाला

**खरगूपुर, अमृत विचार:** दहेज में एक लाख नकद, सोने की चैन, बाइक आदि न देने पर महिला को पीटकर घर से भगा दिया गया। पुलिस ने पति, सास व ससुर पर केस दर्ज किया है। ग्रापं पचरन निवासी पूनम देवी ने आरोप लगाया उसकी शादी भटपी के मजरा ओरी पुरवा के मनोज कुमार से हुई थी। शादी के बाद से ही दहेज के लिए परेशान किया जाता रहा। आरोप है कि उसकी गोद में चार माह की बच्ची है जिसे पति खर्चा नहीं देते थे। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पति, सास व ससुर के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न, हमला और धमकी आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# असलहा दिखाकर तीन लाख रुपये के जेवर व सामान लूटा

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार:** कर्नलगंज कोतवाली के सूबेदार पुरवा में नकाबपोश बदमाशों ने मंगलवार की रात एक घर में असलहे के नोक पर परिवार को बंधक बना लिया और तीन लाख रुपये के जेवर व अन्य सामान लूट ले गए। आरोप है कि विरोध करने पर बदमाशों ने फायरिंग भी की। हालांकि पुलिस फायरिंग के आरोप से इनकार कर रही है। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया है और घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।

करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौरी के मजरा सूबेदार पुरवा निवासी मोहम्मद नसीम के मुताबिक मंगलवार की रात जब परिवार के लोग सो रहे थे तभी छत के रास्ते नकाबपोश बदमाश उनके घर में घुस आए और कमरे में रखा नकदी जेवर व अन्य कीमती सामान समेटने में जुट गए। एक कमरे का सामान समेटने के बाद बदमाश दूसरे कमरे में घुसे तो घर में सो रहीं आलिया बेगम व समीरुननिशा जाग गई और बदमाशों को घर के अंदर देखकर शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर नकाबपोश बदमाशों ने महिलाओं पर असलहा सटा दिया और उनकी पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे, लेकिन महिलाओं ने हिम्मत नही हारी और बिना डरे शोर मचाती रहीं। इस पर दहशत फैलाने के लिए बदमाशों ने फायरिंग भी की। चीख पुकार सुनकर घर सहित आस पास के लोग जाग गए और दौड़े। जिस पर बदमाश लूट का सामान समेटकर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार बदमाश ज़ेवर व अन्य सामान सहित करीब तीन लाख रुपये का सामान ले जाने में कामयाब रहे हैं। घटना से परिवार में दहशत का माहौल हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन में जुटी हैं।

# किशोरी का हुआ अपहरण, परिजनों ने दर्ज कराया मुकदमा

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय किशोरी के अपहरण का मामला सामने आया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र के एक गांव निवासिनी 15 वर्षीय किशोरी 10 मई को भोर में करीब चार बजे शौच के लिए निकली थी। छानबीन के बाद पता चला कि करकरा पूरे डाल निवासी लल्लू पुत्र ईश्वरदीन उसे भगा ले गए हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है इस बाबत थानाध्यक्ष उमरी बेगमगंज संजीव वर्मा ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

# तालाबों में उड़ रही धूल, पानी को भटक रहे मवेशी

## मनकापुर ब्लॉक में मनरेगा योजना से बनाए गए तालाबों का हाल, अधिकारियों ने की है मनमानी

संवाददाता, मनकापुर


मनकापुर ब्लॉक में सूखा पड़ा तालाब। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मई की प्रचंड गर्मी के बीच सूखे तालाब लोगों के लिए मुसीबत बन गए हैं। मनकापुर ब्लॉक में मनरेगा योजना से बनाए गए सैकड़ों तालाबों का पानी सूख चुका है। कहीं तालाब में धूल उड़ रही है तो कहीं गंदगी का अंबार लगा है। तालाब में फैली गंदगी व दुर्गंध के कारण ग्रामीणों को संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। अधिकारियों की लापरवाही से गांवों में सूखे तालाब उपेक्षा के शिकार हैं। पानी की किल्लत न सिर्फ किसानों के लिए है बल्कि पशु-पक्षियों के लिए भी परेशानी का सबब है।

मनरेगा योजना के तहत तालाबों की खोदाई कर जल संरक्षण के लिए पर्याप्त मात्रा में धन खर्च होने के बाद भी अधिकांश तालाबों में एक बूंद भी पानी नहीं है। ब्लॉक अधिकारियों ने मानकों को दरकिनार कर मनमानी की है। सूखे तालाबों में बरसात का पानी आने व जाने की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में तालाबों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। तालाबों के नाम पर जिम्मेदारों ने सरकारी धन का दुरुपयोग किया है। ऐसा ग्रामीणों का कहना है। गर्मी की शुरुआत में ही सूखे पड़े तालाबों के कारण पशु-पक्षियों व जंगली जानवर समेत आमजन को एक-एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। मनरेगा योजना के तहत लाखों रुपये खर्च कर इन तालाबों के संरक्षण की योजना कागजों तक ही सीमित होकर रह गई है। विकासखंड मनकापुर के ज्यादातर तालाब मनरेगा योजना के दावों की पोल खोल रहे हैं।

ब्लॉक सूत्रों का कहना है कि तालाब खोदे जाने के नाम पर पांच से दस लाख रुपये का एस्टीमेट बनाया गया था। इस्टीमेट में तालाब में पानी रोकने का हवाला भी दिया गया था। लेकिन यह दावे सिर्फ कागजी होकर रह गए। ब्लॉक क्षेत्र के ज्यादातर सूखे पड़े हैं। तालाब बच्चों के खेलने का अड्डा बन चुका है।

क्षेत्र के किशुनदासपुर, बंदरहा व गोहन्ना समेत कई तालाबों में कहीं धूल उड़ रही तो कहीं सफाई नहीं कराई गई है। बीडीओ गौरीशा श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारियों को खाली पड़े तालाबों को भरने के निर्देश दिए गए हैं।

## सार-संक्षेप

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का साधन हैं प्रतियोगिताएं



रंगोली प्रतियोगिता में अपनी कला का प्रदर्शन करते बच्चे। अमृत विचार

**महमूदाबाद, सीतापुर।** प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का साधन हैं। इसीलिए विद्यालयों में समय-समय पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना चाहिए। महमूदाबाद विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बघाइन में रंगोली प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए टीम पहल के जिला प्रभारी उमेश वर्मा ने यह बात कहीं। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था टीम पहल उत्तर प्रदेश के शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के हितों के लिए काम करती है। टीम पहल के द्वारा 29 दिवंगत सदस्यों के परिजनों को पाँच से छः लाख रुपये की मदद कर चुकी है। टीम समय-समय पर विद्यार्थियों का प्रोत्साहन भी करती है। प्रधानाध्यापिका अर्चना वर्मा के निर्देशन में सम्पन्न रंगोली प्रतियोगिता में प्रज्ञा, दिपांशी, नेहा, सना व सविता के ग्रुप को प्रथम, अभिजीत, अहसान, अनुराग, जुनैद व उत्कर्ष के ग्रुप को द्वितीय स्थान और जाह्नवी वर्मा, शिवांशी, सनम व नाजिया के ग्रुप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। टीम पहल की ओर से पुरस्कृत किये गए विद्यार्थियों को पूर्व प्रधान राम नरेश वर्मा, प्रधान प्रेमचन्द्र वर्मा, शिक्षक पवन वर्मा, शिवेंद्र प्रताप, दीप्ति वर्मा व ऊषा वर्मा ने बधाई दी।

### 10 हजार घूस लेते पीएसी का प्लाटून कमांडर गिरफ्तार



**गोंडा।** अंबेडकरनगर जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र के ककरही गांव निवासी रूपेंद्र राव 30 वीं वाहिनी पीएसी में सिपाही के पद पर तैनात है। ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने पर उसके खिलाफ रपट लिखी गयी थी। रुपेंद्र इस रपट की कार्रवाई को खत्म कराने प्लाटून कमांडर सूबेदार राम केवल सिंह के पास गया था। रूपेंद्र का कहना है कि रपट की कार्रवाई को खत्म करने के लिए प्लाटून कमांडर 10 हजार डिमांड कर रहा था। रुपेंद्र ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की थी। बुधवार को ट्रैप टीम प्रभारी इंस्पेक्टर धनंजय सिंह के नेतृत्व में एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया। रूपेंद्र को पैसे लेकर प्लाटून कमांडर के पास भेजा गया। पीएसी कैंटीन के बाहर जैसे ही प्लाटून कमांडर सूबेदार रामकेवल सिंह ने सिपाही से 10 हजार लिए, टीम ने उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। ट्रैप टीम प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया कि आरोपी प्लाटून कमांडर सूबेदार राम केवल सिंह निवासी सिरसिया खोहिया थाना कसया जनपद कुशीनगर के खिलाफ नगर कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

**आस्था** धर्मार्थ सेवा संस्थान के तत्वावधान में महंत चिन्मयानंद ने भक्तों का फूल-मालाओं से किया अभिनंदन

# अंतिम पड़ाव कटरा कुटी धाम पर पहुंची 84 कोसी परिक्रमा

संवाददाता, नवाबगंज


अयोध्या के किनारे कटरा कुटी धाम पर परिक्रमार्थियों का स्वागत करते महंत चिन्मयानंद। अमृत विचार

**अमृत विचार:** धर्मार्थ सेवा संस्थान के तत्वावधान में चौरासी कोसी परिक्रमा करने वाले सैकड़ों परिक्रमार्थी बुधवार को मखौड़ा धाम से चलकर अंतिम पड़ाव कटरा कुटी धाम पर पहुंचे। यहां कटरा कुटी धाम के महंत चिन्मयानंद ने सभी भक्तों का फूल मालाओं से स्वागत किया। सभी भक्तों को जलपान एवं दोपहर में भोजन कराया। तत्पश्चात सभी परिक्रमार्थी कटरा कुटी धाम के महंत चिन्मयानंद का आभार जताया और पावन नगरी अयोध्या धाम के लिए रवाना हो गए। धर्मार्थ सेवा संस्थान के प्रमुख गया शरण दास ने बताया कि बीते 23 अप्रैल को मखौड़ा धाम से शुरू हुई चौरासी कोसी परिक्रमा बस्ती, अम्बेडकर नगर, बाराबंकी, अयोध्या होते हुए गोंडा के सरयू तट पर स्थित कटरा कुटी धाम पर पहुंचे जहां पर मौजूद भक्तों ने स्वागत सम्मान किया। परिक्रमार्थी जय श्रीराम जय जय श्रीराम का जयकारा लगाते हुए पावन नगरी अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। इस दौरान धर्मार्थ सेवा संस्थान के प्रमुख गया शरण दास ने कहा कि बृहस्पतिवार को सुबह सरयू में स्नान ध्यान करके श्रीराम जन्मभूमि और हनुमानगढ़ी मंदिर पर पहुंच कर दर्शन पूजन कर परिक्रमा का समापन किया जाएगा। चौरासी कोसी परिक्रमा करने से चौरासी लाख योनियों से मुक्ति मिलती है। एक एक कदम चलने से जन्म जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं और अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। मान्यताओं के मुताबिक पावन नगरी अयोध्या के राजा राम का साम्राज्य चौरासी कोस में फैला हुआ था। राज्य का नाम कौशलपुर था और राजधानी अयोध्या थी इसलिए दशकों से चौरासी कोसी परिक्रमा की परम्परा है। इस मौके पर अरुण कुमार सिंह, विनोद कुमार गुप्ता, गौरीशंकर गुप्ता व शिव प्रसाद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### जालसाजी कर बैंक से पैसा निकालने पर दो पर केस

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचार :** न्यायालय के आदेश पर दो अलग-अलग मामलों में बैंक से धोखाधड़ी कर रुपया निकालने वाले दो लोगों के खिलाफ उमरी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। भारतीय स्टेट बैंक की शाखा मंगुरा बाजार के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक ने दो अलग मामलों में न्यायालय में वाद दायर कर कोतवाली देहात ग्राम सुभागपुर निवासी राकेश चंद्र पांडे पुत्र कृष्ण नारायण के खिलाफ आरोप लगाया था कि इन्होंने अपनी भूमि बंधक रखकर किसान क्रेडिट कार्ड पर वर्ष 2015 में 3 लाख 31 हजार लिया था और उसे वापस जमा नहीं किया। बैंक कर्मचारियों को गुमराह करने का भी आरोप है। वहीं दूसरी तरफ उमरी थाना क्षेत्र के ग्राम सालपुर पोस्ट सिसई निवासी नान्हू पुत्र सूचित ने भी वर्ष 2016 में किसान क्रेडिट कार्ड पर 3 लाख 25 हजार लिया था जिसे वापस नहीं किया।

# गोंडा की जातीय व्यूह में फंसा कमल

## सपा और भाजपा प्रत्याशी के बीच सीधी टक्कर

## बसपा का कैडर वोट सिर्फ देखता है चुनाव चिन्ह

## मुस्लिम और यादव सपा के साथ जाने को दिख रहा तैयार

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार ग्राउंड रिपोर्ट

**10 प्रतिशत फ्लोटिंग वोट से तय होगी जीत हार**

**अमृत विचारः** गोंडा लोकसभा में भारत-पाकिस्तान, हिंदू-मुस्लिम, राम मंदिर से लेकर सभी ऐसे मुद्दे उछाले गये जो आम लोगों को झिंझोड़ दे लेकिन अयोध्या की शास्त्रीय सीमा में बसे गोंडा में जातिवाद ने अपना विष फिर से उगलना शुरू कर दिया है, जिससे राजनीतिक विश्लेषकों को भी चक्कर आने लगा है। ऐसी स्थिति में भाजपा उम्मीदवार भी अपने कराए काम को भूल केवल मोदी के नाम की माला लेकर निकल पड़ें हैं।

मनकापुर के जयसेन सिंह कहते हैं कि इस बार लड़ाई बहुत बढ़िया है। सपा प्रत्याशी भाजपा को सीधा टक्कर दे रही है। भाजपा प्रत्याशी विकास के मुद्दे पर चुनाव मैदान में हैं। भाजपा प्रत्याशी के गृह विधानसभा के राम लौटन वर्मा कहते हैं कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी अहम मुद्दा है। श्रेया वर्मा युवा प्रत्याशी हैं उनके बाबा ने यहां सांसद रहते हुए उन्होंने क्षेत्र में काफी विकास किया है लेकिन वह काम की गिनती नहीं करा सके। लेकिन कहा कि वर्मा वोटर 90 प्रतिशत सजातीय को वोट करेगा। बगल में बैठे सुरेंद्र प्रताप सिंह कहते हैं कि बीजेपी प्रत्याशी को हराना आसान नहीं है। कहा कि यहां लड़ाई है ही नहीं। मोदी और योगी के कार्यों को जनता देख रही है। विकास को देखते हुए जनता बीजेपी के साथ जाएगी और कीर्तिवर्धन सिंह लाखों वोट से जीत दर्ज करेंगे।


बसपा प्रत्याशी का क्या असर रहेगा? इस सवाल पर श्यामलाल भारती ने कहा कि बसपा प्रत्याशी को 50 हजार से अधिक वोट मिलेगा जिससे बीजेपी प्रत्याशी का नुकसान हो सकता है।

यह एक वजह भी सपा प्रत्याशी के बढ़त का कारण हो सकता है। श्यामलाल कहते हैं कि बसपा का कैडर वोट सिर्फ चुनाव निशान को देखता है, प्रत्याशी कौन है, कहां का है, इससे मतलब नहीं है। जो भी बसपा के खाते में जाएगा उसका सीधा असर भाजपा को होगा। मेहनौन विधानसभा के खरगूपुर के अजीज कहते हैं कि सबसे बड़ी बात तो यह है कि सपा और भाजपा का कोई उम्मीदवार वोट मांगने तक नहीं आया। भाजपा का तो कहने सुनने के लिए चुनाव कार्यालय खुला है लेकिन सपा के उम्मीदवार को लोग पहचानते तक नहीं हैं। जब पूछा गया कि फिर मुस्लिम समुदाय की क्या राय है। वह कहते हैं कि मुसलमान तो वोट सपा को ही करेगा। अजीज यह भी कहते हैं कि सपा के उम्मीदवार केवल अपने सजातीय वोटर को साधने में लगी हैं। वह मुस्लिम और यादव मतदाता से बहुत दूर हैं फिर भी मुस्लिम और यादव सपा के साथ जाने को तैयार दिख रहा है।



मनकापुर में एक चाय की दुकान पर चर्चा करते मतदाता। अमृत विचार

### गोंडा लोकसभा




### भाजपा को मिले थे 50 प्रतिशत से अधिक मत

2019 में राष्ट्रवाद, राम मंदिर और हिंदू-मुस्लिम के फैक्टर हावी थे और मोदी-योगी की जोड़ी के नाम का प्रभाव इतना था कि गोंडा सीट से भाजपा को 50 प्रतिशत से अधिक मत मिले थे और विपक्षी को दो लाख से अधिक मतों से शिकस्त मिली थी। लेकिन इस बार सभी राष्ट्रीय मुद्दे गौड़ दिख रहे हैं। जातिवाद और सजातीय प्रेम ने अपना जाल फैला दिया है। अगर कुछ बचा है तो केवल मोदी का नाम। अभी भी मतदाता मोदी के साथ जाने की बात स्वीकार कर रहे हैं। गोंडा सीट पर अभी कांटे की टक्कर दिख रही है। इसमें 10 प्रतिशत का फ्लोटिंग वोट सबसे बड़ा फैक्टर साबित हो सकता है। 17 मई को योगी आदित्यनाथ चार विधानसभा क्षेत्र के जंक्शन वाले स्थान पर जनसभा को संबोधित करेंगे। मेहनौन, उतरौला, मनकापुर और गौरा विधानसभा के मध्य रेहरा बाजार में हिंदू वोटरों को साधेंगे। खासकर कुर्मी वोटरों को रिझाने की कोशिश करेंगे। यदि कुर्मी वोटर की नाराजगी दूर कर ले गए तो बीजेपी को 10 फीसदी वोट का सीधा लाभ मिलेगा। उधर योगी की जनसभा के दूसरे दिन 18 मई को सपा मुखिया अखिलेश यादव की पत्नी सांसद डिंपल यादव रोड शो करेंगी। गोंडा विधानसभा से लेकर मेहनौन विधानसभा तक लंबे रोड शो के माध्यम से प्रत्याशी के सजातीय वोट पर चोट कर दुहाई देने वाली हैं। यदि कुर्मी वोट का झुकाव सपा की ओर हुआ तो 10 फीसदी वोट का लाभ सपा को मिलेगा।

### क्षत्रिय और ब्राह्मण का झुकाव भाजपा की ओर

मनकापुर विधानसभा के बैरीपुर रामनाथ के प्रदीप चंद्र तिवारी कहते हैं कि यदि कुर्मी का झुकाव सजातीय उम्मीदवार पर है तो भाजपा के दो कद्दावर विधायक कुर्मी विरादरी के भी हैं और उनके क्षेत्र में रहने वाले कुर्मी विरादरी को रोकने की भरपूर कोशिश करेंगे। तिवारी कहते हैं कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है और अभी साढ़े तीन साल वे विधायक रहेंगे और जरुरत पड़ने पर बिरादरी के लोगों को अपने विधायक के पास ही जाना पड़ेगा। न की बाराबंकी जाएंगे। वह कहते हैं कि क्षत्रिय, ब्राह्मण, निषाद, राजभर, कश्यप सहित अन्य पिछड़ा वर्ग और दलित वोट भी बीजेपी के पाले में जाता दिख रहा है।


### उतरौला शहरी क्षेत्र में मुस्लिम आबादी अधिक

गोंडा लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा क्षेत्रों में उतरौला एक मात्र ऐसी विधानसभा है जहां हमेशा धार्मिक आक्सीजन पर चुनावी बुखार घटता-बढ़ता रहा है। पिछले कई चुनावों में यहां यह परिणाम देखने को मिला। उतरौला विधानसभा में चार लाख से अधिक मतदाता हैं और उतरौला शहरी क्षेत्र में मुस्लिम आबादी अधिक है। लेकिन राप्ती के कछार से लेकर रेहरा, महदेइया, चमरूपुर व आसपास के अन्य इलाकों में पिछड़ा वर्ग में कंहार, कुर्मी, बनिया, मारवाड़ी, ब्राह्मणों का बोलबाला है। यहां का हिंदू जब नाराज होता है तो मुस्लिम विधायक बन जाता है और जब यूनाइट होता है तो हिंदू विधायक होता है। लोकसभा चुनाव में भी इसका परिणाम मिलता रहा है। यहां हिंदू व मुस्लिम दो धड़ों में चुनाव होता है। इसलिए यहां जातीय समीकरण बहुत मायने नहीं रखते हैं।

### विधानसभा वार मतदाता व वोट शेयर का अनुमान

| उतरौला | मेहनौन | गोंडा | मनकापुर | गौरा |
|---|---|---|---|---|
| 428121 | 378716 | 361702 | 339728 | 334854 |

वर्ष- 2024




नोट-जातिवार आंकड़े अनुमानित हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के आधार पर दिए गए हैं।

# अयोध्या से बड़ा संदेश देने की रणनीति पर सपा और बसपा

## हार-जीत के साथ वोट बैंक के लिए भी लड़ रहीं दोनों पार्टियां

## मामूली वोट प्रतिशत बढ़ने से बदल जाती है तस्वीर

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्याः

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में सपा और बसपा अयोध्या से बड़ा संकेत देना चाहती हैं। दोनों पार्टियां जीत-हार के साथ वोट बैंक के जरिए अपनी हैसियत दिखाने के लिए भी लड़ रही हैं। वोट बैंक में मामूली बढ़ोतरी से सीटों की तस्वीर बदल जाती है। बढ़त बनाने के लिए दांव-पेंच तेज है। अपवाद को छोड़ दिया जाए तो अतीत के चुनाव में दोनों दलों के बीच वोटों का अंतर मामूली ही रहा है।

फैजाबाद लोकसभा सीट से दलित वर्ग से प्रत्याशी उतारकर सपा ने बसपा के वोट बैंक पर कब्जा करने की कोशिश की है। जीत का मार्ग भी इसी से खोज रही है। किसी भी दल के लिए अयोध्या में बढ़त का संदेश दूर तक जाता है, खासतौर से वर्तमान की राजनीति में। यह रणनीति इसलिए भी यहां अपनाई गई। सपा ने मिल्कीपुर (सुरक्षित) से विधायक अवधेश प्रसाद को मैदान में उतारा है। वह बसपा के काडर वोट की बिरादरी से हैं। बसपा ने इस क्षरण को रोकने के लिए एक बार फिर सर्व समाज के अपने नारे को चरितार्थ करने के लिए ब्राह्मण प्रत्याशी सच्चिदानंद को मैदान में भेजा है। अतीत में भी सपा-बसपा के बीच वोट बैंक की जंग यहां होती रही है।

साल 2019 के लोकसभा चुनाव में तो इन दोनों दलों का गठबंधन था। गठबंधन प्रत्याशी के रूप में सपा नेता आनंदसेन को मैदान में उतारा गया था। उन्हें 4.63 लाख वोट मिले थे। कुल 10,87,420 वोट पड़े थे। यह कुल पड़े वोटों का 43.01 फीसदी थी। इसमें वोटों का आंकड़ा संयुक्त था। दोनों दलों के वोट इसमें शामिल थे। इसके पहले 2014 के लोकसभा चुनाव में दोनों दलों ने अलग-अलग प्रत्याशी उतारा था। कुल 10,22,734 वोट डाले गए थे। इस चुनाव में सपा प्रत्याशी को 2.08 लाख वोट मिले। यह कुल पड़े वोटों का 20.43 फीसदी था जबकि बसपा प्रत्याशी को 1.41 लाख वोट मिले। यह कुल पड़े वोटों का 13.86 फीसदी रहा। अंतर महज छह फीसदी के आसपास रहा। यह स्थिति तब थी जब सपा ने जिले के कद्दावर मित्रसेन यादव को मैदान में उतारा था। बसपा से जितेंद्र सिंह बब्लू चुनाव मैदान में थे।

दोनों दलों के बीच वोटों के लिए राजनीतिक जंग के पीछे कारण एक और भी है। दोनों दलों के वोट प्रतिशत में मामूली अंतर से सीटों की संख्या के आंकड़े में जबरदस्त उछाल आ जाता है। आंकड़े बताते हैं कि साल 1998 के लोकसभा चुनाव में बसपा और सपा के वोट प्रतिशत में .26 फीसदी वोट के अंतर से दोनों दलों की सीटों में 15 सीटों का अंतर आया। बसपा ने लोकसभा चुनाव में 4.67 फीसदी वोट पाने के बाद केवल पांच सीटें जीती जबकि 4.93 फीसदी वोट पाकर सपा ने 20 सीटे हासिल कर ली थी। साल 1999 के लोकसभा चुनाव में महज दो फीसदी वोट के अंतर से सीटों में छह का अंतर आ गया था। बसपा ने 22.08 फीसदी वोट हासिल करके 14 सीटें जीती थी जबकि सपा ने 24.06 फीसदी वोट लेकर 26 सीटों तक पहुंच गई।

विधानसभा चुनाव के आंकड़े भी वोटों के मामूली अंतर से सीटों में बड़े अंतर को दर्शाते हैं। साल 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा को 21.8 फीसदी वोट मिले। सीटें 47 थी जबकि 2022 के विधानसबा चुनाव में 32.06 फीसदी वोट के साथ आंकड़ा 111 सीटों तक पहुंच गया। साल 2017 के विधानसभा चुनाव में बसपा 22.2 फीसदी वोट के साथ 19 सीटों पर थी लेकिन सन् 2022 के विधानसभा चुनाव में 12.88 फीसदी वोट के साथ केवल एक सीट पर सिमट गई।

लोकसभा चुनाव के जरिए दोनों दल अपने सियासी विकास के केंद्र अयोध्या से एक बार फिर अपनी राजनीतिक हैसियत दिखाने की कोशिश में है। इसके लिए तरह-तरह की रणनीति बना रहे हैं। जीत के साथ वोट बैंक के लिए हर नुस्खा अपनाया जा रहा है। वोट बैंक में इजाफे के लिए एक दूसरे के वोट बैंक पर कब्जा करने के लिए तेजी से चालें चल रही हैं।

### सपा और बसपा को एक बार मिली जीत

दोनों दलों की कसक यह भी है कि नब्बे के दशक के बाद से सपा और बसपा अयोध्या वाली फैजाबाद लोकसभा सीट पर केवल एक-एक बार जीत करा पाई। जबकि दोनों के उद्भव में अयोध्या का अहम स्थान रहा है। सपा मंदिर आंदोलन के विरोध पर खड़ी हुई तो बसपा ने यहां की गई सोशल इंजीनियरिंग से सफलता की सीढ़ी चढ़ा। सन् 1998 लोकसभा चुनाव में यह सीट सपा के खाते में रही तो 2004 में बसपा ने कब्जा किया। इसका असर प्रदेश की अन्य सीटों पर भी पड़ता है। आंकड़े बताते हैं कि साल 1998 में जब सपा ने फैजाबाद लोकसभा सीट जीती तो पूरे प्रदेश में उसका आंकड़ा 20 सीटों तक पहुंच गया था। इसके पहले 1996 के लोकसभा चुनाव में सपा को केवल एक सीट मिली थी। इसी तरह साल 2004 के लोकसभा चुनाव में जब बसपा ने इस सीट पर कब्जा किया। उसके खाते में सीटों का आंकड़ा 19 तक पहुंच गई।



### अपनी ढपली अपना राग



कई ऐसे अवसर आते हैं जब आपको पछताना पड़ता है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है, जिसमें आप बाद में पछताएं इसलिए मोदी को फिर से पीएम बनाएं। – केशव प्रसाद मौर्य



मतदाताओं के दिल में एनडीए गठबंधन है। इस रिश्ते को और मजबूत करना है। पहले भी सपा-कांग्रेस गठबंधन फेल हुआ। अब दो लड़के फिर आ गए हैं। – अनुप्रिया पटेल



मतदान के रुझान से यह स्पष्ट है कि अब भाजपा के दिल्ली जाने की सभी संभावनाएं धूमिल हो गई है। भाजपा की लोकतांत्रिक व्यवस्था में जरा भी आस्था नहीं। – राजेन्द्र चौधरी



पीएम मोदी ने अगर लोगों के लिए काम किया होता तो दिखावे के लिए रोड शो नहीं करते। उनके रोड शो में जो भीड़ थी, वह सब दिखावटी है। – अजय राय

## 1,59,97,175 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई

**अमृत विचार, लखनऊ :** आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में अब तक 1,59,97,175 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक सार्वजनिक स्थानों से 98,54,181 व निजी स्थानों से 61,42,994 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 11,11,127, पोस्टर के 44,77,505, बैनर के 27,40,256 व अन्य 15,25,293 मामलों में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 8,65,641, पोस्टर के 28,47,512 बैनर के 15,46,314 व अन्य 8,83,527 मामलों में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1280 मामलों में व लाउड स्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने सहित अन्य मामलों में 136 एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### इलेक्शन बायस्कोप



भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर दूसरे दल से आए नेताओं को सदस्यता दिलाते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। -अमृत विचार

# सलोन से बढ़त बनाने के लिए राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत

## रायबरेली के सलोन से खुलता है अमेठी की जीत का रास्ता

नीरज श्रीवास्तव,परशदेपुर/रायबरेली


**अमृत विचारः** अमेठी संसदीय क्षेत्र में मतदान होने में महज कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में राजनीतिक दलों की पूरी नजर अमेठी संसदीय क्षेत्र में आने वाले रायबरेली जिले के सलोन विधान सभा पर है। राजनीतिक दलों को पता है सलोन जीतने से ही अमेठी की जीत का रास्ता खुलता है। यही कारण है कि सलोन से लीड बनाने के लिए भाजपा और कांग्रेस के योद्धाओं ने पूरी ताकत झोंक दी है।

1967 में अस्तित्व में आई अमेठी लोकसभा में रायबरेली जिले का सलोन विधान सभा भी शामिल किया गया था, जिससे अमेठी का सांसद बनाने में सलोन विधान सभा की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी नामांकन के बाद सलोन का करीब दस बार दौरा कर चुकी हैं। नामांकन करने के दूसरे दिन ही कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने सबसे पहले सलोन का दौरा किया था।

प्रियंका गांधी ने अमेठी में यूं तो सबसे पहले फुरसतगंज में कार्यक्रताओ को संबोधित किया था लेकिन नुक्कड़ सभाओं के लिए सबसे पहले वे भी सलोन ही आई थी। बसपा प्रत्याशी नन्हे सिंह चौहान भी सलोन का दौरा कर चुके हैं।

### सलोन विधान सभा क्षेत्र एक नजर में

वर्ष- 2024




| | |
|---|---|
| कुल ब्लॉक | 03 |
| कुल नगर पंचायत | 03 |
| कुल मतदान केंद्र | 227 |
| कुल मतदेय स्थल | 369 |
| कुल जोन | 03 |
| कुल सेक्टर | 30 |

### जिसने सलोन जीता, उसे अमेठी में भी मिली जीत

2014 के चुनाव में राहुल गांधी को सलोन से 88,111 व स्मृति इरानी को 55,014 वोट मिले थे। 33,097 वोटों की लीड ने राहुल गांधी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। स्मृति की टीम ने अगले पांच वर्षों में इन 33,097 वोटों के अंतर की खाई को पाटने में पूरी ताकत झोंक दी। यही कारण था 2019 में स्मृति इरानी को 90,195 और राहुल गांधी को 88,285 वोट मिले। 1,910 वोटों से सलोन जीतकर स्मृति ने अमेठी में भी राहुल को पराजित कर दिया।

### भगवामय है सलोन विधान सभा क्षेत्र

सलोन में विधायक, तीनों ब्लॉक प्रमुख भाजपा के हैं। सलोन और परशदेपुर के नगर पंचायत अध्यक्ष भाजपा में शामिल हो चुके हैं। नसीराबाद के भी भाजपा के समर्थन में जुटे हैं। इसके अलावा ज्यादातर स्थानीय बड़े नेता भी भाजपा में ही दिखाई देते हैं। सभी अपना क्षेत्र जिताने के लिए जोर-शोर से जुटे हैं।

### कांग्रेस के योद्धा भी कर रहे सलोन का दौरा

कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी, राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी व किशोरी लाल शर्मा कई नुक्कड़ जनसभाओं को संबोधित कर चुके हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे ने भी डीह में जनसभा को संबोधित किया है। पूर्व सीएम अशोक गहलोत, किशोरी लाल शर्मा की पुत्री अंजली शर्मा भी सलोन आ चुके हैं।

### सलोन आ चुके हैं भाजपा के ये योद्धा

भाजपा की तरफ से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जनसभा को संबोधित कर चुके हैं। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य व ब्रजलाल भी सलोन विधान सभा का दौरा कर चुके हैं। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल आज गुरुवार को जनसभा को संबोधित करने आएंगी। ऊंचाहार के सपा विधायक मनोज पांडेय भी स्मृति के साथ मंच साझा कर रहे हैं। अन्य प्रदेशों के भाजपा नेता भी सलोन में डेरा डाले हैं।

# 7वें चरण के चुनाव के लिए महारथी तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**मोदी समेत दिग्गज नेताओं के बीच होगा मुकाबला**

**अमृत विचारः** प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण में 13 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए 'महारथी' तैयार हैं। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव मैदान की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। हालांकि, 17 मई को नाम वापसी के बाद स्थिति पूरी तरह साफ होगी। इस चरण में एक जून को मतदान होगा। चुनाव महारथियों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत अन्य दिग्गज नेता शामिल हैं।

लोकसभा सीटों के लिए कुल 317 प्रत्याशियों ने नामांकन किये हैं। इसी चरण में सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा सीट के लिए भी उप चुनाव हो रहा है। इस सीट पर आठ प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। इस चरण में लोकसभा सीटों में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व राबर्ट्सगंज (अजा) सीटें शामिल हैं। इस चरण के चुनाव पर सभी की निगाहें हैं, क्योंकि वाराणसी सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रत्याशी हैं। कांग्रेस से प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय उनका मुकाबला कर रहे हैं।

## सपा के पूर्व विधायक समेत कई नेता भाजपा में शामिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने काफी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता बुधवार को ग्रहण की। पार्टी के राज्य मुख्यालय पर इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मौजूद रहे। सपा से भाजपा में आने वाले इन नेताओं में पूर्व विधायक दिलीप कुमार वर्मा (बहराइच), पूर्व विधायक माधुरी वर्मा (बहराइच) और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार उर्फ चिंकू यादव (सिद्धार्थनगर) अपने समर्थकों के साथ शामिल रहे। इस दौरान सिद्धार्थनगर के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार उर्फ चिंकू यादव के साथ जिला पंचायत सदस्य, नगर पंचायतों के पार्षद और स्थानीय सपा नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ली है।

## चुनावी चक्कर

**कॉमेडियन श्याम रंगीला ही पूछ रहे हंस लूं या रो लूं? :** कॉमेडियन श्याम रंगीला ही पूछ रहे हंस लूं या रो लूं? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ने को लालायित कॉमेडियन श्याम रंगीला का नामांकन खारिज कर दिया गया है। सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने पोस्ट लिखकर यह जानकारी दी है। इससे पहले वाराणसी से चुनाव लड़ने के लिए रंगीला ने निर्दलीय नामांकन पत्र दाखिल किया था। वाराणसी से प्रधानमंत्री समेत 40 लोगों ने नामांकन पर्चा भरा था। इससे पहले श्याम रंगीला ने आरोप लगाया कि मुझे तीन दिन तक पर्चा देने के लिए दौड़ाया गया। मुझे बोला गया कि आपने शपथ नहीं ली। मैंने कहा कि आपने दिलाई नहीं। तो अधिकारियों ने कहा कि वह आपका काम है, हमारा नहीं। दूसरी बात यह कि हमें कहा गया कि आपने 14 मई को 2 बजकर 58 मिनट पर फॉर्म दिया, जबकि हम तो 10 तारीख से इंतजार कर रहे थे। 13 तारीख को पूरे दिन कतार में लगे रहे। बहरहाल, श्याम रंगीला ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि मेरा नामांकन खारिज कर दिया गया है, जिसमें राजनीति दिख रही है। मैं हंस लूं या रो लूं?

## साइकिल की उतरी चैन, कांग्रेस डायनासोर की तरह होगी विलुप्त : राजनाथ

संवाददाता, बख्शी का तालाब/लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में 5वें चरण में होने वाले चुनाव को लेकर प्रचार अभियान तेज होता जा रहा है। राजनीतिक दल प्रचार को लेकर कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को लोकसभा क्षेत्र मोहनलालगंज के बख्शी का तालाब में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पैर में चोट लगने के कारण मैं खड़े होकर संबोधित नहीं कर पा रहा हूं, मगर अगली बार जब आऊंगा तो खड़े होकर आपसे मिलूंगा। हमारे पुराने साथी कुंवर हरिदत्त सिंह अब हमारे बीच नहीं है, आज उनकी कमी हमें महसूस हो रही है। आज मैं आप सभी के बीच मोहनलालगंज लोकसभा प्रत्याशी कौशल किशोर के लिए वोट मांगने आया हूं। उक्त बातें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बख्शी का तालाब में आयोजित जनसभा में कहीं। राजनाथ ने विपक्षी दलों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की साइकिल की चैन उतर गई है और अब चढ़ने वाली भी नहीं, कांग्रेस की तो हालत ही खराब है, 2024 के चुनाव के 10 वर्षों बाद बच्चे पूछेंगे कि कौन थी कांग्रेस.. उन्होंने हंसते हुए कहा कि कांग्रेस भी डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी। राजनाथ सिंह ने उपस्थित जन समुदाय से कहा कि आजाद भारत में बहुत सी सरकारें बनीं मगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली सबसे अलग है।

# सियासत का बदलापुर बन गया इस बार मुजफ्फरपुर

**चुनौती नई, लड़ाई वही**

■ दो बार भाजपा से जीते सांसद अजय निषाद इस बार कांग्रेस की तरफ से उतरे हैं मैदान में

■ पिछली बार महागठबंधन से लड़े राजभूषण निषाद को भाजपा ने बनाया है उम्मीदवार

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार:** बिहार में पांचवें चरण में जिन लोकसभा सीटों पर मतदान होगा, उनमें शाही लीची के लिए प्रसिद्ध और एक जमाने में समाजवादी नेता जार्ज फर्नांडीज के नाम से जाना जाने वाला मुजफ्फरपुर क्षेत्र भी है। लेकिन मुजफ्फरपुर का इस बार का लोकसभा चुनाव थोड़ा अजब-गजब है। इस बार के चुनावी मुकाबले को लेकर कहा जा रहा है कि यह लंगोट बदल कर लड़ने वाले सियासी पहलवानों के दांव-पेच के लिए याद किया जाएगा। मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट पर 2019 में भाजपा से चुनाव लड़कर दूसरी बार सांसद बने अजय निषाद इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंक रहे हैं। इसके दूसरी तरफ 2019 में महागठबंधन की तरफ से वीआईपी के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले राज भूषण निषाद इस बार एनडीए की तरफ से भाजपा के उम्मीदवार हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि क्या भाजपा यहां अपनी जीत की हैट्रिक लगाएगी या अजय निषाद अपनी जीत का सिलसिला कायम रखते हुए तीसरी जीत दर्ज करने में सफल रहेंगे। भाजपा और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी निषाद जाति के होने के कारण इस बार निषाद मतों के साथ सवर्ण और मुस्लिम मतदाता निर्णायक माने जा रहे हैं।


अजय निषाद।


राजभूषण निषाद।

### एक दूसरे के मतों में सेंधमारी और निषाद मतों पर छिड़ा घमासान

■ मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट से दो बार के भाजपा सांसद और इस बार कांग्रेस के उम्मीदवार अजय निषाद के पिता जय नारायण निषाद मुजफ्फरपुर से तीन बार सांसद चुने गए थे। इस कारण अजय निषाद की सजातीय मतों पर अच्छी पकड़ है। 10 साल भाजपा का सांसद रहने के कारण भाजपा समर्थक मतों में सेंध लगा सकते हैं। कांग्रेस का उम्मीदवार होने के कारण सवर्णों का भी मत हासिल कर सकते हैं। आरजेडी और तेजस्वी यादव के प्रभाव से मुस्लिम-यादव थोक वोट मिल सकते हैं। इसके साथ ही उनके समर्थन से वीआईपी की भी अग्नि परीक्षा है। वीआईपी के मुकेश सहनी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि वह कितना वोट अजय निषाद के पक्ष में ला सकते हैं, क्योंकि यहां उनके दल का आधार है। उधर पिछली बार महागठबंधन में शामिल वीआईपी के टिकट से चुनाव लड़े राजभूषण चौधरी के लिए भी स्थितियां इस बार बदली हुई हैं। नीतीश कुमार के प्रभाव से राजभूषण को कुर्मी, कोयरी और अति पिछड़ा वोट हासिल हो सकता है। चिराग पासवान के कारण दलित वोट भी मिल सकता है।

### पांच बार सांसद चुने गए थे जार्ज फर्नांडीस

■ मुजफ्फरपुर सीट से दिग्गज समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडीस चुनाव जीतकर संसद पहुंचते थे। फर्नांडीस ने इमरजेंसी के बाद 1977 का लोकसभा चुनाव जनता पार्टी के टिकट पर जेल के अंदर रहकर लड़ा था और कांग्रेस के खिलाफ रिकार्ड वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। जॉर्ज फर्नांडीस मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट से पांच बार सांसद चुने गए थे।

### स्मार्ट सिटी के अधूरे काम बरसात में डूब जाता शहर

■ मुजफ्फरपुर में सबसे बड़ा मुद्दा स्मार्ट सिटी के काम हैं। 966 करोड़ रुपये के स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में अभी तक सिर्फ 570 करोड़ रुपये खर्च हुए है। शेष बची आठ योजनाएं अभी शुरू ही नहीं हो सकी हैं। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर बाईपास का काम अधूरा है। समस्तीपुर से मुजफ्फरपुर के बीच ट्रेन की मांग पूरी नहीं हो पा रही है। बरसात में जलभराव होने से पूरा शहर साल डूबता है। हालांकि मुजफ्फरपुर को सुपर स्पेशलिटी हॉसपिटल की सौगात मिली है। एनएच मुजफ्फरपुर-बरौनी को फोरलेन बनाने की योजना पर भी हरी झंडी मिल गई है। इसके अलावा मुजफ्फरपुर रेलवे जंक्शन को 2026 तक विश्वस्तरीय बनाने का काम शुरू किया गया है।

■ **पहला चुनाव दो तो दूसरा चार लाख से जीते थे** : 2014 के लोकसभा चुनाव में मुजफ्फरपुर सीट भाजपा के खाते में आई थी। भाजपा प्रत्याशी अजय निषाद ने कांग्रेस उम्मीदवार दिग्गज नेता अखिलेश प्रसाद सिंह को दो लाख से अधिक वोटों से हराया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से अजय निषाद फिर जीते। इस बार उन्होंने महागठबंधन की तरफ से उतरे विवेकशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के उम्मीदवार राजभूषण निषाद को चार लाख से अधिक वोटों से हरा दिया।

■ **भाजपा-आरजेडी के दो-दो, जेडीयू और कांग्रेस का एक-एक विधायक** : मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट के अंतर्गत छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। दो विधानसभा सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। दो विधानसभा सीटों पर आरजेडी का कब्जा है, जबकि एक-एक सीट पर विधायक जेडीयू और कांग्रेस से है।

**2019 के पिछले चुनाव में भाजपा ने रायबरेली को छोड़कर 14 में से13 सीटों पर खिलाया था कमल**

# पांचवें चरण में पांच सीटों पर भाजपा की राह मुश्किल भरी

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में पांचवें चरण का लोकसभा चुनाव अवध, बुदेलखंड और दोआब के इलाके में होगा। इन तीनों क्षेत्रों की 14 लोकसभा सीटों पर 20 मई को वोट डाले जाएंगे। इस चरण की एक-दो सीटों को छोड़कर 2014 की मोदी लहर के बाद से भाजपा ने लगातार अपना वर्चस्व बना रखा है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 12 सीटें जीती थी तो 2019 में उसकी जीती हुई सीटों की संख्या बढ़कर 13 हो गई थी, सिर्फ रायबरेली सीट पर कांग्रेस से सोनिया गांधी जीत सकी थीं। लेकिन इस बार का मुकाबला पिछले दो चुनाव से थोड़ा अलग माना जा रहा है। इसकी वजह यह है कि इन 14 में से पांच सीटें ऐसी हैं, जिन पर 2019 में जीत-हार का आंकड़ा एक लाख वोटों से कम था। इसके साथ ही कांग्रेस के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रहे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस बार सीट दर सीट जातीय समीकरण साधते हुए ओबीसी और अति पिछड़े वर्ग पर खास दांव लगाया है। तीसरा बड़ा फैक्टर विधानसभा सीटों पर कब्जे का है। इन 14 लोकसभा सीटों के अंतर्गत 71 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से 45 पर भाजपा और 21 सीटों पर सपा का कब्जा है। इन्हीं कारणों से माना जा रहा है कि इस बार लड़ाई थोड़ी मुश्किल भरी हो सकती है।

भाजपा को 2019 के चुनाव में पांचवें चरण की जिन लोकसभा सीटों पर एक लाख से कम वोटों के अंतर से जीत मिली थी, उसमें अमेठी भी शामिल है, जहां भाजपा की केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 55 हजार मतों से हरा दिया था। इसके अलावा कौशांबी, फैजाबाद, बांदा और मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र में भी भाजपा की जीत का अंतर एक लाख वोटों से कम था। ऐसे में पिछली बार की कम अंतर से जीत वाली पांचों सीटों पर भाजपा ने पूरा जोर लगा रखा है कि इनमें से कोई सीट किसी भी तरह हाथ से फिसलने न पाए।

■ पांच सीटों पर पिछले चुनाव में भाजपा की जीत का आंकड़ा एक लाख वोटों से कम रहा था

■ 2019 में 14 सीटों के 71 विधानसभा क्षेत्रों में 45 पर भाजपा और 21 पर सपा रही थी आगे

■ 2022 के विधानसभा चुनाव में 71 विधानसभा सीटों में 41 भाजपा ने जीतीं





**05** वां चरण | **14** लोकसभा सीटें | **144** प्रत्याशी | **20** मई मतदान

**08** सीटें अवध क्षेत्र
लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, फैजाबाद, कैसरगंज, बाराबंकी, गोंडा

**04** सीटें बुंदेलखंड क्षेत्र
झांसी, हमीरपुर, बांदा और जालौन लोकसभा क्षेत्र

**02** सीटें दोआब क्षेत्र
फतेहपुर और कौशांबी लोकसभा क्षेत्र

**01** सीट
कौशाम्बी में 2014 व 2019 दोनों बार हुआ नजदीकी मुकाबला

**2019 में एक लाख से कम वोटों से जीतने वाली सीटें**

| लोकसभा क्षेत्र | जीत का अंतर |
|---|---|
| मोहनलालगंज | 90,204 |
| अमेठी | 55,120 |
| फैजाबाद | 65,477 |
| बांदा | 58,938 |
| कौशांबी | 38,722 |





### बुंदेलखंड में सपा और बसपा की नहीं गल पा रही दाल

■ बुंदेलखंड इलाका कभी बसपा का गढ़ कहा जाता था। लेकिन यहां की चारों लोकसभा सीटों पर भाजपा ने 2014 से दबदबा बना रखा है। पार्टी ने सवर्ण मतों के साथ पिछड़ा और दलित वर्ग में ऐसी सोशल इंजीनियरिंग की है कि पिछली बार सपा-बसपा गठबंधन करके भी यहां की किसी भी सीट पर भाजपा को बड़ी चुनौती नहीं दे पाई थीं। जानकारों का मानना है कि इस बार भी बुदंलखेड में सपा-कांग्रेस गठबंधन या बसपा के लिए भाजपा के वोटबैंक में सेंधमारी करना आसान नहीं है।

### अवध क्षेत्र में भी जातियों की मजबूत व्यूह रचना

■ अवध क्षेत्र में भी बुंदेलखंड की तरह भाजपा ने अपने आधार वोट बैंक में गैर यादव पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़े वर्ग के साथ ही गैर-जाटव दलितों को जोड़कर मजबूत व्यूह रचना की है। इस समीकरण से ही पार्टी अमेठी में राहुल गांधी को हराने में कामयाब रही थी। पार्टी को पिछले दोनों चुनावों में वोट प्रतिशत बढ़ने का भी लाभ मिल रहा है, जिसके चलते विपक्षी प्रत्याशियों को वोट बैंक में सेंधमारी किए बिना मुकाबला करना कठिन हो रहा है।

**2019 का परिणाम**
13 भाजपा | 01 कांग्रेस

**2014 का परिणाम**
12 भाजपा | 02 कांग्रेस

**2009 का परिणाम**
06 सपा | 06 कांग्रेस | 01 भाजपा | 01 बसपा

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर पूरा जोर लगा रही है भाजपा

■ नजदीकी मुकाबले वाली सीटों में अक्सर मतदान प्रतिशत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में पांचवें चरण की कम अंतर से जीती सीटों पर भाजपा का पूरा जोर मतदान प्रतिशत ऊंचा रखने पर है। माना जा रहा है कि मतदान प्रतिशत में गिरावट का नुकसान उठाना पड़ सकता है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ने से भाजपा का वोट प्रतिशत भी बढ़ा था। इससे पहले 2009 के चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा था। इसका सपा, बसपा और कांग्रेस को फायदा मिला था। कांग्रेस ने रायबरेली, अमेठी के साथ फैजाबाद, गोंडा, बाराबंकी और झांसी में जीत सीटों पर दर्ज की थी। बसपा ने हमीरपुर सीट जीती थी। भाजपा को सिर्फ लखनऊ में जीत मिली थी। बाकी छह सीटों पर समाजवादी पार्टी की साइकिल दौड़ी थी।

### बसपा ने एक तिहाई सीटों पर खेला है इस बार ब्राह्मण कार्ड

■ पांचवें चरण की सुरक्षित लोकसभा सीटों पर बसपा ने जीत की उम्मीद लगा रखी है। मोहनलालगंज, हमीरपुर, बांदा, जालौन और बाराबंकी सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने की स्थिति में पार्टी फायदा मिलने की उम्मीद है। इन सीटों पर बसपा ने जातीय समीकरण देखकर ही प्रत्याशी उतारे हैं। पार्टी ने गोंडा में सौरभ कुमार मिश्रा, कैसरगंज से नरेंद्र पांडे, फैजाबाद से सच्चिदानंद पांडेय, हमीरपुर में निर्दोष दीक्षित को उतारकर ब्राह्मण कार्ड खेला है।



**भरी हुंकार**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हावड़ा में रोड शो किया। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार के लिए वोट मांगे और केंद्र सरकार को जमकर कोसा।

# भाजपा में शामिल होंगी श्रीकला रेड्डी, अमित शाह से की मुलाकात

चुनाव डेस्क


गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करती श्रीकला रेड्डी।

● पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी आज थाम सकतीं हैं भाजपा का दामन

● बसपा ने पहले बनाया प्रत्याशी बाद में सांसद श्याम सिंह यादव को दे दिया टिकट

**अमृत विचार।** जौनपुर संसदीय सीट पर मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है। बसपा से टिकट कट जाने पर नाराज चल रहीं पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी गुरुवार को भाजपा का दामन थाम सकतीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में वह पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगी। जल्द ही जौनपुर में प्रधानमंत्री की सभा होगी। पिछले चुनाव में भाजपा यह सीट हार गई थी। बसपा के उम्मीदवार श्याम सिंह यादव जीते थे। इस बार बसपा ने पहले श्रीकला रेड्डी को उम्मीदवार बनाया था बाद में उनका टिकट काटकर श्याम सिंह यादव को दे दिया। नाराज श्रीकला ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इससे पहले धनंजय सिंह ने भी जनसभा कर भाजपा के समर्थन की बात कही थी। ऐसे में इस कयास को बल मिल रहा है कि श्रीकला भाजपा का दामन थामेंगी।

भाजपा ने जौनपुर सीट से पूर्व मंत्री कृपाशंकर सिंह, सपा ने पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा और बसपा ने श्याम सिंह को मैदान में उतारा है। यहां मुकाबला त्रिकोणीय है। यादव मतदाताओं में अच्छी पैठ रखने वाले श्याम सिंह के मैदान में आने से बसपा , सपा के परंपरागत मतदाताओं में सेंध लगाती दिख रही है। बाबू सिंह पर बाहरी प्रत्याशी का ठप्पा लगा हुआ है। भाजपा और बसपा के लोग उन्हें बाहरी बता रहे हैं तो सपा में भी यहां अंतरकलह जबरदस्त है। इस लोकसभा क्षेत्र में राजपूत और यादव मतदाताओं का दबदबा है।

धनंजय के साथ आने से भाजपा यह सीट आसानी से जीत सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने से भी समीकरण सधने की उम्मीद है श्रीकला के औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल होने के बाद धनंजय सिंह भी पार्टी नेताओं के साथ प्रचार करेंगे। फिलहाल यहां भाजपा में कृपा शंकर सिंह को उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर नाराजगी भी है। भाजपा को यहां भितरघात का भी डर सता रहा है। ऐसे में पार्टी अपने कील- कांटे दुरुस्त करने में लगी हुई है। कृपा शंकर सिंह कांग्रेस में रहे हैं और वे महाराष्ट्र में प्रदेश सरकार में मंत्री भी थे। स्थानीय नेता को टिकट न मिलने का अंदरखाने पार्टी नेता

**आरक्षण बचाओ**


राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सारण में बहन रोहिणी आचार्य के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। कहा कि संविधान बचाने के लिए इंडिया गठबंधन का सत्ता में आना जरूरी है। नरेंद्र मोदी यदि इस बार प्रधानमंत्री बन गए तो वह संविधान बदल देंगे और आरक्षण को खत्म कर देंगे। उन्होंने बहन रोहिणी आचार्य को जिताने की अपील की।

# असली और नकली सेना के साथ बगावत व वफादारी का इम्तिहान

## मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट पर सांसद अरविंद सांवत लगाएंगे हैट्रिक या शिंदे गुट की विधायक यामिनी जाधव रोक लेंगी रास्ता

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार:** मुंबई से आने वाली लोकसभा की सभी छह सीटों में मुंबई दक्षिण सीट सबसे खास है। भौगोलिक हिसाब से अगर गेट वे आफ इंडिया, मरीन ड्राइव, मुंबा देवी मंदिर, हाजी अली दरगाह, रेलवे स्टेशन सीएसमटी और शेयर कारोबार का दिल बीएसई, इस लोकसभा क्षेत्र की पहचान है, तो सियासत के लिहाज से यह लोकसभा क्षेत्र जहां कल्बादेवी और भूलेश्वर जैसे हिंदु बहुल इलाकों के साथ मुस्लिम बाहुल्य भिंडी बाजार, मस्जिद बंदर जैसे क्षेत्र भी समेटे है। इस लोकसभा सीट पर सेना बनाम सेना का रोचक मुकाबला हो रहा है। महायुति में शामिल मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने इस सीट पर विधायक यामिनी जाधव को उतारा है, उनका मुकाबला उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना के प्रत्याशी और मुंबई दक्षिण के मौजूदा सांसद अरविंद सांवत से हो रहा है, जो इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की उम्मीद लगाए हैं। यहां 20 मई को पांचवे चरण में वोट डाले जाएंगे। मुंबई दक्षिण लोकसभा क्षेत्र मिनी इंडिया जैसा है और यहां सभी समुदायों, जातियों और आय वर्ग के लोग रहते हैं। यही वजह रही कि महाविकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग के दौरान इस सीट को लेकर अगर शिवसेना (उद्धव) और कांग्रेस के बीच खींचतान चली, तो महायुति में भाजपा और शिवसेना (शिंदे) भी इस सीट के लिए खूब जोर-आजमाइश हुई थी।


अरविंद सांवत।


यामिनी जाधव।

इस सीट से मौजूदा सांसद अरविंद सावंत को उद्धव ठाकरे का विश्वस्त माना जाता है। उधर, शिंदे शिवसेना की प्रत्याशी भायखाला विधानसभा क्षेत्र से विधायक यामिनी जाधव उन 39 विधायकों में शामिल थीं, जिन्होंने दो साल पहले उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत करने पर एकनाथ शिंदे को खुला समर्थन दिया था। उनके शिंदे गुट में शामिल होने को लेकर यह भी कहा जाता है कि यामिनी और उनके पति यशवंत जाधव अपने आईटी रिटर्न में विसंगतियों के कारण आयकर विभाग के रडार पर आ गए थे। इसके अतिरिक्त, प्रवर्तन निदेशालय ने फेमा उल्लंघन के लिए दंपति के खिलाफ जांच शुरू की थी। आरोप है कि इससे राहत पाने के लिए भी उन्होंने सत्ता पक्ष के साथ रहने का रास्ता चुना।

साल 2019 में मुंबई दक्षिण सीट से अविभाजित शिवसेना से अरविंद सावंत जीते थे। उन्हें 4,21,937 वोट मिले थे। उन्होंने कांग्रेस के मिलिंद मुरली देवड़ा को चुनाव में हराया था, जिन्हें 3,21,870 वोट मिले थे। लेकिन 2022 में शिवसेना दो भागों में विभाजित हो गई, जिसमें अरविंद ने शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट को चुना। साल 2014 में भी इस सीट से अरविंद सावंत जीते थे। उन्होंने कांग्रेस के मिलिंद देवड़ा को हराया था। अरविंद सावंत को 3,74,609 वोट मिले थे, वहीं देवड़ा ने 2,46,045 वोट पाए थे। इससे पहले साल 2009 और 2004 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से कांग्रेस के मिलिंद मुरली देवड़ा जीते थे। मिलिंद देवड़ा इस बार भी यहां से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन सीट शेयरिंग में इस लोकसभा क्षेत्र को उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना में जाता देखकर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। इस सीट पर 45% मराठी वोटर्स हैं, लेकिन दोनों मराठी उम्मीदवार भी टक्कर में हैं। ऐसे में गुजराती मतदाताओं के साथ बड़ी संख्या में मौजूद मुस्लिम मतदाता निर्णायक साबित हो सकते हैं।

चुनाव प्रचार अभियान में दोनों तरफ से मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक, कोस्टल रोड और पुनर्विकास परियोजनाओं जैसे बुनियादी ढांचे का श्रेय लेने जैसे मुद्दे हावी हैं। शिंदे गुट की प्रत्याशी यामिनी जाधव जहां अपनी जीत के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं और राज ठाकरे की पार्टी मनसे के समर्थन पर निर्भर हैं, वहीं अरविंद सामंत को कांग्रेस का साथ मिलने से मुस्लिम मत मिलने की पूरी उम्मीद है। इस लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा सीटें हैं, जिनमें से तीन महा विकास अघाड़ी और तीन महायुति के पास हैं।

## एक नजर

### 178.03 लाख कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** आदर्श आचार संहिता के तहत 178.03 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई। जिला निर्वाचन अधिकारियों को कार्रवाई और तेज करने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेंसियों व उड़नदस्तों की ओर से अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। बीते 1 मार्च से 14 मई तक कुल 42,039.69 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3330.66 लाख रुपये नकद धनराशि, 5260.44 लाख रुपये कीमत की शराब, 23381.32 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2289.87 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 5019.82 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार व 2757.57 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि बीते दिन बाराबंकी की बाराबंकी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 45.16 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 1555 ग्राम ड्रग, बाराबंकी की दरियाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13.50 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 270 ग्राम ड्रग व वाराणसी की अजगरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 43.20 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 216 ग्राम ड्रग पकड़ी गई।

# 2019 के चुनाव से बेहतर होगा इस बार मतदान प्रतिशत : रिणवा

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि 2019 के चुनाव की अपेक्षा इस बार का मतदान प्रतिशत बेहतर होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सूचना प्रसारण मंत्रालय की ओर से संचालित मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अभियान के तहत राजधानी स्थित केंद्रीय भवन से मतदाता जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ये रथ लखनऊ और मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के साथ-साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय समेत केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों के समेकित प्रयास से आने वाले तीन चरणों में मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि 2024 में उत्तर प्रदेश में मतदान का प्रतिशत 2019 के चुनावों से बेहतर होगा। इस मौके पर उन्होंने प्रकाशन विभाग की तीन पुस्तकों 'अनफोल्डिंग इंडियन इलेक्शनस', 'मतदान में विश्वास' और 'बिलीफ इन द बैलट' का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में सूचना प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक विजय कुमार, दूरसंचार विभाग के मुख्य लेखा नियंत्रक संगीत कुमार, आईटीबीटी के उप महानिरीक्षक के. संजय कुमार व सीबीसी के निदेशक मनोज कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे।



मतदाता जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते नवदीप रिणवा।

### सभी जानकारियां दी जा रहीं मतदाताओं को

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को घर-घर वोटर लिस्ट पहुंचाने के साथ-साथ विभिन्न एप्स के जरिए मतदान से संबंधित सभी जानकारियां मुहैया कराई जा रही हैं ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े और शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि समाज का वह वर्ग जहां सूचनाओं और सुविधाओं का अभाव है उन तक भी पहुंचने का आयोग हर संभव प्रयास कर रहा है।

### राजधानी में ऑनलाइन गैंबलिंग के कई गिरोह सक्रिय

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में ऑनलाइन गैंबलिंग करने वाले कई गिरोह सक्रिय हैं। यह खुलासा एसटीएफ द्वारा मो. दानिश को गिरफ्तार करने के बाद हुआ है। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ के दौरान आरोपी ने कई ऐसे केंद्रों के नाम लिए हैं जहां से ऑनलाइन गैंबलिंग कर ठगी की जा रही है। एसटीएफ ने इस दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। मालूम हो कि एसटीएफ ने मंगलवार को ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के सरगना मो. दानिश को इंदिरानगर से गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ साइबर फ्राड का एक मामला बंगलूरू में भी दर्ज पाया गया है। मो. दानिश ने एसटीएफ को बताया कि खरीदी गई टेलीग्राम आईडी से वह टेलीग्राम चैनल ग्रुप बनाकर उनमें फर्जी वेबसाइट व लिंक बनाकर लोगों को ऑनलाइन खरीदारी करने के लिए व ऑनलाइन लूडो किंग एप पर बेटिंग करने के लिए आमंत्रित करता था। इसके लिए कई सारे ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफार्मस के फर्ज़ी स्नैपशॉट बनाकर इन फर्जी आईडी पर बने टेलीग्राम चैनलों पर भेजा जाता है। जिससे ग्रुप में जुड़े लोग आकर्षित होकर बेटिंग करते हैं। इसके बाद उनका पूरा पैसा ट्रांसफर करा लिया जाता है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि इस तरह की ठगी में राजधानी में कई लोग सक्रिय हैं। एसटीएफ को ऐसे कई केंद्रों के नाम पता चल चुके हैं।

# ईडी ने दर्ज किया शिकायतकर्ता का बयान

- एल्विश यादव प्रकरण: लखनऊ से नई दिल्ली पहुंचकर की पूछताछ
- अब एल्विश को बयान के लिए बुलाएगी ईडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ सांप के जहर बेचने का मुकदमा दर्ज कराने वाले गौरव गुप्ता का बयान ईडी द्वारा दर्ज किया गया। नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में लखनऊ से भेजे गए असिस्टेंट डायरेक्टर ने बयान दर्ज किया। गौरव ने ईडी मुख्यालय आने के दौरान एल्विश यादव और उसके साथियों पर पीछा करने का आरोप भी लगाया है। ईडी इस मामले में भी जांच कर रही है।

गौरव गुप्ता के मुताबिक 11 मई को ईडी का नोटिस प्राप्त हुआ था। नोटिस के माध्यम से उन्हें लखनऊ स्थित जोनल कार्यालय में बुलाया गया था। नोटिस में कहा गया है कि ईडी द्वारा एक मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसकी विवेचना चल रही है। विवेचना पूरी करने के लिए आपके बयान महत्वपूर्ण हैं, जिन्हें दर्ज कराने के लिए लखनऊ साक्ष्य सहित आना है। वादी के बयान और साक्ष्य मिलने के बाद ही ईडी की ओर से एल्विश यादव को पूछताछ के लिए समन भेजा जाएगा। उधर, ईडी के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम एल्विश से पूछताछ के लिए प्रश्नों की सूची भी तैयार कर रही है। जल्द ही नोएडा पुलिस के अधिकारियों से भी ईडी के अधिकारी संपर्क कर सकते हैं। विशेषकर केस की विवेचना करने वाले जांच अधिकारी को भी नोटिस भेजकर बुलाया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक ईडी यह पता लगाने में जुटी है कि सांपों का जहर एनसीआर के नामचीन होटलों, क्लबों, रिसोर्ट और फॉर्म हाउस में होने वाली रेव पार्टियों में उपलब्ध कराया जाता था या नहीं। अब ईडी के अधिकारी इन्हें चिह्नित कर संचालकों को तलब करके पूछताछ कर सकते हैं।

# चालू होंगे प्लांट, महिलाएं बनाएंगी पुष्टाहार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में पुष्टाहार के बंद टेक होम राशन (टीएचआर) प्लांट चलेंगे। कमेटी व्यवस्थाओं में सुधार कर उत्पादन और भुगतान आदि करायेगी। अमृत विचार ने यह मुद्दा उठाया था। जिसका शासन ने संज्ञान लिया है।

प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार की आपूर्ति के लिए बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से 43 जिलों पर 204 प्लांट खोले थे। जहां समूह की महिलाएं पुष्टाहार का बनाकर कर बच्चों व महिलाओं के लिए आपूर्ति करती हैं। इसका भुगतान बाल विकास करता है। इसमें बजट के अभाव व अन्य समस्याओं के कारण 153 प्लांट बंद हो गए थे। यह खबर अमृत विचार ने 1 मई को प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसका संज्ञान लेकर शासन ने जिला व ब्लॉक स्तर पर कमेटी बनाकर संचालन करने के निर्देश दिए हैं।

सभी प्लांट की ब्लॉक स्तर पर कमेटी कमियां दूर कर पुष्टाहार उत्पादन, बजट की मांग, आपूर्ति व भुगतान आदि समय पर करायेगी। प्लांट का परीक्षण जिला स्तरीय टीम करेगी। आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में महिलाएं काम कर पुष्टाहार बनाएंगी।


'कुपोषण' की जंग में 153 प्लांट बंद, केंद्रों पर नहीं पुष्टाहार

1 मई को प्रकाशित खबर।

**खबर का असर**

- शासन ने लिया संज्ञान, कमेटी संचालित कराएगी प्लांट
- 204 टीएचआर में, 153 बजट के अभाव बंद

### मतदान स्थलों के प्रवेश द्वार पर मौजूद न रहें पोलिंग एजेंट

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव में मतदेय स्थलों पर नियुक्त पोलिंग एजेंटों को मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार मौजूद न रहें। साथ ही मतदान केंद्र में प्रवेश द्वार के निकट ही बीएलओ के बैठने की व्यवस्था की जाए। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम लखनऊ और रायबरेली को आदेश दिए हैं। दोनों डीएम को लिखे पत्र में कहा है कि मतदान केंद्रों पर मतदाता सहायता केंद्र का फ्लेक्स/बैनर लगाया जाए। जिससे मतदाताओं को बीएलओ से जानकारी प्राप्त करने में सुविधा हो सके। उन्हें अपना मतदेय स्थल जानने के लिए राजनीतिक दलों के पोलिंग एजेंट पर निर्भर न रहना पड़े। पीठासीन अधिकारी/सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी होगी कि पोलिंग एजेंट पहचान-पत्र के साथ अपने-अपने बूथ के पास ही रहें। आदर्श और दिव्यांग मतदाता केंद्रों पर व्हीलचेयर की व्यवस्था की जाए। मतदेय स्थलों पर बनाए गए रैंप को दोबारा चेक किया जाए।

# भाजपा प्रत्याशी के भाइयों ने फैला रखा है आतंक

## प्रियंका गांधी वाड्रा ने उमरन, अकोढीया, ऊंचाहार नगर और मतीनगंज में की जनसभा

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार :** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रायबरेली से भाजपा उम्मीदवार पर निशाना साधते हुए कई आरोप लगाए हैं। बुधवार को क्षेत्र के उमरन, अकोढीया, ऊंचाहार नगर और मतीनगंज में हुई सभाओं को संबोधित करते हुए प्रियंका ने रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ रहे भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह का नाम लिए बगैर कहा कि भाजपा उम्मीदवार के पांचों भाइयों ने पूरे जिले में आतंक फैला रखा है।

प्रियंका के मुताबिक, भाजपा उम्मीदवार और उनके भाई गरीबों की जमीन पर कब्जा करते हैं। ग्राम प्रधानों को, कोटेदारों को धमकाते हैं। कांग्रेस सरकार ने पंचायती राज अधिनियम लाकर पंचायतों को मजबूत किया था। आज पंचायतों के प्रधान भाजपा उम्मीदवार की धमकियों से परेशान हैं। ऐसे लोग आपके सांसद बनना चाहते हैं।

प्रियंका ने कहा, आपकी सांसद सोनिया गांधी थीं, हमेशा आप लोगों से झुककर मिली हैं। आज ऐसा नहीं हो रहा है। हमारी आंगनबाड़ी की महिलाएं, आशा बहुएं जब अपने मानदेय बढ़ाने के लिए लखनऊ में धरना देती हैं, तो उन पर लाठियां बरसाई जाती हैं और उन्हें देशद्रोही कानून में फंसाया जाता है। प्रियंका ने राहुल गांधी को भारी समर्थन देने की अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार आई तो आपको रोजगार, महिलाओं के खातों में धनराशि, कृषि उपकरणों से जीएसटी खत्म करने संबंधी काम करेगी। सभा का संयोजन पूर्व विधायक कुंवर अजय पाल सिंह ने किया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश सचिव अतुल सिंह, वरिष्ठ नेता रतीपाल शुक्ल आदि मौजूद थे।


ऊंचाहार में जनसभा को संबोधित करतीं कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा।

# सपा सरकार में प्रदेश में पैदा होते थे गुंडे और माफिया

- ब्रजेश पाठक ने कहा, सुरक्षित नहीं थीं बहन- बेटियों की इज्जत, आए दिन होते थे दंगे

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार:** सपा ने प्रदेश में गुंडे व माफियाओं को पैदा करने का काम किया था। बहन बेटियों की आबरू खतरे में थी। प्रदेश में आए दिन दंगे होते थे। आज भाजपा शासन काल में माफिया या तो प्रदेश छोड़ रहे हैं या फिर गले में तख्तियां लटकाकर थाने में सरेंडर कर रहे हैं। भाजपा ने कानून का राज स्थापित किया है। यह बातें उत्तर प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कही।

वह बुधवार को गैंसड़ी विधानसभा के पिपरा चौराहे पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास सर्वाधिक लोकप्रिय नेता मोदी हैं जिनका मुकाबला भ्रष्टाचारियों से है। कांग्रेस की सरकार में मंत्री रहे कई लोग सलाखों के पीछे हैं। कांग्रेस ने घोटाले पर घोटाला कर देश को लूटने का काम किया था। मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर किया है। हर गरीब को पक्का मकान दिया गया है। घर-घर शौचालय बनवाए गए हैं। सरकारी स्कूलों में प्राइवेट अंग्रेजी स्कूलों जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। जल जीवन मिशन के तहत घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाया गया है। इसके अलावा डिप्टी सीएम ने केन्द्र व प्रदेश सरकार के योजनाओं का बखान किया। उन्होंने लोकसभा श्रावस्ती से भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्र व गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी शैलेश कुमार सिंह शैलू को जिताने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने किया।

इस मौके पर लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पाण्डेय, जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, सदर विधायक पल्टूराम, जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी, श्याम मनोहर तिवारी, रवि मिश्रा, डा. अजय सिंह पिंकू, राकेश सिंह, विनय प्रकाश त्रिपाठी, प्रिंस वर्मा, रवि वर्मा व अवधेश तिवारी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व सहयोगी दलों के लोग मौजूद थे।

# लोगों के लिए रोटी-कपड़ा व मकान के साथ संविधान भी जरूरी : अखिलेश



पचपेड़वा के विशुनपुर टनटनवा गांव में चुनावी जनसभा को संबोधित करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव। अमृत विचार

- बलरामपुर की चुनावी जनसभा में बोले सपा प्रमुख अखिलेश
- सरकार बनने पर खत्म करेंगे अग्निवीर की नौकरी, गरीबों का बढ़ाएंगे राशन

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्र के विशुनपुर टनटनवा गांव में बुधवार को चुनावी जनसभा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर प्रहार किया। उप्र.में इंडिया गठबंधन 79 सीटें जीत रहा है। देश के लोगों को रोटी कपड़ा मकान के साथ-साथ संविधान भी जरूरी है। श्रावस्ती से राम शिरोमणि वर्मा व गैंसड़ी से राकेश यादव को लोकसभा व विधानसभा भेजने की जिम्मेदारी आप लोगों की है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निवीर वाले भी नौजवान जानते होंगे, फौज में पक्की नौकरी मिलती थी, इन्होंने आधी अधूरी कर दी। अपने नौजवानों से कह कर जा रहे हैं कि जब सरकार बनेगी तो अग्निवीर की व्यवस्था हमेशा-हमेशा के लिए समाप्त कर देंगे। समुद्र मंथन की तरह संविधान का मंथन भी जरूरी है। इस बार देश के शहंशाह की कुर्सी खतरे में है तो वह शहजादों को याद कर रहे हैं। पूरे देश में बसपा भाजपा के साथ मिली हुई है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी मिलकर कह रही है कि गरीबों के राशन की गुणवत्ता बेहतर करेंगे और मात्रा बढ़ानी होगी तो वह भी करेंगे। हम अपने गरीबों को भरोसा दिला कर जा रहे हैं जहां राशन बढ़ेगा, वहीं राशन के साथ मोबाइल डाटा देने का भी काम करेंगे। इस मौके पर प्रदेश सचिव ओंकार नाथ पटेल, जिलाध्यक्ष माणिक लाल कश्यप, पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम वर्मा, रामनिवास मौर्या, मीडिया प्रभारी विशाल श्रीवास्तव व राजेंद्र चौधरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-71

**बाएं से दाएं**

3. माल या राजस्व महकमे का वह क्षेत्रीय अधिकारी जो पटवारियों या लेखपालों के कागज़ात एवं काम-काज की जांच करता है।

4. 1. फ़ैशन मॉडल की तरह किया जाने वाला काम, मॉडल की तरह काम करने का व्यवसाय 2. किसी वस्तु के स्वरूप की प्रतिकृति बनाने का कार्य।

8. 1. भूमि, खेत 2. पृथ्वी, धरती 3. धरातल का कोई भाग, ठोस तल 4. भूमि का टुकड़ा, भूखंड 5. वह तेल जिसमें किसी इत्र को तैयार किया जाता है 6. आधार 7. नदी और तालाब का तल 8. वह कागज़

9. वह जो प्राय: कोई न कोई ख़ुराफ़ात करता रहता हो।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. गुंजार, गूंजने का शब्द 2. गुनगुनाना 3. भौरों के गूंजने की क्रिया।

2. 1. किसी घटना आदि का पूर्ण लिखित विवरण 2. खेलों के उच्चतम कीर्तिमान दस्तावेज़, लेख-प्रमाण 3. स्थायी रूप में रखना 4. सुरक्षित विवरण 5. अभिलेख।

5. हाथी दांत का बना हुआ।

6. बंद नाली का मुंह जिससे सफ़ाई करने के लिए बड़ी नाली में घुसा जा सकता हो, बंद नाली में प्रवेश करने का मार्ग।

7. 1. लोभ करने वाला, लालची 2. कंजूस।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | 3 | | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 4 | | | 5 | ■ | 6 |
| 7 | ■ | ■ | ■ | 8 | | |
| | ■ | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 9 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली -70 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 सि | रो | ही | ■ | 2 खु | द | ना |
| र | ■ | ■ | 3 ऐं | ■ | ■ | ■ |
| मो | ■ | ■ | पा | ■ | 4 कु | ■ |
| र | ■ | 5 पा | य | जा | मा | ■ |
| ■ | 6 झा | ल | र | ■ | र | ■ |
| 7 सा | ■ | की | ■ | ■ | ■ | 8 सु |
| ज़ | ■ | ■ | 9 र | वा | दा | र |

## सुडोकू -150

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | | 3 | 4 | 5 | | | |
| 3 | 6 | | | | | | | |
| 4 | | | 8 | 7 | | | | |
| | | | | | | | | 5 |
| 7 | | | | 9 | 4 | | | |
| | | 2 | | | | | 9 | 3 |
| | | 3 | | 2 | 6 | | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |


### सुडोकू -149 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 8 | 4 | 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 2 | 9 |
| 9 | 2 | 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 1 | 9 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 6 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 | 2 | 1 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 5 | 7 |
| 2 | 7 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 06.22 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 18.14 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** — आज व्यापार को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको राजनीति का सामना करना पड़ेगा। अपने शत्रुओं गतिविधियों को लेकर गंभीरता रखें। अत्यधिक आदर्शवाद से आपको बचना चाहिये। अपनी जीवनशैली पर पर्याप्त धन खर्च करेंगे।

**वृष** — आज अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। किसी पुरानी बीमारी से ग्रसित लोगों को समस्या हो सकती है।

**मिथुन** — आज जॉब में बदलाव करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। दूसरों की मदद करने से आपका सम्मान बढ़ेगा। दांपत्य संबंधों में प्रेमभाव बढ़ेगा। धर्म-कर्म में आपकी रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर उलझे मामले सुलझ सकते हैं।

**कर्क** — आज धन से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में उत्तम लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार के कार्यों में आपको मन लगाना चाहिए। आपकी दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**सिंह** — आज नई योजना बनाने के लिए समय उत्तम है। फर्जी फोन कॉल्स से आप सावधान रहें। कड़वी भाषा का प्रयोग न करें। दूसरे लोगों पर ज्यादा निर्भरता रखना ठीक नहीं है। ऑफिस की राजनीति से स्वयं को दूर रखें।

**कन्या** — आज सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है। जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को कुछ कठिनाई होगी। मंहगी वस्तुओं की ख़रीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**तुला** — आज भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में दिन बहुत शुभ है। विदेश यात्रा के उत्तम योग बन रहे हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी।

**वृश्चिक** — आज मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आईटी और बैंक से जुड़े लोगों को करियर में अच्छे परिणाम मिलेंगे। नया कारोबार शुरू करने में सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में किसी पर भरोसा न करें। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं।

**धनु** — आज विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों के साथ तीखी बहस हो सकती है। मन में किसी के प्रति बैर या घृणा का भाव न रखें। शाम को परिजनों के साथ विशिष्ठ विषयों पर चिंतन-विमर्श करेंगे।

**मकर** — आज आलस्य में आपका समय बर्बाद हो सकता है। बुरी संगति से स्वयं को दूर रखें। रहस्यात्मक विषयों की तरफ आकर्षित हो सकते हैं। विवाह संबंधित चर्चाओं के लिए समय शुभ नहीं है। जीवनसाथी आपसे कई तरह की शिकायत कर सकता है।

**कुंभ** — आज आपके पारिवारिक खर्च बढ़ सकते हैं। जीवनसाथी से कड़वी बातें करने से आपको परेशानी हो सकती है। कई नए विषयों की तरफ आपका झुकाव बढ़ सकता है। किसी रुके हुए मामले का समाधान होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**मीन** — आज चिकित्सा कार्य से जुड़े लोगों को कुछ कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ सकता है। व्यवसाय में सहयोगियों के साथ विश्वास में कमी की भावना उत्पन्न हो सकती है। परिवार को विशेष समय अवश्य दें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- शिव शक्ति — सुबह : 10.02
- करिश्मा कुदरत का — रात : 07.00

&pictures
- मैं तेरा हीरो — सुबह : 11.09
- सोनचिड़िया — रात : 08.00

SONY PIX
- ऐनाबेले : क्रिएशन — सुबह : 08.54
- घोस्ट राइडर — रात : 09.07

ZEE CINEMA
- प्रेम कहानी — सुबह : 11.00
- साजिश — शाम : 05.00

colors CINEPLEX
- जुड़वा — सुबह : 09.17
- गहराइयां — दोपहर : 02.55

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी छुट्टी के दिन घर पर बैठ कर डीवीडी में फिल्म देख रहा था। और जोर से चिलाया नहींहीहीहीही.. घोड़े से मत उतर पागल यह एक चाल है। आगे जाल बिछाया गया है। बोल रहा हूं मत उतर पछताएगा। पत्नी –कौन सी फिल्म देख रहे हो? पति-अपनी शादी की डीवीडी

मौलवी-किसी को इस शादी से ऐतराज। तभी आवाज आई हां मुझे है। मौलवी-अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर:** शिवालिक–985 फ्लैग–1110 डीएमओ–875 बोल्ड–116
**चन्दौसी:** शिवालिक– 1000 फ्लैग– 1105 बोल्ड– 1140 डीएमओ– 925

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360–2800 |
| गेहूँ (के 65) | 3500–3800 |
| बाजरा | 2200–2300 |
| मक्का | 2700–2800 |
| जौ | 2900–3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800–3100 |
| चावल बासमती | 7000–8000 |
| चावल मोटा | 2800–3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200–3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800–5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600–8600 |
| चावल राजरानी | 7000–7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800–7000 |
| चना फार्मी | 7200–7500 |
| चना काबली | 14500–17000 |
| मटर हरा | 6000–6200 |
| मटर सफेद | 6100–6500 |
| दाल चना | 8000–8400 |
| दाल मटर | 6400–6500 |
| उड़द हरा | 12000–12500 |
| उड़द काला | 9000–9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500–16000 |
| दाल उड़द काली | 10500–11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000–12500 |
| मूंग खड़ा | 10000–10500 |
| मूंग दाल | 10500–11000 |
| मूंग धोवा | 12000–13000 |
| मसूर | 8800–9000 |
| मलका | 9000–9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000–17000 |
| दाल स्पेशल | 13000–14000 |
| राजमा सफेद | 13000–14000 |
| राजमा काला | 11500–12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000–12000 |

# विदेश में खनिज संपत्तियां हासिल करेगा देश

## कोल इंडिया, एनएमडीसी पहले से ही ऑस्ट्रेलिया में सक्रिय, ओवीएल भी विदेशों में निवेश करने वाली इकाई

नई दिल्ली, एजेंसी



● खान सचिव ने कंपनियों से विदेशों में महत्वपूर्ण खनिजों पर ध्यान देने को कहा

सरकार ने बुधवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां कोल इंडिया, एनएमडीसी और ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज संपत्तियां हासिल करने के लिए काम करेंगी। ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन की विदेशों में निवेश करने वाली इकाई है। इन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) की विदेश में पहले से ही किसी न किसी तरह की मौजूदगी है।

खान सचिव वीएल कांता राव ने बताया कि सचिवों के समूह (संसाधनों पर) ने निर्णय लिया है कि ये कंपनियां (कोल इंडिया, एनएमडीसी, ओएनजीसी विदेश लिमिटेड) आगे बढ़ें और विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज पर भी ध्यान दें। यह एक आसान तरीका है। ये कंपनियां पहले से ही विदेशों में कारोबार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया चिली में कुछ लिथियम ब्लॉक पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। एनएमडीसी पहले से ही ऑस्ट्रेलिया में सक्रिय है। उनके पास ऑस्ट्रेलिया में कुछ सोने की खदानें हैं और वे ऑस्ट्रेलिया में लिथियम खदानों पर भी गौर कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि हम महत्वपूर्ण खनिजों के लिए चिली के साथ मौजूदा एफटीए (मुक्त व्यापार समझौते) का विस्तार करने पर विचार कर रहे हैं। ताकि हम उन तक जी टू जी (सरकार से सरकार) पहुंच प्राप्त कर सकें। भारत मंगोलिया में कुछ कोयला और तांबे की संपत्तियों पर विचार कर रहा है और सरकार इस भूमि से घिरे देश के साथ व्यापार मार्गों पर गौर कर रही है।


सचिव ने कहा कि भारत लिथियम सहित महत्वपूर्ण खनिजों के लिए जाम्बिया के साथ संयुक्त रूप से खनन भी कर रहा है। तांबा, लिथियम, निकल, कोबाल्ट और दुर्लभ तत्व जैसे खनिज आज पवन टर्बाइन और बिजली नेटवर्क से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में से कई में आवश्यक घटक हैं। स्वच्छ ऊर्जा बदलाव में तेजी आने के साथ इन खनिजों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है।

### भारत की बिजली उत्पादन में कोयले की हिस्सेदारी हुई 50% से कम

**नई दिल्ली।** भारत की कुल बिजली उत्पादन क्षमता में कोयले की हिस्सेदारी 1960 के बाद पहली बार 2024 की पहली तिमाही में 50 प्रतिशत से कम रही। इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) की नवीनतम पावरअप त्रैमासिक रिपोर्ट के अनुसार, देश में 2024 की पहली तिमाही (जनवरी–मार्च) में रिकॉर्ड 13,669 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 71.5% थी। भारत की कुल बिजली उत्पादन क्षमता में लिग्नाइट सहित कोयले की हिस्सेदारी पहली बार 50% से कम रही। भारत 2030 तक गैर–जीवाश्म ईंधन–आधारित स्रोतों से 50% संचयी बिजली उत्पादन क्षमता हासिल करने के लक्ष्य में काफी आगे है। बिजली उत्पादन क्षमता में कोयले की हिस्सेदारी में गिरावट वैश्विक प्रवृत्ति को दर्शाती है। जी–7 देशों में कोयले की मांग 2023 में रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। यह 1900 के बाद से नहीं देखा गया है। एम्बर की 80 देशों की पांचवीं वार्षिक वैश्विक बिजली समीक्षा के अनुसार, भारत दुनिया की सौर ऊर्जा उत्पादन रैंकिंग में चीन और अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

# शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी थमी, सेंसेक्स 118 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी



● बिकवाली दबाव और विदेशी निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार में आई गिरावट

स्थानीय शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 117 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस जैसे शेयरों में बिकवाली दबाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 117.58 अंक यानी 0.16% की गिरावट के साथ 72,987.03 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 281.95 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 17.30 अंक यानी 0.08% की गिरावट के साथ 22,200.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले और टाइटन नुकसान में रहे। वहीं, लाभ वाले शेयरों में भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो तथा एचसीएल टेक्नोलॉजीज हैं।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, पूरे कारोबार के दौरान किसी स्पष्ट संकेत का अभाव दिखा। इसका कारण चुनाव समेत अन्य कारणों को लेकर चिंता है। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.96% मजबूत हुआ जबकि मिडकैप 0.60% के लाभ में रहा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, तीन दिन की तेजी के बाद गिरावट आई। शुरू में तेजी थी लेकिन प्रमुख शेयरों में बिकवाली से निफ्टी नीचे आया।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 86800 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 90000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55600–55800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड (प्रति 10 ग्राम) | –72,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 84,100 |
| चांदी (999) | 84,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72400 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71400 |
| सिल्वर (पक्की) | 830 (अनुमानित)। |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 83,900 |

# देश का निर्यात अप्रैल में बढ़कर 34.99 अरब डॉलर हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी



● आयात भी बढ़कर 54.09 अरब डॉलर पर पहुंचा

देश का वस्तुओं का निर्यात इस साल अप्रैल में मामूली बढ़कर 34.99 अरब डॉलर रहा है। एक साल पहले इसी महीने में यह 34.62 अरब डॉलर था।

बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार आलोच्य महीने में आयात भी बढ़कर 54.09 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो अप्रैल, 2023 में 49.06 अरब डॉलर था। अप्रैल में व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात के बीच का अंतर 19.1 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने बताया कि इन आंकड़ों से नये वित्त वर्ष की शुरुआत अच्छा होने का संकेत मिलता है और इसके आगे भी बने रहने की उम्मीद है। इस साल मार्च में निर्यात 41.68 अरब डॉलर रहा था, जो एक साल पहले इसी महीने में 41.96 अरब डॉलर था।

# सेबी ने केआरए के जरिए केवाईसी सत्यापन को बनाया सरल

नई दिल्ली, एजेंसी



● केआरए डेटाबेस से पैन, नाम, पता, ईमेल और मोबाइल नंबर का हो सकेगा सत्यापन

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने केवाईसी पंजीकरण एजेंसियों (केआरए) से ग्राहक को जानिए (केवाईसी) रिकॉर्ड के सत्यापन के लिए जोखिम प्रबंधन ढांचे को सरल बनाने का फैसला किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे निवेशकों के लिए लेनदेन में सुगमता सुनिश्चित की जा सकेगी।

सेबी ने जोखिम प्रबंधन प्रारूप को आसान बनाने से संबंधित आदेश जारी किया। नियामक ने अक्टूबर, 2023 के अपने परिपत्र में संशोधन किया है। पिछले साल अक्टूबर में सत्यापन प्रक्रिया में बदलाव हुआ था जिससे राशन कार्ड, बिजली बिल या स्कैन किए गए आधार कार्ड जैसे पते के प्रमाण अमान्य हो गए थे। नए आदेश के तहत केआरए को केवाईसी रिकॉर्ड प्राप्त होने के दो दिन में ग्राहक रिकॉर्ड को सत्यापित करने की जरूरत होती है जिसमें पैन, नाम और पता है। ऑनलाइन पहचान सत्यापन सेवा फर्म साइनजी के सह-संस्थापक एवं सीईओ अंकित रतन ने बताया कि अब केआरए आधिकारिक डेटाबेस से पैन, नाम, पता, ईमेल और मोबाइल नंबर का सत्यापन कर सकते हैं।

## ढांचागत बदलाव में मोदी ने निभाई सक्रिय भूमिका : सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सक्रिय भूमिका और व्यक्तिगत निगरानी ढांचागत क्षेत्र की तस्वीर बदलने के लिए जिम्मेदार है जबकि पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में नीतिगत निष्क्रियता होने से इस क्षेत्र को नुकसान उठाना पड़ा था।

सीतारमण ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि 2004-14 के शासनकाल में संप्रग ने देश की आर्थिक वृद्धि संभावनाओं को व्यर्थ कर दिया और भारत की आर्थिक जरूरतों के लगभग सभी पहलुओं का कुप्रबंधन किया गया या उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। बुनियादी ढांचे के निर्माण पर ध्यान न देकर भारत को न केवल सड़कों, रेलवे, बिजली से वंचित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इन परियोजनाओं की प्रगति की व्यक्तिगत तौर पर निगरानी की है, जिससे जीडीपी को बढ़ावा मिलता है जो अर्थव्यवस्था की दीर्घकालिक सक्षमता को भी सुधारती है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### पूर्वी दिल्ली में कागज के अवैध गोदाम में लगी आग एक व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में बुधवार को कागज के अवैध गोदाम में आग लगने से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों (डीएफएस) के मुताबिक, आग शकरपुर इलाके में दो मंजिला इमारत में लगी जहां एक कमरे में जले हुए कार्डबोर्ड के पीछे से सतेंद्र पासवान का शव मिला। रात दो बजे घटना की सूचना मिली और छह दमकल वाहनों को तत्काल भेजा गया। आग बुझाने का अभियान सुबह सात बजे तक चला। पासवान की बहन सारो देवी ने बताया कि उसका भाई गोदाम में काम करता था। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहता था। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि गोदाम अवैध रूप से चलाया जा रहा था। स्थानीय निवासी अनिल शर्मा ने कहा, यह गोदाम आवासीय क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहा था। गोदाम में दूसरी बार आग लगी।

### मुख्तार की प्रार्थना सभा के लिए अब्बास को अनुमति

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर स्थित उसके आवास पर 10 जून को अपने दिवंगत पिता मुख्तार अंसारी की याद में होने वाली प्रार्थना सभा में शामिल होने की बुधवार को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति केवी. विश्वनाथन की पीठ ने अब्बास को 11 और 12 जून को पुलिस हिरासत में अपने परिवार के साथ समय बिताने की भी अनुमति दी और राज्य पुलिस को इस संबंध में व्यवस्था करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आदेश दिया कि अंसारी को नौ जून से पहले गाजीपुर जेल में स्थानांतरित कर दिया जाए और बिना किसी बाधा के प्रार्थना सभा में शामिल होने की अनुमति दी जाए।

### हरियाणा के नूंह में मुठभेड़ के बाद अपराधी गिरफ्तार

**नूंह।** हरियाणा पुलिस ने सिलखो पहाड़ी के पास मुठभेड़ के बाद वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी इमरान के पैर में गोली लगी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नूंह जिले के तिरवाड़ा गांव का रहने वाला आरोपी हत्या के प्रयास, डकैती और अन्य गंभीर अपराधों के लगभग एक दर्जन मामलों में वांछित था। पुलिस ने बताया कि घटना बुधवार देर रात एक बजे नूंह–तावडू रोड पर सिलखो गांव के पहाड़ी इलाके के पास हुई। इमरान चोरी की बाइक लेकर हथियार के साथ नूंह से तावडू की ओर आ रहा है, जिसके बाद नूंह–तावडू मार्ग पर पुलिस ने आरोपी को रुकने के लिए कहा लेकिन वह नहीं रुका और टीम पर गोलियां चला दीं। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली उसके पैर में लगी। उसे बाद में नाल्हार के चिकित्सा कॉलेज में भर्ती कराया गया।

# आरक्षण खत्म करना चाहती है भाजपा: राहुल

## ओडिशा के बोलांगीर की रैली में कांग्रेस नेता बोले- भाजपा जीती तो देश चलाएंगे 22 अरबपति

बोलांगीर, एजेंसी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा) संविधान को नष्ट करने के साथ ही आदिवासियों, दलितों तथा पिछड़े वर्ग के लोगों को दिए गए आरक्षण को खत्म करना चाहती है। ओडिशा के बोलांगीर में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने आशंका जतायी कि अगर भाजपा यह चुनाव जीतती है तो वह सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण कर देगी और देश को 22 अरबपति चलाएंगे।

राहुल ने कहा कि जो भी अब तक देश के गरीबों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, किसानों और मजदूरों को मिला है वह संविधान की देन है। राहुल ने आशंका जताते हुए कहा, 'अगर भाजपा जीतती है तो आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा, सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण कर दिया जाएगा और देश को 22 अरबपति चलाएंगे। इसलिए आम लोगों की सरकार बननी चाहिए। राहुल ने दावा किया कि 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का ऋण भाजपा सरकार में माफ कर दिया गया और यह राशि 24 वर्षों के मनरेगा योजना के भत्ते के बराबर है।

उन्होंने दावा किया, उन्होंने आम जनता को कुछ नहीं दिया। उन्होंने किसानों और विद्यार्थियों का ऋण माफ नहीं किया। ऋण तो छोड़िये उन्होंने तो छोटे व्यापारियों को ऋण तक नहीं दिया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि देश की आम जनता से जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के जरिये वसूली गयी रकम सिर्फ दो से तीन लोगों के पास जा रही है। राहुल ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह जातिगत जनगणना कराएगी और दलितों, आदिवासियों तथा पिछड़े वर्ग को उचित आरक्षण प्रदान करेगी। राहुल ने चार जून को विपक्षी गठबंधन इंडिया की सरकार बनने का दावा करते हुए कहा, सरकार बनने के तुरंत बाद हम देश के सभी गरीब परिवारों की एक सूची बनाएंगे और प्रत्येक परिवार की एक महिला को साढ़े आठ हजार रुपये प्रति माह की सहायता दी जाएगी।

### ये झूठ है कि प्रधानमंत्री हिंदू-मुस्लिम की राजनीति नहीं करते : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री की ये बात झूठ है कि वह हिंदू- मुस्लिम की राजनीति नहीं करते। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान प्रधानमंत्री के पास हिंदू–मुस्लिम की राजनीति को छोड़कर कोई एजेंडा नहीं था। मोदी ने एक साक्षात्कार में कहा है, अगर मैं हिंदू–मुसलमान करूंगा तो मैं सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रहूंगा। इसी पर रमेश ने एक्स पर लिखा, सारा देश जानता है कि निवर्तमान प्रधानमंत्री आदतन झूठ बोलते हैं और दो तरह की बातें उनकी प्रवृत्ति है। मोदी का यह दावा कि वह हिंदू–मुस्लिम राजनीति नहीं करते, यह दर्शाता है कि वह झूठ बोलने में दिन प्रति दिन नई गहराइयों तक गिरते जा रहे हैं।

# आजादी के समय का वादा मोदी ने सीएए के जरिये किया पूरा : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी



● पड़ोसी देशों से आए सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन और पारसी लोगों को सीएए देने की प्रक्रिया शुरू

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत में बसने वाले लोगों को नागरिकता प्रमाण पत्र दिये जाने को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि इससे आजादी के समय किया गया वादा पूरा हो गया है।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश में धार्मिक उत्पीड़न के कारण यहां आने वाले हिन्दू, सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन और पारसी समुदाय के लोगों को बुधवार से नागरिकता प्रमाण पत्र देना शुरू कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, मोदी की गारंटीवादा पूरा होने की गारंटी। आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। आज दशकों का इंतजार समाप्त हुआ है और सीएए के माध्यम से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक प्रताड़नाओं के कारण भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई बहनों-भाइयों को भारत की नागरिकता मिलनी शुरू हो गयी है। आजादी के समय किए गए वादे को आज नरेन्द्र मोदी जी ने पूरा करके दिखाया है।

### पीओके भारत का हिस्सा

**सेरामपोर (प. बंगाल)।** अमित शाह ने बुधवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में विरोध प्रदर्शनों का जिक्र किया और कहा, पीओके भारत का हिस्सा है और हम इसे ले लेंगे। सेराम्पोर में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद एक समय संकटग्रस्त रहे कश्मीर में शांति लौट आई है लेकिन पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर अब आजादी के नारों और विरोध प्रदर्शनों से गूंज रहा है। पहले आजादी के नारे यहां सुनाई देते थे, अब वही नारे पीओके में सुनाई देते हैं।

# विमर्श की लोकतांत्रिक व्यवस्था में बदल गई हैं भारतीय अदालतें

नई दिल्ली, एजेंसी



● सीजेआई चंद्रचूड़ ने ब्राजील में जे-20 शिखर सम्मेलन को किया संबोधित

देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को कहा कि भारतीय अदालतों की पुनर्कल्पना अब थोपे गए साम्राज्य के बजाय विमर्श की लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में की गई हैं। प्रधान न्यायाधीश डिजिटल परिवर्तन और न्यायिक दक्षता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल विषय पर ब्राजील के रियो डी जनेरियो में जे-20 शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। जे-20 उच्चतम न्यायालयों और संवैधानिक अदालतों के मुख्य न्यायाधीशों का समूह है, जिसके सदस्य जी-20 देश हैं। इस साल जे-20 सम्मेलन का आयोजन 'ब्राजीलियन फेडरल सुप्रीम कोर्ट' की ओर से किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि भारतीय अदालतों की पुनर्कल्पना अब थोपे गये साम्राज्य के बजाय विमर्श की लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में की गई हैं। कोविड-19 महामारी से अदालतों की व्यवस्थाओं को रातों-रात बदलना पड़ा। उन्होंने मुकदमे से जुड़ें पक्षों और कम कनेक्टिविटी वाले स्थानों के बीच डिजिटल विभाजन और प्रतिनिधित्व संबंधी विषमता पर भी बात की। इन विषमताओं को अड़चनें बताते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हमें इनसे निपटना होगा।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि प्रौद्योगिकी की क्षमता इस बात में निहित है कि हम इसे पहले से मौजूद असमानताओं को कम करने के लिए कैसे परिवर्तित करते हैं। प्रौद्योगिकी सभी सामाजिक असमानताओं के लिए एक रामबाण इलाज नहीं है।

### वीडियो कॉन्फ्रेंस से की साढ़े 7 लाख मामलों की सुनवाई

**नई दिल्ली।** सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से 7,50,000 से अधिक मामलों की सुनवाई की और 1,50,000 से अधिक मामले ऑनलाइन दायर किए गए। यह सब इसीलिए हो पाया क्योंकि प्रौद्योगिकी ने न्यायपालिका समेत कानून और प्रवर्तन एजेंसियों के बीच नए आयाम स्थापित किए हैं। सीजेआई ने कहा कि भारतीय उच्चतम न्यायालय का वाद प्रबंधन तंत्र फ्री एंड ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (एफओएसएस) पर विकसित किया गया है। चंद्रचूड़ ने कहा कि महामारी के बाद ऑनलाइन सुनवाई अदालतों की विशेषता बन गई है और इससे उनको फायदा हुआ जिन्हें प्रत्यक्ष रूप से कोर्ट में पेश होने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

# चार दोषियों को 10-10 साल सश्रम कारावास

मुंबई, एजेंसी

**जहरीली शराब कांड**

● कोर्ट ने मामले में भूमिका साबित न होने पर 10 लोगों को किया बरी

मुंबई के मालवानी इलाके में 2015 में जहरीली शराब से 100 से अधिक लोगों की हुई मौत के मामले में दोषी ठहराए गए चार लोगों को अदालत ने बुधवार को 10-10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। चारों दोषी राजू तापकर, डोनाल्ड पटेल, फ्रांसिस डी मेलो और मंसूर खान है।

अदालत ने इन्हें साजिश और गैर इरादतन हत्या से जुड़ी धाराओं और बंबई निषेध अधिनियम के तहत 28 अप्रैल को दोषी ठहराया था। अदालत ने 10 आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया था कि अभियोजन पक्ष मामले में इनकी भूमिका साबित करने में असफल रहा। मुंबई के पश्चिमी उपनगर मलाड के मालवानी के लक्ष्मी नगर मलिन बस्ती में 2015 में जहरीली शराब से 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायधीश स्वप्निल तावशिखर ने सजा की घोषणा करते हुए कहा कि अभियुक्तों को रियायत देने के लिए उनके समक्ष कोई परिस्थितियां सामने नहीं लाई गई। इसलिए उन्हें 10-10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई जाती है। कोर्ट में लोक अभियोजक प्रदीप घरात ने कहा कि यह गंभीर अपराध है जिसमें दोषियों को अधिकतम सजा देनी चाहिए।

# होर्डिंग हादसा : मलबे में दिखे दो और शव

● सोमवार को घोटकोपर में आंधी के दौरान गिर गई थी होर्डिंग

**मुंबई।** मुंबई में विशाल होर्डिंग गिरने वाली जगह पर मलबे के नीचे दो और शव दिखाई दिए हैं। एनडीआरएफ के अधिकारी ने बताया कि घटना के 40 घंटे बाद भी खोज एवं बचाव अभियान जारी है। शवों को कल रात देखा गया था लेकिन अभी तक बाहर नहीं निकाला जा सका है। छेड़ा नगर इलाके में जीआरपी की जमीन पर स्थित पेट्रोल पंप के पास लगा होर्डिंग सोमवार को आंधी और बेमौसम बारिश से गिर गया था जिससे यह हादसा हुआ। होर्डिंग के नीचे से 89 लोगों को निकाला था जिनमें से 14 मृत थे जबकि 75 अन्य लोग घायल हो गए थे। एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंट निखिल मुधोलकर ने बुधवार को बताया कि होर्डिंग के नीचे दो शव दिखे हैं, लेकिन वहां तक पहुंचने में हमें कठिनाई हो रही है। दुर्घटना स्थल पर ऐसे पांच से अधिक गर्डर हैं जिन्हें हटाने के बाद पता चलेगा कि कितने लोग अब भी दबे हैं।

## ग्वालियर की राजमाता माधवी राजे सिंधिया का निधन

**नई दिल्ली।** ग्वालियर राजघराने की राजमाता एवं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया का बुधवार को निधन हो गया। वह 70 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार ग्वालियर में होगा। राजमाता ने एम्स में सुबह नौ बजकर 28 मिनट पर अंतिम सांस ली।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की पत्नी माधवी बीते तीन महीने से अस्वस्थ थीं और दो माह से एम्स में उनका इलाज चल रहा था। पिछले दो सप्ताह से उनकी हालत गंभीर थी और वह वेंटीलेटर पर थीं। वह नेपाल के राणा राजवंश से थीं। इस राजवंश के प्रमुख जुद्ध शमशेर जंग बहादुर राणा थे, जो नेपाल के प्रधानमंत्री भी रहे।

# खेतड़ी खदान हादसा : 14 लोगों को बचाया गया, एक की मौत

जयपुर, एजेंसी

● मंगलवार रात लिफ्ट की केबल टूटने से खदान में फंस गए थे 15 लोग

● हादसे में कंपनी के मुख्य सतर्कता अधिकारी की हो गई मौत

राजस्थान के नीम का थाना जिले में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की खेतड़ी स्थित खदान में फंसे 15 में से 14 लोगों को बुधवार को निकाल लिया गया जबकि हादसे में कंपनी के एक अधिकारी की मौत हो गई।

राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के अतिरिक्त महानिदेशक अनिल पालीवाल ने बताया कि कोलिहान खदान में हुए हादसे में फंसे 15 में से 14 लोगों को बचाव टीम ने निकाल लिया। हालांकि, कंपनी के मुख्य सतर्कता अधिकारी उपेंद्र पांडे का शव बरामद हुआ है। मंगलवार रात आठ बजे कोलकाता से आए दल द्वारा निरीक्षण के दौरान खदान की लिफ्ट की केबल टूटने से ये लोग 1500 फीट की गहराई में फंस गए थे। एसडीआरएफ तथा कॉपर लिमिटेड की रेस्क्यू टीम ने रात तीन बजे अभियान शुरू किया। टीम कमांडर रवि वर्मा दूसरी लिफ्ट एवं रेस्क्यू रोप की सहायता से घायलों तक पहुंचे। गंभीर घायलों को ट्राली से माइनस 72 के लेवल से जीरो लेवल तक ले आए। उसके बाद पुली एवं रेस्क्यू रोप से घायलों को बाहर निकाला गया। सबसे पहले बचाव टीमों ने तीन गंभीर घायलों को, उसके बाद पांच और अंत में सभी सात लोगों को निकाल कर अस्पताल भेजा। हादसे में इनमें से कई लोगों को चोटें आई हैं। आठ लोगों को जयपुर के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है।

## मालीवाल मामले की जांच को सीएम आवास के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भाजपा नेताओं और महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सांसद स्वाति मालीवाल से जुड़ी घटना की जांच की मांग करते हुए बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के निकट प्रदर्शन किया। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कथित घटना पर केजरीवाल की चुप्पी पर सवाल उठाया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा, यह एक महिला के सम्मान का मामला है जो दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख रही हैं। हम यहां उनका समर्थन करने के लिए हैं।

आप नेता संजय सिंह ने इस घटना को स्वीकार किया है। सचदेवा ने कहा कि मालीवाल ने पहले आरोप लगाया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के सहायक विभव कुमार ने उनके आवास पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया। मालीवाल के आरोपों के एक दिन बाद संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल इस मामले में कड़ी कार्रवाई करेंगे। संजय सिंह द्वारा घटना की पुष्टि होने के बाद पुलिस जांच शुरू कर सकती है।

# मोदी फिर बनेंगे भारत के पीएम, पाक को भी उनके जैसे नेता की जरूरत

वाशिंगटन, एजेंसी

● पाकिस्तानी अमेरिकी अरबपति साजिद तरार ने की मोदी की तारीफ



पाकिस्तान मूल के अमेरिकी कारोबारी साजिद तरार ने कहा है कि भारत में चल रहे चुनाव में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी को जीत मिलेगी और फिर से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

नरेंद मोदी एक मजबूत नेता हैं, जिन्होंने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। बाल्टीमोर निवासी पाकिस्तानी अमेरिकी कारोबारी साजिद कहा कि मोदी ना केवल भारत के लिए अच्छे हैं बल्कि क्षेत्र और दुनिया के लिए भी अच्छे नेता साबित हो रहे हैं। मोदी जैसे नेता की पाकिस्तान को भी जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पाकिस्तान को भी उनके जैसा कोई नेता मिलेगा। तरार ने कहा कि वह ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में पाकिस्तान का दौरा किया। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि मोदी जी पाकिस्तान के साथ संवाद और व्यापार शुरू करेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत के लिए भी शांतिपूर्ण पाकिस्तान अच्छा होगा।

### भारत में चुनाव पूरा होना एक चमत्कार की तरह

साजिद तरार ने कहा कि यह चमत्कार से कम नहीं है कि भारत में 97 करोड़ लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। मैं वहां मोदी जी की लोकप्रियता देख रहा हूं और 2024 में भारत का शानदार उदय होते देख रहा हूं। आप भविष्य में देखेंगे कि लोग भारतीय लोकतंत्र से सीखेंगे।


## ईरान से 40 भारतीय नाविकों को रिहा करने का आग्रह

**नई दिल्ली।** भारत ने ईरान से लगभग 40 भारतीय नाविकों को रिहा करने का अनुरोध किया है। इन नाविकों को पिछले आठ महीने में अलग-अलग आरोपों में जब्त किये गये चार वाणिज्यिक जहाजों से हिरासत में लिया गया था। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को तेहरान में ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के साथ बैठक के दौरान यह अनुरोध किया। सोनोवाल तेहरान की यात्रा पर थे।

सूत्रों के अनुसार अब्दुल्लाहियन ने कहा कि भारतीय नाविकों की रिहाई को लेकर ईरान का रुख सकारात्मक है, लेकिन इसमें देरी हो रही है क्योंकि कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करना होगा।

# कैंसर वक्त नहीं देता, नजर अंदाज न करें ये लक्षण



विहार के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी अब हमारे बीच में नहीं हैं। सोमवार, 13 मई 2024 को दिल्ली स्थित एम्स में उनका निधन हो गया। सुशील कुमार मोदी ने कुछ महीने पहले ही इस बात की जानकारी दी थी कि वो गले कैंसर के कैंसर से जूझ रहे हैं। अपने कैंसर की सूचना देने के कुछ महीनों बाद ही सुशील कुमार मोदी का काल के गाल में चला जाना बताता है कि कैंसर वक्त नहीं देता। इसके लक्षणों को नजरअंदाज करना मौत को आमंत्रण देने जैसा है। आइए जानते हैं कि गले का कैंसर क्या होता है, इसके कौन-कौन से रूप हैं? यहां हम इसके लक्षण और इससे बचाव का तरीका भी जानेंगे।

### गले के कैंसर के प्रकार

- सुपर ग्लोटिक : यह गले के ऊपरी हिस्से में एपिग्लोटिस में होता है।
- सब ग्लोटिक : वोकल कॉइर्स के निचले हिस्से पैदा होता है।
- ग्लोटिक : यह वोकल कॉइर्स में होने वाला कैंसर है।
- हाइपो फैरिंजीयल : यह कैंसर गले के निचले हिस्से में फैलता है।
- ऑरोफेरिंजियल : यह मुंह के पीछे हिस्से में फैलना शुरू होता है।
- नसों फैरिंजीयल : यह गले की नली के ऊपरी भाग में शुरू होता है।

### गले के कैंसर के कारण क्या हैं?

- धूम्रपान/स्मोकिंग
- तंबाकू खाना
- शराब की लत
- विटामिन ए की कमी
- खराब खान पान

### गले के कैंसर के मुख्य लक्षण

- गले में खराश
- सांस लेने में दिक्कत
- गर्दन या कान में दर्द
- खांसी के साथ खून
- आवाज में बदलाव
- निगलने में कठिनाई

### समय से बीमारी का पता चले तो मर्ज हो सकता ठीक

राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं रिसर्च केंद्र के मुताबिक सिर और गर्दन के कैंसर की देखभाल हो सकती है, और मरीज ठीक हो सकता है। बीमारी का पता अगर जल्दी लग जाए है तो इससे बचाव की संभावना 80 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। कैंसर के लक्षण को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अगर किसी को कोई समस्या है तो उन्हें डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए। गले का कैंसर का पता लगाने के लिए एंडोस्कोपी, बायोप्सी और इमेजिंग टेस्ट की मदद ली जाती है।

## एक नजर

### गूगल ने जेमिनी एआई अपडेट जारी किया

**सैन फ्रांसिस्को।** गूगल ने कंपनी के वार्षिक डेवलपर सम्मेलन गूगल आई/ओ 2024 में अपनी एआई मॉडल श्रृंखला जेमिनी के नवीनतम नवाचारों का अपडेट जारी किया है। कंपनी ने मौजूदा फ्लैगशिप मॉडल जेमिनी 1.5 प्रो के नए संस्करण के निजी पूर्वावलोकन की मंगलवार को घोषणा की। यह 20 लाख तक टोकन ले सकता है। जेमिनी 1.5 प्रो का नया संस्करण किसी भी व्यावसायिक रूप से उपलब्ध मॉडल के सबसे बड़े इनपुट का समर्थन करता है। सुंदर पिचाई ने कहा कि आज हमारे सभी दो करोड़ यूजर्स जेमिनी उत्पाद का उपयोग करते हैं। 15 लाख से अधिक डेवलपर्स हमारे टूल में जेमिनी मॉडल का उपयोग करते हैं, हम अपने उत्पादों में जेमिनी की महत्वपूर्ण क्षमताओं को भी शक्तिशाली तरीकों से ला रहे हैं।

### इजरायल के हवाई हमले में 40 लोग मारे गए

**गाजा।** मध्य गाजा पट्टी के नुसीरात शरणार्थी शिविर में सोमवार देर रात के बाद इजरायल के हवाई हमले में कम से कम 40 लोग मारे गए और अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीन टीवी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। इजरायली लड़ाकू विमानों ने शिविर के दक्षिण में कराजा परिवार के स्वामित्व वाली एक आवासीय इमारत पर बमबारी की। हताहतों में बच्चे भी शामिल हैं। गत अप्रैल के अंत में एक हालिया हमले में इजरायली युद्धक विमानों ने शरणार्थी शिविर में एक आबादी वाले घर को कई मिसाइलों से निशाना बनाया था, जिसमें चार बच्चों सहित कम से कम नौ फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए।

### मुठभेड़ में एक अधिकारी और तीन आतंकवादियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक सैन्य अधिकारी और तीन आतंकवादियों की मौत हो गयी। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि यह घटना प्रांत के झोब जिले में हुई, जहां सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना के आधार पर आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चलाया था।

# डब्ल्यूएचओ ने डेंगू के दूसरे टीके को दी मंजूरी

## दो खुराक वाला यह टीका चार प्रकार के डेंगू से बचाएगा

जिनेवा, एजेंसी

● ज्यादा प्रकोप वाले क्षेत्रों में छह से 16 साल के बच्चों को यह टीका देने की सिफारिश



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बुधवार को डेंगू के दूसरे टीके को मंजूरी दे दी। यह कदम दुनिया भर में लाखों लोगों को मच्छर जनित बीमारी से बचाने में मदद कर सकता है। डब्ल्यूएचओ ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उसने जापानी फार्मास्युटिकल कंपनी टाकेडा द्वारा निर्मित डेंगू के टीके को मंजूरी दे दी है। डेंगू के ज्यादा प्रकोप वाले क्षेत्रों में छह से 16 साल के बच्चों को यह टीका देने की सिफारिश की गई है। दो खुराक वाला यह टीका चार प्रकार के डेंगू से बचाएगा।

टाकेडा के डेंगू के टीके क्यूडेंगा को 2022 में यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी द्वारा मंजूरी दी गई थी। डब्ल्यूएचओ की मंजूरी का मतलब है कि दानकर्ता और अन्य संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां गरीब देशों के लिए टीके खरीद सकती हैं। अध्ययन से पता चला है कि टाकेडा का टीका लोगों को डेंगू से पीड़ित होने पर अस्पताल में भर्ती होने से रोकने में लगभग 84 प्रतिशत और लक्षणों को रोकने में लगभग 61 प्रतिशत प्रभावी है। डब्ल्यूएचओ के दवाओं और टीकों के अनुमोदन के लिए निदेशक, रोजेरियो गैस्पर ने कहा कि यह डेंगू के टीकों की वैश्विक पहुंच के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह दूसरा टीका है जिसे संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने डेंगू के लिए अधिकृत किया है। डब्ल्यूएचओ द्वारा मंजूर पहला टीका सनोफी पाश्चर द्वारा बनाया गया था, जो बाद में उन लोगों में डेंगू के खतरे को बढ़ाता पाया गया जो पहले इस बीमारी से संक्रमित नहीं थे। लगभग 120 लातिन अमेरिकी और एशियाई देशों में गंभीर बीमारी और मृत्यु का प्रमुख कारण डेंगू का कोई विशिष्ट इलाज नहीं है।

### करीब 80 प्रतिशत मामले हल्के किस्म के

डेंगू में करीब 80 प्रतिशत मामले हल्के किस्म के होते हैं, लेकिन गंभीर मामलों में आंतरिक रक्तस्राव, अंगों के काम करने की विफलता और मृत्यु तक हो सकती है। मार्च में, ब्राजील के रियो डी जनेरियो में अधिकारियों ने डेंगू पर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा की और देश ने टाकेडा टीकों का उत्पादन शुरू कर दिया, जिसका लक्ष्य कम से कम 30 लाख लोगों को टीका लगाना था।

## लॉरेंस वोंग ने सिंगापुर के नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली

**सिंगापुर।** अर्थशास्त्री लॉरेंस वोंग ने पूर्व नियोजित सत्ता हस्तांतरण कार्यक्रम के तहत बुधवार को सिंगापुर के चौथे प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली। वोंग (51) ने ली सियन लूंग (72) का स्थान लिया है जिन्होंने करीब दो दशक के बाद अपना पद छोड़ा है।



दोनों नेता सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) के सदस्य हैं। पीएपी गत पांच दशक से द्वीपीय देश को आर्थिक विकास के पथ पर अग्रसर रखे हुए है। वोंग पूर्व में उप प्रधानमंत्री के पद पर थे और पीएपी की चौथी पीढ़ी के नेता हैं। वह प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री की नयी जिम्मेदारी संभालेंगे।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि सादे कार्यक्रम में सत्ता हस्तांतरण हुआ और राष्ट्रपति थरमन षणमुगरत्नम (67) ने वोंग को पद की शपथ दिलाई। वोंग ने मंत्रिमंडल में बड़े स्तर पर फेरबदल नहीं करने के कारणों के रूप में निरंतरता, स्थिरता और व्यवधानों से बचने की आवश्यकता का हवाला दिया।

# यूक्रेन को दो अरब अमेरिकी डॉलर के हथियार देंगे : ब्लिंकन



राष्ट्रपति जेलेंसकी से मिलते अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन ● एजेंसी

कीव, एजेंसी

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने यूक्रेन के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर के हथियार सौदे की घोषणा की। ब्लिंकन यूक्रेन को अमेरिकी मदद को लेकर आश्वस्त करने के लिए कीव में हैं और इस दौरान बुधवार को यह घोषणा की गई। यूक्रेन रूस के नये हमलों का मुकाबला करने की तैयारी कर रहा है।

ब्लिंकन ने कीव की दो दिवसीय यात्रा के दौरान बुधवार को अपने अंतिम कार्यक्रम में कहा कि बाइडन प्रशासन ने यूक्रेन के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर, मध्यम और दीर्घकालिक विदेशी सैन्य वित्तपोषण पैकेज को मंजूरी दे दी है। ज्यादातर पैसा लगभग 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर, कांग्रेस द्वारा पारित व अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित पूरक विदेशी सहायता कानून में यूक्रेन को आवंटित 60 अरब डॉलर की धनराशि के तहत मिला है।

### इजराइल को एक अरब से अधिक कीमत के हथियार

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन ने प्रमुख सांसदों से कहा है कि अमेरिका इजराइल को एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक कीमत के हथियार और गोला-बारूद भेजेगा। अमेरिकी संसद के तीन कर्मियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी यह जानकारी नहीं है कि हथियारों की यह खेप कब भेजी जाएगी। बाइडन प्रशासन द्वारा इस महीने 2,000 पाउंड दर वाले 3,500 बम की खेप इजराइल भेजने पर रोक लगा दी गई थी जिसके बाद से पहली खेप भेजने का यह खुलासा किया गया है।

## 19 करोड़ पौंड भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान को जमानत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने 19 करोड़ पौंड के भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान को बुधवार को जमानत दे दी। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी पर रियल एस्टेट के एक दिग्गज व्यक्ति से रिश्वत के रूप में अरबों की जमीन लेने का आरोप है।

उच्च न्यायालय की दो न्यायाधीशों की पीठ ने बहस पूरी होने के बाद मंगलवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने बुधवार को खान से जमानत के लिए 10 लाख का मुचलका दाखिल करने को कहा। इस फैसले से पूर्व प्रधानमंत्री की अदियाला जेल से रिहाई होने या न होने पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा क्योंकि गोपनीय दस्तावेज और इद्दत मामलों में उनकी सजा को फिलहाल निलंबित किया हुआ है।

एनएबी ने पिछले साल दिसंबर में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक इमरान खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी और अन्य लोगों के खिलाफ जांच शुरू की थी। यह मामला अल कादिर यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के नाम पर नहर भूमि के कथित अधिग्रहण से जुड़ा हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप सरकारी खजाने को 19 करोड़ पौंड का नुकसान हुआ।

# लुटेरी दुल्हन गिरोह का भंडाफोड़ पुलिस ने 11 सदस्य किये गिरफ्तार

सीहोर, एजेंसी

● बड़ी मात्रा में लूटी गई सोने और चांदी की ज्वैलरी और नकदी बरामद की

मध्यप्रदेश के सीहोर जिले की पुलिस ने एक रात की लुटेरी दुल्हन गैंग का भंडाफोड़ किया है। इस गैंग के 11 सदस्यों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से बड़ी मात्रा में लूटी गई सोने और चांदी की ज्वैलरी और नकदी बरामद की है। गिरोह के लोग ऐसे युवाओं को तलाशते थे, जिनकी शादी नहीं होती है। फिर उनसे रुपए लेकर महाराष्ट्र की गुलनाज को दुल्हन बनाकर उनके यहां भेज देते थे।

शादी के बाद एक-दो दिन तो गुलनाज वहां रहती थी और फिर वहां से रुपये और जेवर लेकर गुलनाज रफूचक्कर हो जाती थी। शाजापुर जिले के सुंदरसी थाना क्षेत्र के गांव बागली में जब दुल्हन बनकर पहुंची तो फिर वहां से भाग नहीं सकी। ऐसे में गुलनाज ने अपने कथित पति के खिलाफ ही अपहरण और ज्यादती सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज करवा दिया। लेकिन जब मामले की जांच शुरू हुई तो पूरा मामला ही पलट गया। पुलिस के अनुसार 4 मई को गुलनाज ने शाजापुर जिले के सुंदरसी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि जसमत राजपूत और उसके साथी अशोक ने सीहोर के न्यायालय परिसर से उसका अपहरण कर लिया था और यहां उसे कैद कर उसके साथ ज्यादती की।

## प्रदर्शन



अखिल असम छात्र संघ के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को गुवाहाटी में खाद्य पदार्थों, ईंधन और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

# कर्नाटक में प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर युवती की चाकू मारकर हत्या

हुबली (कर्नाटक), एजेंसी

● बहन इस निर्मम हत्याकांड की चश्मदीद गवाह

कर्नाटक के हुबली में बुधवार को कथित तौर पर प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर 21 वर्षीय युवती की परिचित ने चाकू मारकर हत्या कर दी। इससे कुछ सप्ताह पहले इसी तरह कॉलेज की छात्रा नेहा हिरमेथ की उसके पूर्व सहपाठी ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बेंडिगेरी पुलिस थाना क्षेत्र के वीरपुर ओनी इलाके में 23 वर्षीय विश्वा उर्फ गिरीश सावंत ने सुबह पांच बज कर 45 मिनट पर अंजलि अम्बिगेरा के घर का दरवाजा खटखटाया।

अधिकारी ने कहा कि जब अंजलि ने दरवाजा खोला, तो गिरीश ने उसपर चाकू से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि वारदात के बाद आरोपी भाग गया। अधिकारी के अनुसार, अंजलि की बहन इस निर्मम हत्याकांड की चश्मदीद गवाह है। पुलिस ने बताया कि आरोपी गिरीश के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है और उसे पकड़ने के लिए टीम गठित की गई है। इससे पहले, नेहा हिरेमथ (23) की 18 अप्रैल को हुबली में उसके कॉलेज परिसर के अंदर पूर्व सहपाठी फैयाज खोडुनाइक ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

**खगोल विज्ञान** | तीव्रता एक्स 8 .7 श्रेणी आंकी गई, दुनिया के सौर वैज्ञानिकों की नजर सूर्य पर

# सूर्य में हुआ वर्तमान सौर चक्र का सबसे बड़ा विस्फोट

संवाददाता, नैनीताल

● सौर वैज्ञानिक डा. वहाबउद्दीन ने बताया आठ साल बाद यह सबसे बड़ी ज्वाला



मंगलवार रात सूर्य की सतह पर हुए विस्फोट की तस्वीर।

**अमृत विचार :** बीती रात वर्तमान सौर चक्र का सबसे बड़ा विस्फोट देखा गया है। विस्फोट में फूटी ज्वाला की तीव्रता एक्स 8.7 श्रेणी आंकी गई है। विस्फोट में उत्पन्न सौर तूफान का पृथ्वी पर असर नही पड़ेगा। दुनियाभर के सौर वैज्ञानिक सूर्य पर पैनी नजर रखे हुए हैं।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व कार्यवाहक निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा. वहाबउद्दीन सूर्य की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने बताया कि सूर्य के दक्षिण पश्चिमी क्षेत्र में सुपर सक्रिय एनओएए 3664 सौर कलंक बना हुआ है। जिससे एक्स 8.7 श्रेणी की ज्वाला निकली है। यह बेहद खतरनाक सीएमई यानी भू-चुम्बकीय तूफान है, लेकिन इसके पृथ्वी से टकराने की कोई संभावना नही है। यह विस्फोट 14 मई की रात भारतीय समय के अनुसार 10.25 बजे रिकार्ड किया गया। डॉ. वहाब ने बताया कि आठ साल बाद यह सबसे बड़ी ज्वाला है। 2017 मे एक्स 9.3 श्रेणी की ज्वाला भड़की थी।

यह ज्वाला सौर चक्र 24 की सबसे बड़ी सौर ज्वाला थी। जिसकी गति 497 किमी प्रति सेकंड थी। इस विस्फोट से निकले सौर तूफान से रडार, जीपीएस और उपग्रह संचार सहित संवेदनशील रिसीवरों मे व्यवधान उत्पन्न हुआ था। जिसका असर अमेरिका , पूर्वी प्रशांत और उत्तरी अटलांटिक में रेडियो सिग्नल में देखने को मिला था।

### 15 दिन में 16 भयानक विस्फोट हुए

**नैनीताल।** डा वहाबउद्दीन के अनुसार सूर्य के सतह पर 1 से 15 मई के बीच रिकॉर्डतोड़ विस्फोट दर्ज किए गए हैं। जिनमें 100 से अधिक एम-क्लास और 16 एक्स-क्लास की ज्वाला शामिल हैं। जिनसे पृथ्वी के दिशा निर्देशित सीएमई यानी भू चुम्बकीय तूफान उठे हैं। जिनमें से कुछ शक्तिशाली सौर तूफान उठे हैं। 10 मई को ऐतिहासिक जी5 श्रेणी का बेहद शक्तिशाली भू-चुंबकीय तूफान का उत्पादन हूआ। इसका असर भारत के लदाख क्षेत्र में ऑरोरा के रूप में देखने को मिला है।

### स्वीडन में बिजली गुल, द. अफ्रीका में हुए ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

**नैनीताल।** पिछली बार पृथ्वी पर जी 5 श्रेणी का भयानक भू-चुंबकीय तूफान अक्टूबर 2003 में आया था। विस्फोट से उठी ज्वाला को एरीज से रिकार्ड किया गया था। इस तूफान को हैलोवीन तूफान नाम दिया गया था। जीसस स्वीडन में बिजली गुल हो गई और दक्षिण अफ्रीका में ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए।

## मस्जिद में विस्फोट चार बच्चों सहित 24 लोग घायल

**अबुजा।** नाइजीरिया के कानो राज्य में बुधवार सुबह एक व्यक्ति द्वारा मस्जिद पर किये गये विस्फोट में चार बच्चों सहित कम से 24 नमाजी घायल हो गये। पुलिस के प्रवक्ता अब्दुल्लाही हारुना ने एक बयान में बताया कि इलाके के ही रहने वाले 38 वर्षीय संदिग्ध ने कानो के दूर-दराज के गदान गांव में स्थित मस्जिद में हमला करने के अपने जुर्म को कबूल लिया। उसंदिग्ध ने लंबे अरसे से चली आ रही पारिवारिक मतभेदों के कारण इस घटना को अंजाम दिया।

हारुना ने बताया कि शुरुआती फॉरेंसिक जांच में सामने आया कि विस्फोट गैस रिसाव के कारण हो सकता है लेकिन जांच अभी जारी है। पुलिस ने इलाके को घेर लिया और घायलों को तुरंत राजधानी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। द डेली ट्रस्ट समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, नमाजी मस्जिद के भीतर बंद हो गये थे।

# भारत के सहयोग से श्रीलंका लगाएगा छोटे हथियारों की निर्माण इकाई

कोलंबो, एजेंसी



● श्रीलंका के रक्षा मंत्री प्रेमिता बंदारा तेन्नाकून ने कहा- भारत से बातचीत जारी

श्रीलंका अपने यहां छोटे हथियारों की एक निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए भारत के साथ बातचीत कर रहा है जिससे दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और मजबूत होगा। श्रीलंका के रक्षा मंत्री प्रेमिता बंदारा तेन्नाकून ने बुधवार को यह जानकारी दी। तेन्नाकून ने कहा हम हमारे भारतीय समकक्षों के साथ संपर्क में हैं, भारत से सीखने के लिए बहुत कुछ है।

सैन्य उद्योग में एक संयुक्त उपक्रम के लिए चर्चा जारी हैं। अप्रैल की शुरुआत में यहां हुए भारत-श्रीलंका रक्षा सहयोग के दूसरे सेमिनार के बाद यह चर्चा हो रही है। कोलंबो में भारतीय राजदूत संतोष झा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय रक्षा उद्योग आज अत्याधुनिक हथियारों, उन्नत प्रौद्योगिकियों और विश्व स्तरीय उपकरणों से लैस है। इनमें से कुछ जो प्रमुख हैं, उनमें लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर से लेकर नौसैनिक पोत, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली से लेकर साइबर सुरक्षा समाधान और छोटे हथियारों से लेकर लंबी दूरी तक मार करने वाली हथियार प्रणाली शामिल हैं। झा ने कहा कि श्रीलंका जैसे अपने मित्र देशों को ये क्षमताएं उपलब्ध कराने के लिए भारत इच्छुक है।

## नेपाल-भारत के बीच सहयोग को बढ़ाने में मदद करेंगे सलाहकार

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को बेहतर बनाने के लिए एक सलाहकार तंत्र स्थापित किया गया है। उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि इस तरह के तंत्र पारस्परिक सहयोग और साझेदारी को बेहतर बनाते हैं। द हिमालयन टाइम्स अखबार ने बुधवार को श्रेष्ठ के हवाले से कहा व्यापार और आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए सीमा पार संपर्क को सुदृढ़ किया जा रहा है। श्रेष्ठ ने यहां मंगलवार को नेपाल-इंडिया रिलेशन प्रोस्पेक्ट्स एंड पाथवेज शीर्षक से अयोजित व्याख्यान के तीसरे संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए एक सलाहकार तंत्र स्थापित किया गया है। यह तंत्र पारस्परिक सहयोग और साझेदारी को बेहतर बनाएगा।